माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 166, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

## यूपी बजट 2024-25

# मुख्यमंत्री योगी का महाबजट

*लगभग 25 हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्तर प्रदेश के लिए उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का वार्षिक मेगा बजट सोमवार को सामने आ गया। लोकसभा चुनाव से पहले 80 संसदीय सीट वाले राज्य के अब तक सबसे बड़े बजट में महिला, युवा, किसान, रोजगार सृजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, धार्मिक स्थलों पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने शेर-ओ-शायरियां करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। प्रस्तुत बजट की व्याख्या एक लाइन में समझें तो इसमें प्राचीनता के साथ आधुनिकता का समावेश कर उप्र. को विकास की दौड़ में आगे लाने की मंशा दिखती है।*



<< बजट पेश करने विधानसभा जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बजट के खास पहलुओं को देखें तो पाते हैं कि, लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर लगभग 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित की जायेगी। इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सरकार ने हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ चार हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है जिसके अन्तर्गत संस्था द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलाजी परियोजना में निवेश किया जायेगा।

वहीं, शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरु किया जा रहा, इसके लिये 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। इसके तहत अपना व्यवसाय शुरु करने के लिए अधिकतम पांच लाख तक की ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

बजट में 195 करोड़ रुपए से खेल सुविधाओं का विकास करने की भी व्यवस्था है। खेल अवस्थापना सुविधाओं के लिए बजट में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए निजी सहभागिता से भी खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं,1.50 लाख रुपए के मानदेय पर 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की रास्ता खोला गया है।

**07** लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का बजट पेश

**60** साल पूरा करने के बाद महिला-पुरुष किसानों को तीन हजार रुपए पेंशन

**25** हजार करोड़ की नयी योजनाओं के साथ उत्सव, उद्योग और उम्मीदों का बजट

**3.46%** राजकोषीय घाटा के साथ बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपये की नई योजनाएं शामिल

### आस्था, अन्त्योदय व अर्थव्यवस्था को समर्पित बजट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत होने के बाद विधान भवन स्थित तिलक हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बजट आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है। बजट में बढ़ोत्तरी डबल इंजन सरकार की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के विजन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। उनहोंने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन तथा 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। बीते 7 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

### सपने दिखाने वाला बजट: अखिलेश



विधानसभा में सोमवार को प्रस्तुत 2024-25 के बजट को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ये दिल्ली वाले और लखनऊ वाले केवल बड़े-बड़े सपने दिखा रहे हैं। पत्रकारवार्ता करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का ये बजट केवल 10 प्रतिशत लोगों के लिए है। 90 प्रतिशत लोगों को मायूसी हाथ लगी है। उन्होंने कहा, इस बजट से गैर बराबरी बढ़ेगी।

### चुनावी हित ज्यादा : मायावती



वर्ष 2024-25 का बजट पार्टी के चुनावी हित का ज्यादा और व्यापक जनहित व जनकल्याण का कम लगता है। विभिन्न घोषणाएं, वादे और दावे अपनी जगह, पर क्या विकास सम्बंधी सरकार के पिछले सारे वादे पूरे हो गये हैं, इसका भी मूल्यांकन जरूरी है। सरकार सर्वसमाज के हित, विकास व कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जितने में भी दावे व वादे बजट में करती है, उसका सही से अनुपालन जरूरी है।

## बजट में क्या-क्या खास

- युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण
- रोजगार प्रोत्साहन कोष का गठन, जिसमें ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप की व्यवस्था
- वाराणसी में राजकीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना, 2 मेगा राजकीय आईटीआई की स्थापना
- 69 आईटीआई के अपग्रेडेशन, स्पोर्ट साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष की स्थापना, 22 हजार मिनी आंगनवाड़ी केंद्र को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में डेवलप किया जाना
- 46 साल बाद प्रदेश के अंदर नया शहर बनेगा, जो कानपुर और झांसी के बीच होगा
- स्पिरिचुअल टूरिज्म जिसमें अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिष, विंध्याचल, देवीपाटन और बरेली में नाथ कॉरीडोर की थीम पर आधारित इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास
- प्रयागराज में कुंभ संग्रहालय और आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के लिए धनराशि की व्यवस्था
- अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध केंद्र की स्थापना
- कृषि एक प्राथमिक सेक्टर में किसानों के लिए मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, राज्य कृषि योजना भी प्रस्तावित
- निजी नलकूप किसानों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया
- ग्लोबल वार्मिंग से कृषि को प्रभावित होने से बचाने के लिए ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना
- लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर 1500 एकड़ में एयरो सिटी विकसित होगी
- इसमें 7 सितारा होटल, पार्क, विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर जैसी सुविधायें रहेंगी
- हीरो फ्यूचर एनर्जीज के साथ 4 हजार करोड़ रूपये के निवेश का एमओयू से नवीकरणीय ऊर्जा एवं क्लीन टेक्नोलॉजी परियोजना में निवेश

## मेगा बजट में किस विभाग को क्या और कितना मिला

राज्य सरकार ने 2024-25 के पेश बजट में लगभग हर क्षेत्र के लिए कुछ ना कुछ घोषणाएं की। एक नजर में समझिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा, रोजगार, पर्यटन, उद्योग, महिला बाल विकास आदि क्षेत्र में आम जनता को क्या-कितना मिला है।

**575** करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड को



- सौर ऊर्जा नीति2022 के तहत अगले पांच साल में 22000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य। 2017 में 288 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं थीं, जो अब लगभग 2600 मेगावॉट है।
- 2600 करोड़ महाकुम्भ मेला-2025 के लिए, 100 करोड़ अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए
- 575 करोड़ पूर्वांचल विकास निधि में, 425 करोड़ बुंदेलखंड विकास निधि में
- डार्क जोन में नए निजी नलकूप कनेक्शन देने पर प्रतिबंध हटाए जाने से करीब एक लाख किसानों को मिलेगा सीधे लाभ।
- 14 जिलों में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन। 16 असेवित जिलों में निजी निवेश से मेडिकल कॉलेज बनाया जाना प्रस्तावित।
- राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रामा सेंटर लेवल-2 को ट्रामा सेंटर लेवल-एक में 100 बेड व एपेक्स ट्रामा सेंटर में दो सौ बेड से उच्चीकृत करने के लिए तीन सौ करोड़ की व्यवस्था।
- गर्मी में लगातार बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है, जो वर्तमान वर्ष की तुलना मंज 33 प्रतिशत अधिक।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयुष विभाग के तहत गोरखपुर स्थित महायोगी गुरु गोनखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण पूरा करने तथा अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नए शहर प्रोत्साहन के तहत टाउनशिप विकसित करने के लिए वर्ष 2024-25 को बजट में 3000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित।
- आगरा मेट्रो रेल परियोजना में उप्र के अंश के रूप में 346 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित।
- पीएम आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 2441 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित।
- बुंदेलखंड में नए औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का गठन कर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अनुरूप बुंदेलखंड में भी औद्योगिक, वाणिज्यिक और आवासीय टाउनशिप विकसित करने की योजना।
- आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में अध्यनरत खिलाड़ियों की ट्रेनिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की डेढ़ लाख रुपए मानदेय की व्यवस्था।
- गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के 2057 करोड़ 76 लाख की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो कि वर्तमान वर्ष की तुलना में दोगुने से अधिक है।
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- गत वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19 .2 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी।
- पारेषण तंत्र की कुल क्षमता जो वित्तीय वर्ष 2016-17 में 16,348 मेगावॉट थी, जिसे 2022-23 में बढ़ाकर 28,900 मेगावॉट रही 2023-24 में इसे बढ़ाकर 31,500 मेगवॉट करने का लक्ष्य।
- जल जीवन मिशन के लिए 22 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई प्रस्तावित। इसमें से दो हजार करोड़ रुपये अनुरक्षण मद के लिए निर्धारित।
- अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम की स्थापना व उसके विस्तार के लिए 150 करोड़ की व्यवस्था हुई प्रस्तावित।
- उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के तहत गंभीर अपराधों से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को एक लाख से 10 लाख रुपये तक की दी जाएगी आर्थिक क्षतिपूर्ति।
- महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा को देखते हुए सेफ सिटी परियोजना के तहत महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे तथा लाईट लगवाना। डार्क स्पाट्स-हॉट प्वाइंट्स का चिन्हीकरण, पिंक बूथों की स्थापना, बस व टैक्सियों में पैनिक बटन लगवाने की व्यवस्था।

### नगर विकास

### 2500 करोड़ से होगा महाकुंभ का आयोजन





अगले साल प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने नगर विकास के माध्यम से 2500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस राशि के जरिए नगर विकास विभाग विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगा। इसके अलावा सरकार ने महाकुंभ के आयोजन के लिए संस्कृति विभाग को भी 100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट दिया है, जिससे महाकुंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

- **विश्वस्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगी सरकार**
- **महाकुंभ में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 100 करोड़ रुपये का भी आवंटन**



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 6 फरवरी 2024




# युवा उद्यमी विकास अभियान

## नई योजना का आगाज

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था

## शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को प्रोत्साहन, पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त कर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को नया उपहार दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट में बताया कि प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नये सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। नए सूक्ष्म उद्मों की स्थापना के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने के उददेश्य से योगी सरकार द्वारा नई पहल की जा रही है।

वित्त मंत्री ने सदन में बताया कि योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजना को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। इस स्वरोजगार मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष 1,00,000 इकाइयों-यूनिट्स को वित्त पोषित कर आगामी 10 वर्षों में एक मिलियन यूनिट्स को सीधे लाभान्वित किया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/ डिग्री युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी।

योजना के अंतर्गत प्रथम लोन के भुगतान के बाद इकाई द्वितीय स्टेज वित्तपोषण के लिए पात्र होगी। इसके अंतर्गत पहले स्टेज के लोन के दोगुना, अधिकतम-7.50 लाख तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के लिए भी अनुदान की व्यवस्था की गई है।



**01** लाख इकाइयां वित्त पोषित होंगी। आगामी 10 वर्षों में 10 लाख का लक्ष्य

**05** लाख रुपये तक की परियोजना लागत वाली सूक्ष्म इकाइयां पात्र होंगी

**07** लाख पचास हजार तक का कंपोजिट लोन दिया जा सकेगा














**4** हजार करोड़ रुपये पीएमएवाई के लिए आवंटित। नगर विकास विभाग को बजट में 25,698 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

**01** अरब रुपये कृषि क्षेत्र में नए कोर्सों के लिए प्रस्तावित। महात्मा बुद्ध कृषि विवि की स्थापना को 100 करोड़ का प्रस्ताव।

**01** हजार करोड़ से खत्म होगी बाढ़ और जलभराव की समस्या। वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई अमृत 2.0 योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था।

### महामारी के बाद, निरंतर 14 प्रतिशत से अधिक का आर्थिक विकास




## मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना समेत कई योजनाएं होंगी शुरू

**कृषि-किसान**

**लखनऊ, अमृत विचार :** कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए नये वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना व राज्य कृषि विकास योजना समेत कई योजनाएं शुरू होंगी। कृषि बजट में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राज्य कृषि विकास योजना, विश्व बैंक सहायतित एग्रीज योजना व प्रदेश के विकास खंडों-ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन-ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की जाएगी। इन योजनाओं के लिए क्रमश: 200-200 करोड़ रुपये व 60 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल कृषि क्षेत्रफल 241.70 लाख हेक्टेयर है, जिसमें 160 .95 लाख हेक्टेयर में खेती की जा रही है। सरकार ने प्रदेश में कृषि क्षेत्र की विकास दर 5 .1 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। कृषकों के निजी नलकूपों को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 2400 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

# युवाओं के लिए ओडीओपी के अनुरूप कोर्स चलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**कौशल विकास**

**अमृत विचार:** युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए राज्य सरकार ने व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास के तहत कई प्राविधान किए हैं। इसके तहत व्यावसायिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु व्यावहारिक या वोकेशनल ओरिएंटेशन कार्यक्रम तथा माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए विद्यालयों को हब एवं स्पोक्स मॉडल के रूप में विकसित करते हुए ओडीओपी के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की योजना है।

इसके तहत राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से 12वीं उत्तीर्ण करने पर यूपी बोर्ड के प्रमाण-पत्र के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में माध्यमिक स्तर के 804 राजकीय एवं 729 सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रवीण योजना के तहत 301 राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ सर्टिफिकेशन की व्यवस्था है। उच्च शिक्षा संस्थानों में भी कौशल आधारित पाठ्यक्रम के लिए 113 महाविद्यालयों का चयन किया गया है।

**150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बनेंगी आधुनिक लैब:** विद्यार्थियों के कौशल प्रशिक्षण के क्रेडिट उनके क्रेडिट बैंक में सम्मिलित किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। टाटा टेक्नोलोजीज के सहयोग से 150 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक कार्यशालाओं एवं कक्षा का निर्माण अंतिम चरण में है।

# 1950 करोड़ से रुपये से होगा प्रदेश में खेल सुविधाओं का विकास

**खेल बजट**



**लखनऊ।** प्रदेश में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने बजट में अनेक प्राविधान किए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्राविधान विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापनाओं के विकास से जुड़ा है, जिसके लिए 1950 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 67 प्रतिशत अधिक है। इसके अतिरिक्त योगी सरकार ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता को देखते हुए 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख प्रतिमाह मानदेय पर प्रशिक्षण के लिए आबद्ध किए जाने की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। स्पोर्टस साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना के लिए 12 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके माध्यम से खिलाड़ियों की चोट का समुचित इलाज संभव हो सकेगा।

## ऊर्जा: गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए दो हजार करोड़ की व्यवस्था

**लखनऊ, अमृत विचार :** गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बजट में दो हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। पिछले साल की तुलना में यह 33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही, निजी नलकूप उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बिजली आपूर्ति के लिए 1800 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। यह चालू वित्तीय वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। बजट में बिजली के पारेषण तंत्र को मजबूत करने पर खासा जोर दिया गया है। नये वित्तीय वर्ष में पारेषण तंत्र की क्षमता बढ़ाकर 31,500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य है।

## परिवहन : बसों का बेड़ा बढ़ाने को 500 करोड़

**लखनऊ अमृत विचार :** बस यात्रियों को सस्ती एवं गुणवत्ता पूर्ण यात्रा सुलभ कराने के उद्देश्य से सरकार ने बस बेड़ो में वृद्धि के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश की महिला यात्रियों को निगम बसों में नि :शुल्क यात्रा प्रदान की जा रही है। वर्ष 2017 से वर्ष 2023 तक 1 .03 करोड़ से अधिक महिला यात्रियों को नि :शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की गई है। निर्भया योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए 50 वातानुकूलित पिंक सेवाएं संचालित हैं, जिसमें महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु सभी बसों में पैनिक बटन स्थापित है। किसी भी आपदा की स्थिति में यात्रारत महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस की डायल 112 सेवा के निरंतर संपर्क में रहती है।

## बेसिक के बच्चों की ड्रेस-बैग के लिए 1000 करोड़

**बेसिक शिक्षा**

बेसिक शिक्षा के तहत योगी सरकार ने कक्षा- एक से आठ तक अध्ययनरत लगभग 2 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए नि :शुल्क स्वेटर एवं जूता-मोजा उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ तथा स्कूल बैग हेतु 350 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। बेसिक शिक्षा के तहत छात्र/ छात्राओं के लिए यूनीफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिए क्रय प्रक्रिया को बंद करते हुए डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपये प्रति बच्चे की दर से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में हस्तान्तरित की जा रही है। इसके अलावा, वंचित एवं दुर्बल वर्ग के 2 लाख से अधिक बच्चों को वित्तीय वर्ष 2024-2025 मे प्रवेश दिलाए जाने का लक्ष्य है, जिसके लिए 255 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी के साथ ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वनटांगिया गांवों में 36 प्राथमिक विद्यालयों के संचालन के 144 पद सृजित किए गए हैं तो गरीबी रेखा से ऊपर के लगभग 30 लाख छात्रों को नि :शुल्क यूनिफार्म वितरण के लिए 168 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

## तकनीक पर जोर, निजीकरण को प्रोत्साहन

**माध्यमिक शिक्षा**

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में कई प्राविधानों की घोषणा की। इसमेंमाध्यमिक शिक्षा में आईसीटी लैब की व्यवस्था के साथ उच्च और प्राविधिक शिक्षा के तहत नए विश्वविद्यालय और राजकीय पॉलीटेक्निक के निर्माण की ओर ध्यान दिया गया है। सरकार का जोर तकनीकि के साथ निजाकरण पर ज्यादा दिखा। माध्यमिक शिक्षा के तहत, 2024-2025 तक प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं से लैस किए जाने एवं प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास तथा आईसीटी लैब की व्यवस्था किए जाने के लिए समग्र शिक्षा योजना के तहत 516 .64 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के लिए 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यही नहीं, नए राजकीय संस्कृत विद्यालयों की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। राजकीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रावास एवं मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 .46 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं, सैनिक स्कूल, गोरखपुर के संचालन के लिए 4 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

## प्रत्येक राज्य विवि को मिलेगा 51.20 करोड़

**उच्च शिक्षा**

**लखनऊ, अमृत विचार :** उच्च शिक्षा में विंध्याचल धाम मंडल में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद मंडल मे एक राज्य विश्वविद्यालय तथा देवी पाटन मंडल में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय हेतु 51.20 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए 30 करोड़ रुपये , नए राजकीय महाविद्यालयों की स्थापना तथा राजकीय महाविद्यालयों के निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण किए जाने के लिए 55 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। दूसरी तरफ, प्राविधिक शिक्षा के तहत, प्रदेश में डिप्लोमा स्तरीय 169 संस्थाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## अयोध्या एयरपोर्ट का होगा विस्तार जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी बजट में प्राविधान किये गये हैं। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) तथा राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति के तहत धन खर्च किये जाने हैं। बजट में इस बात का भी उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19 .2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के लिए चयनित एयरपोर्ट्स अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट विकसित तथा म्योरपुर (सोनभद्र) व सरसावा (सहारनपुर) के एयरपोर्ट्स का कार्य गतिमान है। इसके अलावा अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्या धाम' के विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ हवाई पट्टियों के निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण एवं भूमि अर्जन के लिए 1100 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के जेवर में अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कार्य एवं भूमि क्रय के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था भी बजट में की गई है।



**नजरिया**

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति से यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर

# श्रीराम को समर्पित बजट में लोकसभा चुनाव की छाप

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ की रणनीति की बदौलत देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश अब वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। बजट का सबसे खास पहलू यह है कि योगी सरकार ने अपना यह बजट मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लोकमंगलकारी भावना को समर्पित किया है। स्वाभाविक है कि भगवान राम को समर्पित बजट से योगी के रामराज्य के संकल्प को आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

वैसे आसान भाषा में समझने के लिए वन ट्रिलियन का मतलब दस खरब रुपये और वन ट्रिलियन डॉलर मतलब करीब 830 खरब रुपये की अर्थव्यवस्था से है। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की अर्थव्यवस्था दुनिया की टॉप अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाती है। शायद इसीलिए योगी सरकार ने बजट में एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सांख्यकीय प्रणालियों



(एसएसएस) की मजबूती एवं ऑनलाइन डेटा स्टोरेज और क्लाउड स्टोरेज की सुविधाओं की स्थापना का ऐलान किया है।

इसमें कोई शक नहीं कि यूपी की अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन डॉलर होने का संकल्प पूरा होगा। योगी सरकार ने वर्ष-2024-25 का अब तक सबसे बड़ा बजट पेश करके इस दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा पेश सात लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये (7,36,437.71 लाख रुपये) का बजट ऐतिहासिक है।



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

बजट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि समाज के सभी वर्गों के कल्याण के साथ-साथ राज्य के विकास पर फोकस किया गया है। कुछ लोकलुभावन घोषणाओं से बजट में आगामी लोकसभा चुनाव की छाप भी नजर आती है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाओं की बजट में व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से एक ओर जहां मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है, वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए कल्याण कोष का गठन करके सरकार ने बुजुर्गों की दुआएं हासिल करने की व्यवस्था की हैं।

बजट में अयोध्या, काशी, मथुरा,-वृंदावन के साथ साथ नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, देवापाटन धाम, और नाथ कोरिडोर बरेली में थीम आधारित बुनियादी ढांचे के विकास से यहां श्रद्धालुओं और धार्मिक पर्यटको खासी सुविधाएं मिल सकेंगी। ऐसा करके योगी सरकार ने विकास और धर्म के समन्वय का एजेंडा तैयार कर दिया है। इस तरह की दृढ़ इच्छा योगी सरकार ने कई विकास और धार्मिक योजनाओं में दिखाई है, जिसके बल पर योगी सरकार निश्चित रूप से आगामी वर्षों में वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने सफल हो सकेगी।

माघ कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
मंगलवार, 6 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 166, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड 16
नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा 15

meenakshi
मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती


होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो0: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।
!!जय माता दी!!
समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।
सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

## एक नजर

### डीआरडीओ ने किया अभ्यास यान का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) - अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किए गए। ये परीक्षण चार अलग-अलग मिशन उद्देश्यों जैसे बूस्टर की सुरक्षित रिहाई, लॉन्चर क्लीयरेंस और लॉन्च वेग की गति के संबंध में किए गए।

### ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को राज्यसभा में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का साफ्टवेयर सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि इसके प्रति आम जनता का भरोसा कम हो रहा है। कांग्रेस के सदस्य दिग्विजय सिंह ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि ईवीएम के प्रति लोगों में भरोसा कम हो रहा है। चुनाव आयोग ने 28 राजनीतिक दलों को मिलने का समय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि देश में वोट डालने का मकसद खत्म हो रहा है। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग को ईवीएम का साफ्टवेयर सार्वजनिक करना चाहिए। वोटर यह अधिकार है।

# विपक्ष ने लिया है लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहने का संकल्प

**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 14 घंटे तक चली चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब**

**कहा-विपक्ष की वर्तमान में जो हालत है इसके लिए कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी दोषी**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर देश की बदहाली और भ्रष्टाचार को महिमामंडित करने का आरोप लगाया और कहा कि वह विपक्षी 'नामदारों' के ताने सुनते रहेंगे लेकिन कामदारों के साथ देश को आगे बढ़ाने, भ्रष्टाचार से लड़ने में लगे रहेंगे। मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर करीब 14 घंटे तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर प्रहार किए और कटाक्ष किया कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से विश्वास हो गया है कि उसने अरसे तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है। मोदी ने यह भी दावा किया कि अगले लोकसभा चुनावों में राजग को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी लेकिन भाजपा को भी 370 सीटें अवश्य प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि देश के लोगों को पंडित जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस की गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है और हम इसे सुधारने के लिए काम करते रहेंगे क्योंकि हमारे लिए 'राष्ट्र प्रथम' है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह बहुत बड़ा अवसर और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ने का मौका है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी सबसे बड़ी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस को एक अच्छा विपक्ष बनने का बहुत बड़ा अवसर मिला था, लेकिन 10 वर्षों में ये उस दायित्व को निभाने में भी विफल हो गए।



### पूरा देश कह रहा...अबकी बार 400 पार

मोदी ने कहा कि दूसरे कार्यकाल में देश की जनता की बहुत पुरानी आकांक्षाओं को पूरा किया। अनुच्छेद 370 को हटते देखा। नारीशक्ति वंदन अधिनियम लाए। अंतरिक्ष से ओलंपिक तक और सशस्त्र बलों से लेकर संसद तक नारीशक्ति की धूम है। अंग्रेजी सरकार के दंडात्मक कानून खत्म करके न्याय संहिता को लाया गया। अयोध्या में भगवान अपने घर में लौटे हैं। अब हमारी सरकार का तीसरा कार्यकाल भी बहुत दूर नहीं है। पूरा देश कह रहा है... अबकी बार 400 पार।

### गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे कांग्रेस : शर्मिष्ठा मुखर्जी

जयपुर। राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। शर्मिष्ठा ने विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है। लेकिन इस उपस्थिति को कैसे मजबूत करना है? ये सवाल है। लेकिन इस पर विचार करना कांग्रेस नेताओं का काम है।

### देंगे विकसित भारत के निर्माण को रफ्तार

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के 2014 के अंतरिम बजट के भाषण के हवाले से कहा कि भारत के 11वीं अर्थव्यवस्था बनने पर कांग्रेस को गर्व था लेकिन आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने का मजाक उड़ाती है। दावा किया कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, यह मोदी की गारंटी है। कहा कि तीसरे कार्यकाल में हम विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे।

**सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर के पास हुई दुर्घटना**

# कानपुर देहात में सड़क हादसा छह की मौत, दो बच्चे घायल

- पलटने के बाद खुले पड़े नाले में गिरी तेज रफ्तार कार
- इटावा से तिलक चढ़ाकर लौट रहे थे कार सवार लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** सिकंदरा थाना क्षेत्र जगन्नाथपुर गांव के पास सोमवार की भोर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुए लोग इटावा में तिलक चढ़ा कर गांव लौट रहे थे।

कानपुर देहात के डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज कुमार की बेटी की शादी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप गांव में तय हुई है। रविवार को परिवार और खास नाते-रिश्तेदार तिलक चढ़ाने के लिए इटावा गए थे। इटावा के गेस्ट हाउस में तिलकोत्सव निपटाने के बाद देर रात सभी लोग गांव लौट रहे थे। सोमवार की भोर में कार सवार लोग सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास पहुंचे, तभी उनकी तेज रफ्तार डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी।

नाले में कार गिरने से उस पर बैठे सभी लोग दब गए। जब कुछ लोग उधर से गुजरे तो नाले में कार पलटी देख पुलिस को सूचना दी। सिकंदरा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे आठ लोगों को बाहर निकालकर सिकंदरा सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया, गंभीर रूप से घायल दो बच्चों को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।हादसे में मुर्रा गांव के रहने वाले कार चालक विकास (42), खुशबू (17), प्राची (13), संजय उर्फ संजू (55), प्रतीक (10) और शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरी सवाई निवासी गोलू (16) की मौत हुई है। वहीं मुर्रा गांव के विराट (18) और वैष्णवी (16) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।




दुर्घटनास्थल पर जानकारी करते पुलिस अधीक्षक।

### गम के माहौल में आज पड़ेंगी भांवरें

घर में शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, इस लिहाज से परिवार ने नियत कार्यक्रम के अनुसार ही शादी करने का फैसला लिया है। मंगलवार को गम के माहौल के बीच सुगम शर्मा की भांवरें पड़ेंगी। परिवार के लोगों का कहना है कि नाते-रिश्तेदारों और वर पक्ष के लोगों से सलाह-मशविरा करने के बाद छह फरवरी को ही शादी की रस्मे पूरी करने का फैसला लिया गया है। शादी तो होगी, मगर खुशियां दूर-दूर तक नहीं दिखेंगी।

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट सख्त**

# हम हैरान हैं, यह तो लोकतंत्र का माखौल

नई दिल्ली, एजेंसी

चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को कथित तौर पर विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का माखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनावी कार्यवाही का वीडियो देखने के बाद नाराजगी जताई और कहा कि प्रथम दृष्टया, निर्वाचन अधिकारी ने मत पत्रों को विरूपित किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह लोकतंत्र का माखौल है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह हत्या नहीं करने देंगे। पीठ ने आदेश दिया कि मत्र पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग संरक्षित रखी जाए। आप के एक पार्षद ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चंडीगढ़ महापौर चुनाव नए सिरे से कराने के पार्टी के अनुरोध पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 12 वोट मिले थे। वहीं, आठ वोट को अवैध घोषित कर दिया गया था।



- मत पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग सुरक्षित रखने के निर्देश
- आप के पार्षद ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

### न्याय की मांग को लेकर आप ने किया विरोध प्रदर्शन

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने मेयर चुनाव में हुई धांधली के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि इस मामले में न्याय मिलने तक पार्टी भूख हड़ताल और विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। चंडीगढ़ के सह-प्रभारी डॉ. सनी अहलूवालिया ने कहा कि पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं पर एक बार फिर बल प्रयोग किया और प्रदर्शन खत्म कराने के लिए आप नेताओं को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि वे हमें डरा नहीं सकते। वे हमें हमारे लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि हमने प्रशासन से अनुरोध किया है कि भूख हड़ताल करने वाले हमारे केवल पांच लोग (चार कार्यकर्ता और एक पार्षद) सेक्टर 17 में नगर निगम भवन के सामने बैठेंगे।

# 5 वर्ष होगा लोकायुक्त व उप लोकायुक्त का कार्यकाल

- योगी कैबिनेट ने आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का किया फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त का कार्यकाल आठ वर्ष से घटाकर पांच वर्ष करने का फैसला किया है। इस संशोधन के लिए विधेयक लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-42, सन् 1975) में लोकायुक्त और उप लोकायुक्त के निर्धारित पांच वर्ष के कार्यकाल को अपरिहार्य विशिष्ट परिस्थितियों तथा कार्यहित में छह जुलाई 2012 की अधिसूचना द्वारा संशोधित करते हुए आठ वर्ष निर्धारित किया गया था। कैबिनेट ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य व कार्यहित को देखते हुए आठ वर्ष का कार्यकाल अत्यधिक होने के कारण इसे लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम-2013 के सामान कार्यकाल पांच वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु जो पहले हो, का प्राविधान करने का फैसला किया। इसके लिए अब उत्तर प्रदेश लोकायुक्त व उप लोकायुक्त (संशोधन) विधेयक 2024 लाया जाएगा। कैबिनेट ने फैसला लिया कि उत्तर प्रदेश लोकायुक्त तथा उप लोकायुक्त अधिनियम-1975 में संशोधन करने के लिए विधेयक विधान मंडल में प्रस्तुत किया जाएगा।

### चार निजी विश्वविद्यालय की स्थापना को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की निजी क्षेत्र में चार विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय उन्नाव, बोधिसत्व विश्वविद्यालय बाराबंकी, राधा गोविंद विश्वविद्यालय चंदौसी, संभल और जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा के ग्रेटर नोएडा परिसर में दूरस्थ केंद्र की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने को मंजूरी दी।

### नए शहरी क्षेत्रों में विद्युतीकरण के लिए 498 करोड़

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक राज्य सरकार ने नए शहरों में विद्युतीकरण के लिए उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन को दूसरी किस्त का 498 करोड़ रुपये देने का फैसला किया है। नगर सृजन योजना के अंतर्गत 346 निकायों में 179 ऐसे हैंजो नए, विस्तार और उच्चीकृत की श्रेणी के नहीं हैं, लेकिन अब इनको भी शामिल करते हुए दूसरी किस्त का पैसा देनेका फैसला किया गया है।

**पर्यटन भूमि लीज के लिए बनेगी नीति :** कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कहा गया कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित सरकारी भूमि बैंक के भू-भाग को बाधामुक्त पट्टे की सुविधा के लिए यह नीति बनेगी। एक अन्य प्रस्ताव के तहत सिंचाई व जल संसाधन विभाग के निष्प्रयोज्य डाक बंगले निरीक्षण भवन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने का फैसला लिया गया है।

# सपा के 14 विधायक अयोध्या में राम मंदिर के समर्थन में नहीं

- सदन में श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को बधाई के प्रस्ताव पर सपा के कई सदस्यों की 'न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः विधानसभा में राम मंदिर पर सपा बंटी नजर आयी। 14 विधायक ऐसे भी सामने आए जो अयोध्या में नवनिर्माणाधीन राम मंदिर पर बधाई संदेश के समर्थन में नहीं हैं।

दरअसल, सदन में कार्यवाही के दौरान श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए पीएम नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया। इस पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा यह प्रश्न किया गया कि जो सदस्य इसके पक्ष में हो अपना हाथ उठाएं। इसके बाद जहां अधिकांश सदस्यों ने अपने हाथ समर्थन में उठाए वहीं, विपक्ष की ओर से बसपा उमाशंकर सिंह ने प्रस्ताव का समर्थन भी किया। इस दौरान सपा के भी अधिकांश सदस्यों ने हाथ खड़े किए। हालांकि, कई ऐसे सदस्य भी रहे जिन्होंने मंदिर के निर्माण के प्रस्ताव के समर्थन में हाथ खड़े नहीं किए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा यह प्रश्न किया गया कि जो सदस्य इसके पक्ष में नहीं है, वे 'न' कहें अथवा विरोध प्रदर्शित करें, इस पर विपक्ष के 14 सदस्यों ने अपने हाथ उठाए। विरोध दर्ज कराने वाले सपा सदस्य लालजी वर्मा, स्वामी ओमवेश, मनोज पारस सहित 14 विधायकों ने हाथ खड़े कर बधाई प्रस्ताव का विरोध किया।

**उपलब्धि** | **शंकर महादेवन, गणेश राजगोपालन, सेल्वागणेश को संगीत एल्बम के लिए मिला अवार्ड**

# ग्रैमी अवॉड्‌र्स 2024 में भारत ने दिखायी 'शक्ति', पांच भारतीयों ने जीते पुरस्कार

- तबला वादक जाकिर हुसैन को 3 और बांसुरी वादक राकेश चौरसिया को दो पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने संगीत के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित 'ग्रैमी अवॉड्‌र्स 2024' में अपना जलवा बिखेरा और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम के एक फ्यूजन संगीत समूह 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। 'शक्ति' का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम 'दिस मूमेंट' जून 2023 में रिलीज किया गया था।

संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉड्‌र्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता 'दिस मूमेंट' शक्ति को बधाई। हुसैन को शक्ति के अलावा 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और 'एज वी स्पीक' के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का अवार्ड भी मिला। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत श्रेणी में आठ नामांकन थे जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिखाई दिए हैं।



### प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं : हुसैन



महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'पश्तो' और 'एज वी स्पीक' के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते। उस्ताद जाकिर हुसैन ने 'पश्तो' के लिए पुरस्कार लेते वक्त कहा कि प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। कहा कि एकेडमी का शुक्रिया, हमें आज यह खूबसूरत संगीत देने के लिए इन सभी महान संगीतकारों का शुक्रिया।

### शंकर महादेवन ने पत्नी को दिया जीत का श्रेय



महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और जाकिर हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा कि हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। राजगोपालन ने इस पुरस्कार के लिए रिकॉर्डिंग एकेडमी का आभार जताया।

### 'शक्ति' के कलाकारों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन और गायक शंकर महादेवन सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर भारत को गर्व है। 'शक्ति' ने 'दिस मूमेंट' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता है।

### ग्रैमी में भारत पर पुरस्कारों की बारिश : एआर रहमान



स्लमडॉग मिलेनियर के लिए 2008 में दो ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले एआर रहमान ने इंस्टाग्राम पर हुसैन, महादेवन और सेल्वागणेश के साथ एक सेल्फी साझा की। जाने-माने संगीतकार रहमान ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है...ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई।





प्रस्तुत बजट सर्व समावेशी व विकास की राह दिखाने के साथ-साथ रामराज की परिकल्पना साकार करने वाला है। इससे विकास को गति मिलेगी, साथ ही, प्रदेश की आधारभूत संरचनाओं, बेहतर कनेक्टिविटी व युवाओं के लिए कौशल विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।
-आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल



विधान सभा में सत्र के दौरान वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कार्यवाही के दौरान मौजूद विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पक्ष-विपक्ष के अन्य सदस्य। अमृत विचार

## रामराज्य की ओर बढ़ चला प्रदेशः भूपेंद्र चौधरी



अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रदेशवासियों के लिए कल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश राम राज्य की ओर बढ़ चला है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बनाये गये रोड मैप की झलक है। बजट में गाँव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं का ख़ास ध्यान रखा है। रोज़गार सृजन के साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और उनको सशक्त बनाने की भी बात बजट में की गई है। गरीब कल्याण को समर्पित इस बजट ने समाज के सभी वर्गों की चिंता की है। प्रदेश सरकार ने कुल बजट में 25 फ़ीसदी हिस्सा इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स पर लगाने की बात कही है। इससे न केवल राज्य में निवेश आएगा बल्कि लोगों को रोज़गार के लिए नये अवसर मिलेंगे। राजकोषीय घाटा कम कर सरकार 24 हजार करोड़ से ज्यादा की नई जनकल्याणकारी योजनाएँ भी प्रदेश सरकार शुरू करेगी। यह प्रशंसनीय है।

# मुख्यमंत्री ने बजट का आकार बढ़ाने में बनाया नया रिकार्ड

## वर्ष 2017-18 से लगातार बढ़ रहा प्रदेश का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2017-18 बजट में 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी
- वर्ष 2019-20 में बजट में 11.97 प्रतिशत की गई थी बढ़ोतरी

**अमृत विचारः** प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर वर्ष बजट के आकार में बढ़ोत्तरी हुई है।

योगी आदित्यनाथ के सत्ता संभालने के पहले साल में ही योगी सरकार ने 2017-18 बजट में कुल 10.87 प्रतिशत बजट में बढ़ोतरी की थी। जो कि 10.87 प्रतिशत बढ़कर तीन लाख चौरासी हजार छह सौ उनसठ करोड़ सतासी लाख रुपये (3,84,659.71) हो गया था। जबकि साल 2018-19 में 11.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बजट चार लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ चौरासी करोड़ बावन लाख रुपये (4,28,384.52) तक हो गया था।

साल 2019-20 में सरकार ने बजट में 11.97 प्रतिशत की और बढ़ोतरी की। इस वर्ष सरकार ने चार लाख उन्यासी हजार सात सौ एक करोड़ दस लाख रुपये (4,79,701.10) का बजट पेश किया। साल 2020-21 में महज 6.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ योगी सरकार ने पांच लाख बारह हजार आठ सौ साठ करोड़ बहत्तर लाख रुपये (5,12,860.72) का बजट पेश किया। अगले वर्ष सरकार ने 7.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए पांच लाख पचास हजार दो सौ अठहत्तर करोड़ अठहत्तर लाख रुपये (5,50,278.78) का बजट प्रस्तुत किया।

योगी आदित्यनाथ दोबारा बहुमत से सत्ता में वापसी के बाद उसी वर्ष 2022-23 बजट में 11.85 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब उप्र का बजट बढ़कर छह लाख पंद्रह हजार पांच सौ अट्ठारह करोड़ सत्तानवे लाख रुपये (6,15,518.97) हो गया। बजट 2023-24 में 11.85 प्रतिशत रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई और बजट का आकार छह लाख नब्बे हजार दो सौ बयालिस करोड़ तिरालिस लाख रुपये (6,90,242.43) तक पहुंच गया। अब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सोमवार को पेश किए गए 2024-25 के बजट में सरकार ने 6.7 प्रतिशत की बजट में वृद्धि के साथ अब तक यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट वित्त मंत्री ने सात लाख छत्तीस हजार चार सौ सैंतीस करोड़ इकहत्तर लाख रुपये (7,36,437.71) का पेश किया।


## डुबो देता है कोई नाम तक भी खानदानों का...

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** भारी-भरकम बजट प्रस्तुत करने के दौरान सदन का माहौल हल्का फुल्का करने के लिए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शायरी का सहारा लिया। बजट पढ़ते समय उनका शेरो-शायरी के तड़का सुनकर बीच-बीच में सदस्यों ने ठहाके भी लगाए। सुरेश खन्ना की सदन में कही गई चुनिंदा शेरो-शायरी कुछ इस तरह रहीं-

- बजट को उम्मीदें पूरा करने वाला बताते हुए उन्होंने शेर पढ़ा-
- हौसले दिल में जब मचलते हैं, आंधियों में चिराग जलते हैं।
- वहीं, चिकित्सा क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- मुक्त हूं कर्तव्य की चिन्ताओं से, दर्द से दु :ख से मुझे आराम है। हर किसी के वास्ते हर वस्तु है, यह हमारे ऐश्वर्य का पैगाम है।
- बुन्देलखण्ड क्षेत्र औद्योगिक विकास पर बात रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा-
- पैदा नजर-नजर में एक ऐसा मुकाम कर, दुनिया सफर करे तेरे दामन को थाम कर।
- गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को आवासीय सुविधा का जिक्र करने के दौरान उन्होंने कविता पढ़ी-
- आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है, ढ़ल गयी है आह भी संगीत में, जगमगाता है हृदय का अंधकार, कष्ट परिवर्तित हुए हैं गीत में।

### बजट में दिया गया विशेष ध्यान



फोकस
5,129 करोड़ पुष्टाहार कार्यक्रम के लिए
27,086 करोड़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए
13,000 करोड़ महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए

वित्तीय वर्ष 2024- 25 में इस तरह खर्च होगा बजट
2500 करोड़
- विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ प्रयागराज महाकुंभ का भी भव्य आयोजन
- 400 करोड़ वाराणसी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए

# विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रहीं: ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



**अमृत विचारः** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि साल 2017 से पहले की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। चिकित्सक अस्पताल जाते नहीं थे। दवाओं का अभाव था और मशीनें चलती नहीं थीं। आज हम विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को उपलब्ध करा रहे हैं। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रही है। सपा की मानसिकता दूषित हो चुकी है। उनके पास कोई एजेंडा नहीं है। यही कारण है कि उन्हें हर काम में नकारात्मकता नजर आती है।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में सिर्फ 17 मेडिकल कॉलेज थे। आज 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। हर मेडिकल कॉलेज में पैरा मेडिकल व नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि सभी मेडिकल कॉलेजों की क्लालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से ग्रेडिंग कराई जा रही है। प्रदेश में 25 हजार से अधिक सब सेंटर हैं। हर दिन सरकारी अस्पतालों में 1.75 लाख मरीजों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है।

पांच हजार से अधिक मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन होता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत अब तक 4.86 करोड़ लाभार्थियों का पंजीयन हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले 774 चिकित्सकों को चिन्हित किया है, उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की जा रही है।

### यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का बजट

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि देश व प्रदेश के सर्वांगीण विकास में इजाफा करने वाले इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उत्तर प्रदेश विकास संबन्धी हर क्षेत्र में नंबर एक की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से हमने गरीबी रेखा के नीचे रह रहे लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने में कामयाबी हासिल की है। विपक्ष पूरी तरह से डीरेल है। सपा नेताओं के पास कोई एजेंडा नहीं है। उनकी मानसिकता दूषित हो चुकी है। हर कार्य में उन्हें नकारात्मकता नजर आती है।

### उम्मीद रहित यथास्थितिवादी बजटःअजय राय



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश का बजट उम्मीद रहित यथास्थितिवादी है। बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शब्दों और जुमलों की बाजीगरी करता हुआ यह बजट प्रदेश के युवाओं को भ्रमित, पिछड़ों और अनुसूचित वर्गों से साथ छलावा, महिलाओं को निराश व किसानों को हताश करने वाला है ।उन्होंने कहा कि किसानों की हितैषी होने का दावा करने वाली सरकार का सच यह है कि प्रदेश की कृषक गृह (एग्रीकल्चर हाउसहोल्ड) की औसत मासिक आय 6668 है जो राष्ट्रीय औसत आय 8931 से 35 प्रतिशत कम है।

### बजट बड़ा, पर कुछ नया नहीं: आराधना मिश्रा



नेता कांग्रेस विधानमंडल आराधना मिश्रा ने कहा कि दल बजट बड़ा है, पर महत्वपूर्ण विभागों के लिए कुछ नया नहीं है। बजट का आकार और संख्या बड़ी होना बजट की सफलता की निशानी नहीं है, क्योंकि पिछले बजट को इसी तरह बड़ा बनाया गया था लेकिन 40 प्रतिशत विभागों ने अपना आवंटित बजट खर्च नहीं किया, जब पिछले बजट का आवंटन विभाग खर्च नहीं कर पाए तो बजट को खर्च किए बिना प्रदेश का विकास कैसे हो सकता है। बजट को सबसे बड़ा बढ़कर कीर्तिमान रचने की बात की जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि अधिकांश बजट में अधिकांश आवंटन सिर्फ पुरानी योजनाओं को लेकर ही है।

### आकार में बड़ा लेकिन जनता के लिए छोटा बजट : अनिल



रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है कि यह बजट केवल आकार में बड़ा है लेकिन किसानों, नौजवानों एवं आम जनता के लिए बहुत ही छोटा है। प्रदेश के किसान, नौजवान और आम नागरिक इस बजट में अपनी खुशियां ढूंढ रहे हैं लेकिन इस बजट में खुशियों की जगह सिर्फ निराशा ही मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आज तक नहीं समझ पाई है कि युवाओं और बेरोजगारों को क्या चाहिये। दरअसल भाजपा सरकार की रीति नीति जनविरोधी है, वह पूंजीपतियों के लिए 90 प्रतिशत बजट का प्रावधान करती है और बजट का कुल 10 प्रतिशत आम जनमानस के लिए होता है।

### आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा: अनुप्रिया



अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट प्रदेश के अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के सामाजिक व आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट वन ट्रिलियन डॉलर की मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश के बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों के कल्याण की व्यवस्था की गई है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि 7 .36 लाख करोड़ रूपये के उत्तर प्रदेश बजट में युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानो के कल्याण की व्यवस्था की गई है।

# 27 हजार करोड़ से संवरेंगी प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वेलनेस सेन्टर,केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की होगी स्थापित
- स्वास्थ्य, योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी मजबूती

**अमृत विचारः** प्रदेश में सस्ता व बेहतर इलाज के लिए बजट में विशेष व्यवस्था की गई है। योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग को 27 हजार 86 करोड़ का बजट दिया गया है। बजट से राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समेत तमाम योजनाओं को रफ्तार मिलेगी ।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं के लिए 7 हजार 350 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में हेल्थ वेलनेस सेन्टर केयर यूनिट व इन्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना के लिए 952 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गई है। साथ ही आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के लिए 300 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को 322 करोड़ रुपये दिये गये हैं। राज्य कर्मचारियों को निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज को विस्तार मिलेगा, इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना में 150 करोड़ का बजट मिलेगा। असाध्य रोगों की मुफ्त इलाज के लिए 125 करोड़ रुपये की व्यवस्था है।

**प्रदेश में खुलेंगे ग्रेड वन (एपेक्स)ट्रामा सेंटरः** प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में इमरजेंसी इलाज के लिए संचालित ग्रेड टू ट्रामा सेंटर को ग्रेड वन यानि एपेक्स ट्रामा सेंटर बनाया जाएगा। इसके बाद सुपर स्पेस्यलिटी विभागों के इलाज के साथ टीचिंग, ट्रेनिंग व शोध कार्य को भी बढावा मिलेगा। ग्रेड वन के ट्रामा 100 बेडेड होंगे, बड़े संस्थानों में 200 बेड के स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में 300 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

**अयोध्या, वाराणसी में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज** : राज्य आयुष सोसायटी (आयुष मिशन) के तहत अयोध्या में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व वाराणसी में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज जल्द ही खुल जाएंगे। इससे मरीजों को इलाज के साथ आयुर्वेदिक व होम्योपैथी विधा के नए डॉक्टरों की संख्या बढ़ जाएगी। निर्माणाधीन चार मंजिला आयुर्वेद कालेज में 60 बेड का हॉस्पिटल भी होगा, जिसमें मरीजों के लिए ओपीडी व आईपीडी की सुविधा होगी।

### आयुष अस्पताल बनेंगे वेलनेस सेंटर

आयुष्मान योजना अंतर्गत प्रदेश में 1600 नए हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर स्थापित किये जाएंगे। इनमें 1035 आयुर्वेदिक, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सालयों को हेल्थ वेलनेस सेन्टर में परिवर्तित किया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर में करीब 52 एकड़ में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय को पूरा करने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। इस विश्वविद्यालय से सभी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी कॉलेज संबद्ध होंगे। वर्तमान में संचालित 2110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी,1585 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के साथ ही आठ आयुर्वेदिक, दो यूनानी और नौ होम्योपैथिक कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों का उच्चीकरण प्रावधानित है।

# अधिवक्ताओं को भी मिली सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अधिवक्ता कल्याण निधि 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़
- जनपद न्यायालयों के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट में प्रस्ताव

**अमृत विचारः** राज्य सरकार के अबतक के सबसे बड़े बजट में प्रदेश के अधिवक्ता कल्याण और न्यायालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश के अधिवक्ताओं को बड़ी सौगात देते हुए योगी सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि को 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये किये जाने का निर्णय लिया है।

वहीं, उत्तर प्रदेश अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना के सदस्य अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने की दशा में अनुमन्य सहायता की अधिकतम सीमा को भी 1.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है। इसके अलावा प्रयागराज में निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं, प्रदेश के विभिन्न जनपदों में न्यायालयों की स्थापना के लिए भी 300 करोड़ रुपये प्रदान किये जाएंगे। यही नहीं पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत न्यायालय परिसर के निर्माण के लिए सरकार इस वित्तीय वर्ष में 700 करोड़ रुपये देगी।



बजट सत्र में भाग लेने के लिए साईकिल से पहुंचे सपा विधायक जाहिद बेग।

# श्रीराम का नाम लेकर अयोध्या समेत पूरे राज्य में नए अध्याय की नींव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हजारों वर्षों से भारत और विश्व को महत्तर जीवन आदर्शों की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करता रहा है। पिता के वचन का मान रखने के लिये समस्त राजसी वैभव को निःसंकोच त्याग कर वनवास के लिये प्रस्थान करना और दुष्टों और अधर्मियों का दृढ़तापूर्वक दलन करना ऐसे राजधर्म का अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।'

इन्ही शब्दों और भावों से वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रभु श्रीराम का नाम लेकर न केवल योगी सरकार ने बजट 2024-25 को विधानसभा में पेश किया, बल्कि पूरे भाषण के दौरान बार-बार प्रभु श्रीराम और अयोध्या का उल्लेख होता रहा। नव्य-भव्य व दिव्य अयोध्या धाम के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने का कार्य कर रही योगी सरकार ने संपूर्ण अयोध्या मंडल में विकास के नए अध्याय की नींव बजट भाषण में रखी। योगी सरकार द्वारा वार्षिक बजट 2024-25 में अयोध्या धाम समेत पूरे मंडल के विकास का जो खाका खींचा गया है उसके केंद्र में अयोध्या में पहुंच मार्गों के विस्तार व सौंदर्यीकरण, पर्यटक-जन सुविधाओं के विकास जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल रहीं।

### इन पर फोकस

- जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के दृष्टिगत पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के दृष्टिगत 03 पहुंच मार्गों का चैड़ीकरण/ सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं 6 स्थानों पर पार्किंग तथा जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है।
- अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम' का विकास कराया गया है। अयोध्या में एयरपोर्ट की स्थापना एवं विस्तार हेतु 150 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रूपये प्रस्तावित है।
- अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, माँ शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं।

## निजी नलकूप पर किसानों को नहीं मिलेगी मुफ्त बिजली

**अमृत विचारः** नये वित्तीय वर्ष में भी निजी नलकूप पर किसानों को मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को पेश किये गये ऊर्जा विभाग के बजट में नलकूपों की बिजली पर छूट का उल्लेख नहीं है, बल्कि नलकूप पर रियायती बिजली का जिक्र किया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने भाषणों में किसानों को मुफ्त बिजली देने की बात कही थी, पर वर्तमान में किसानों को नलकूपों पर केवल पचास प्रतिशत छूट दी जा रही है ।उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बजट में ऊर्जा क्षेत्र को लेकर भारी निराशा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में ऊर्जा क्षेत्र में किसानों के लिए 50 प्रतिशत छूट लागू की गई। कहा गया था कि वर्ष 2023-24 में किसानों को 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। पर नये वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में यह लिखा गया है कि किसानों के निजी नलकूप के लिए रियायती दरों पर बिजली के लिए 1800 करोड रुपये की व्यवस्था की गई है।

# ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में सहायक

- उप्र 2024 के बजट के आकार को विगत वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ाया गया है, जो महत्वपूर्ण है। योगी सरकार के इस बजट के पूंजीगत परिव्यय का आकार पूरे बजट का 28 फीसद है। यूपी के जंबो बजट में कृषि क्षेत्र, युवा, ऊर्जा, महिला तथा पर्यावरण आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसीलिए बजट में करीब 25 हजार करोड़ की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। व्यय पर नियंत्रण एवं धन के दुरुपयोग पर कार्य किये जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र को 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रदान करने के लिए कई तरह के प्रयास इस बजट में दिखाई पड़ रहे हैं। वो चाहे विपणन की रणनीति हो या फिर उत्पादन प्रणाली में सरकार का सहयोग हो। यह रणनीति प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में सहायक होगा।

**टेक्सटाइल हब से औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावाःप्रदेश** में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। इसीलिए जहां एक ओर जहां एक ओर टेक्सटाइल हब बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ओडीओपी को भी सशक्त किया जा रहा है। कई रणनीतियां बनती हुईं इस बजट में नजर आती हैं।

**धार्मिक पर्यटन और ओडीओपी को बढ़ावा:** विकास की दर प्रदेश के नए विकास इंजन के रूप में देखी जा रही है। यह विकास इंजन कृषि, धार्मिक पर्यटन, ओडीओपी, डेटा सेण्टर आदि के रूप में देखा जा सकता है। विकास को दीर्घकालीन एवं समावेशी बनाने के अनवरत प्रयास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये जा रहे हैं।

प्रतिक्रिया



प्रो .मनोज कुमार अग्रवाल
अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

### युवाओं और महिलाओं के विकास पर फोकस

योगी सरकार लगातार अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ विकास करने के लिए प्रयत्नशील है। वो चाहे सड़क हो, एयरपोर्ट हो, सौर ऊर्जा हो, सिचाई हो या फिर भण्डारण क्षमता का विकास हो। इसी के साथ युवाओं और महिलाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विकास एवं संवृद्धि को और अधिक गतिशील किया जा रहा है।

### निर्धनता के ग्राफ में आई है कमी

प्रदेश में शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कौशल विकास आदि पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। जिससे युवाओं और महिलाओं की और अधिक भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे प्रत्यक्ष प्रमाण निर्धनों की संख्या में तीव्र कमीं, मातृत्व मृत्यु दर में कमीं और लिंग अनुपात में तीव्र सुधार के रूप में मिलने लगे हैं।






**प्रदेश सरकार के बजट में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध हैलट अस्पताल में ट्रामा सेंटर को उच्चीकृत करने के लिए 50 करोड़ रुपये शासन से मिलेंगे। इस बजट से ट्रामा सेंटर में हादसों के पीड़ितों के लिए इलाज और सुविधाएं और बेहतर हो सकेंगी। इसके अलावा बजट में हैलट को दवा के लिए छह करोड़ रुपये और 40 लाख रुपये मेंटीनेस की मद में दिए गए हैं। उधर, शहर में 31.50 किलोमीटर लंबा मेट्रो रेल रूट बनाने का काम और तेज होगा। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना में प्रदेश सरकार ने अपने अंशदान के रूप में 395 करोड़ रुपये बजट में जारी कर दिए हैं। फिलहाल आईआईटी से नौबस्ता तक प्रथम कॉरिडोर (आरेंज लाइन) पर इसी साल दीपावली तक मेट्रो सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसके अलावा जिले में स्थित 21 जीआईसी में स्मार्ट कक्षाओं का रास्ता साफ हो गया है। बजट में प्रावधान होने से इन कॉलेजों में कक्षाएं जल्द स्थापित हो सकेंगी।**

# मेट्रो की ब्लू लाइन का काम पकड़ेगा रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में 31.50 किलोमीटर लंबा मेट्रो रेल रूट बनाने का काम और तेज होगा। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना में प्रदेश सरकार ने अपने अंशदान के रूप में 395 करोड़ रुपये बजट में जारी कर दिए हैं। फिलहाल आईआईटी से नौबस्ता तक प्रथम कॉरिडोर (आरेंज लाइन) पर इसी साल दीपावली तक मेट्रो सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। अब दूसरे कॉरिडोर (ब्लू लाइन) में सीएसएस, कंपनी बाग से लेकर बर्रा-8 तक मेट्रो के दूसरे कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। यूपीएमआरसी के उप महाप्रबंधक जनसंपर्क पंचानन मिश्रा ने बताया कि मेट्रो का पहला कॉरिडोर 23 किमी लंबा है, जबकि दूसरा कॉरिडोर 8.50 किमी लंबा है। दोनों कॉरिडोर में कुल मिलाकर 29 मेट्रो स्टेशन बनेंगे। पांच वर्षों में अभी तक लगभग दो हजार करोड़ रुपये केंद्र और राज्य से मिल गये हैं। पूरा प्रोजेक्ट 11 हजार करोड़ रुपये का है, इसमें 50 फीसदी राशि बैंक से लोन के रूप में मिली है। मेट्रो का काम समयबद्ध होने के चलते सरकार हर साल बजट जारी कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने अपना अंशदान 395 करोड़ रुपये दिया है। इस बजट से बकाया भुगतान के साथ दोनों कॉरिडोर में काम तेजी से आगे बढ़ेगा।



शहर में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। अमृत विचार

### नया विस्तार अभी विचाराधीन

- शहर में मेट्रो के विस्तार की योजना में बर्रा-8 से नौबस्ता को जोड़ने के साथ टाटमिल से चकेरी एयरपोर्ट को जोड़ने का प्रस्ताव विचाराधीन है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार नए रूट पर मेट्रो संचालन एक लंबी प्रक्रिया है।

**खुशखबरी**

- कानपुर मेट्रो रेल परियोजना को बजट में मिली 395 करोड़ रुपये की धनराशि
- इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा पहले कॉरिडोर आरेंज लाइन का निर्माण

**23** किमी लंबा पहला कॉरिडोर

**21** मेट्रो स्टेशन पहले कॉरिडोर में

**08** मेट्रो स्टेशन दूसरे कॉरिडोर में



यह बजट साबित कर रहा है कि सरकार दूर की योजनाओं को सफल करने के लिए काम शुरू कर चुकी है। उद्योग व पर्यटन को बढ़ाने में सीधेतौर पर कारगर साबित होगा। युवाओं का कौशल निखारने के लिए कौशल प्रवीण योजना के तहत 301 राजकीय विद्यालयों में युवाओं को व्यावसायिक शिक्षा अच्छा कदम है।

**-पुष्पेंद्र जायसवाल, प्रदेश महामंत्री, यूपी ज्वैलर्स एसोसिएशन**



बजट के माध्यम से सरकार ने आम लोगों के लिए विशेषतौर पर कल्याणकारी योजनाओं का पिटारा खोला है। बजट के प्रावधानों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से उद्योग व व्यापार को बढ़ाने का काम किया गया है। इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास सराहनीय है। यह प्रदेश को नए उद्योग स्थापित करने के लिए सहायता करेगा।

**-सरदार गुरजिंदर सिंह, जिलाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**



यह बजट निराशाजनक है। बजट में ऐसा कुछ नहीं है जिसे बेहतर कहा जाए। खासतौर पर खादी ग्रामोद्योग क्षेत्र में विकास की उम्मीद टूट गई है। खादी ग्रामोद्योग कम पूंजी में ज्यादा रोजगार देता है। गांव से युवाओं का पलायन भी रोकता है। बुनकरों और हथकरघा के लिए कुछ नहीं किया गया। ऐसा लगता है जैसे प्रदेश सरकार खादी को पूरी तरह से भुला चुकी है।

**- सुरेश गुप्ता अध्यक्ष उत्तर प्रदेश खादी ग्रामद्योग महासंघ**

## एक नजर

### पर्यटन स्थलों के लिए विधायकों से मांगे प्रस्ताव

**कानपुर।** अब हर विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल का विकास किया जाएगा। इसके लिए शहर के सभी दस विधायकों से पर्यटन स्थल से संबंधित प्रस्ताव मांगे गए हैं। पर्यटन अधिकारी डा. अर्जिता ओझा ने बताया कि 25 लाख से लेकर पांच करोड़ रुपये तक की लागत से हर विधान सभा क्षेत्र में पर्यटन स्थल का विकास किया जाना है। पर्यटन स्थल का नाम, महत्व, भूमि का क्षेत्रफल और लागत संबंधी जानकारी विधायकों को उपलब्ध करानी हैं। विधायकों के चिह्नित पर्यटन स्थलों तक आवागमन की सुविधा और उपलब्ध संसाधनों की व्यवस्था भी देखी जानी है। पर्यटन स्थल पर कैंटीन, शौचालय, बैठने की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाना है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर काम चल रहा है। अगर कोई पर्यटक स्थल पर रात्रि विश्राम करता है तो उसकी सुविधा का भी ध्यान पर्यटन स्थल के निर्माण में रखा जाना है।

### मल्टीलेवल पार्किंग ले सकती आकार

**कानपुर।** कलेक्ट्रेट में प्रस्तावित 38 करोड़ रुपये से मल्टीलेवल पार्किंग को भी बजट से धन मिल सकता है। इस योजना में टेंडर हो चुका है, लेकिन शासन से पूरा बजट नहीं मिल सका था। कलेक्ट्रेट में पार्किंग बनने से कचहरी के आसपास जाम की बड़ी समस्या से निजात मिल जाएगी।

### कन्वेंशन सेंटर का रुका काम होगा पूरा

**कानपुर।** प्रदेश सरकार ने बजट में स्मार्ट सिटी योजनाओं के लिए धन आवंटन किया है। इससे स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को और गति मिल सकती है। चुन्नीगंज में कन्वेंशन सेंटर का अधूरा निर्माण दोबारा शुरू हो सकता है।

### गौशाला का विस्तार

**कानपुर।** छुट्टा गोवंश को गोशाला में रखने के लिए सरकार ने दोगुना बजट रखा है। जाजमऊ में बनी कान्हा गौशाला की क्षमता वृद्धि के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें धनराशि की कमी आड़े नहीं आएगी।

# कॉर्डियोलाजी, हैलट और जेके कैंसर को मिला धन

## नया ट्रामा सेंटर नहीं, हैलट में 50 करोड़ से उच्चीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध हैलट अस्पताल में ट्रामा सेंटर को उच्चीकृत करने के लिए 50 करोड़ रुपये शासन से मिलेंगे। इस बजट से ट्रामा सेंटर में हादसों के पीड़ितों के लिए इलाज और सुविधाएं और बेहतर हो सकेंगी। हालांकि कॉलेज प्रशासन 350 करोड़ रुपये से जीटी रोड की तरफ नया ट्रामा सेंटर बनाने का प्रस्ताव दो बार शासन को भेज चुका था। लेकिन इसे स्वीकृति नहीं देकर प्रदेश सरकार ने हैलट इमरजेंसी में ट्रामा सेंटर को उच्चीकृत करने को कहा है। इस प्रक्रिया में ट्रामा सेंटर का विस्तार लेवल-1 में करके 100 बेड की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा बजट में हैलट को दवा के लिए छह करोड़ रुपये और 40 लाख रुपये मेंटीनेस की मद में दिए गए हैं।




हैलट में रोज उमड़ती है मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### कॉर्डियोलॉजी को भी मिला बजट

- रावतपुर स्थित कार्डियोलॉजी संस्थान में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज दिल की बीमारी से ग्रस्त होकर पहुंचते हैं। इन रोगियों को दवा के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए प्रदेश सरकार ने संस्थान को दवा आदि के मद के लिए बजट मिला है। माना जा रहा है कि अन्य जरूरी काम के लिए भी संस्थान को बजट मिल सकता है।

**100** बेड की व्यवस्था हैलट अस्पताल में और की जाएगी




कैंसर अस्पताल में निराशा है।

### जेके कैंसर को सिर्फ एक करोड़

- कानपुर। जेके कैंसर संस्थान को बजट में एक करोड़ रुपये दिए गए हैं। संस्थान को भी पिछले साल काफी हाय-तौबा मचने पर एक करोड़ की धनराशि जारी की गई थी। रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान बीते कुछ सालों से उपेक्षा के चलते बदहाल है। यहां सभी जांचें व इलाज नहीं होने की वजह से मरीजों को दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है। कैंसर मरीजों की सभी जांचें व इलाज संस्थान में ही हो सके, इसके लिए शासन को लीनियर एक्सीलेटर मशीन, पैथोलॉजी लैब, एक्सरे मशीन, अन्कोलॉजिस्ट सर्जन आदि का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इसे तो बजट में मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन लगभग एक करोड़ का बजट मिला है।

### कांशीराम अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

- रामादेवी स्थित कांशीराम संयुक्त अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (आईपीएचएल) स्थापित की जाएगी, जिसमें अत्याधुनिक मशीनें होंगी। इससे मरीजों को जांच कराने के लिए निजी डायग्नोस्टिक सेंटर या दूसरे अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। यहां पर कैंसर समेत 90 से अधिक जांचें कराना संभव होगा। सीएमओ डॉ. आलोक रंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जांच और इलाज से संबंधित सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जिले में 305 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्थापित हैं।



कानपुर मेट्रो को 395 करोड़ रुपये मिलने से शहर का विकास होगा। उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2022 के तहत 300 करोड़ रुपये का बजट सराहनीय कदम है। इस बजट से युवाओं को रोजगार से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**- ज्ञानेश मिश्र, प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**



चुनावी बजट होने के बाद भी खुदरा और मंझोले व्यापारियों के हितों को दरकिनार किया गया। छोटे व्यापारियों के लिए बजट निराशाजनक है। व्यापारी पेंशन योजना में किसी प्रकार के धन की व्यवस्था नहीं की गई। कारोबारी ऑनलाइन कंपनियों की साजिश से बाहर आ सके इसके लिए भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

**-संदीप पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मंडल**

# 21 जीआईसी में स्मार्ट क्लास का रास्ता साफ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बजट में माध्यमिक राजकीय इंटर कॉलेजों में स्मार्ट कक्षाएं संचालित करने की घोषणा की गई है। इससे जिले में स्थित 21 जीआईसी में स्मार्ट कक्षाओं का रास्ता साफ हो गया है। बजट में प्रावधान होने से इन कॉलेजों में कक्षाएं जल्द स्थापित हो सकेंगी।

जिले में आठ इंटर और 13 हाईस्कूल स्तर के राजकीय कॉलेज हैं। इनमें फिलहाल प्रोजेक्ट के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होती हैं। बजट में प्रावधान होने से अब स्मार्ट कक्षाएं बनेंगी, जिनमें कंप्यूटर, एलईडी




स्क्रीन, वाईफाई सुविधा मिलेगी। शिक्षाधिकारियों के अनुसार है कि सबसे पहले चुन्नीगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्मार्ट कक्षाएं बनेंगी। इसके अलावा बजट में संस्कृत स्कूलों के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए भी प्रावधान होने से शहर में संचालित 16 संस्कृत स्कूलों की भी सूरत बदलने की उम्मीद बंधी है।

# वेदर स्टेशन और रेनगेज से कृषि का होगा भला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रत्येक तहसील और ग्राम पंचायतों में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना से किसानों को मौसम की सटीक जानकारी मिल सकेगी। इससे उनकी खेती बर्बाद नहीं होगी और अधिक उत्पादन कर सकेंगे।

वर्तमान में कई बार ग्रामीण और शहरी इलाकों में मौसम की पूर्व में सटीक जानकारी नहीं मिल पाने से बरसात, ओलावृष्टि और आंधी में काफी नुकसान उठाना पड़ता है। जिले और आसपास के क्षेत्र में मौसम की भविष्यवाणी के लिए सिर्फ सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ही अत्याधुनिक प्रणाली लगी है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि मौसम का बर्ताव अब काफी



रेन गेज (प्रतीकात्मक फोटो)




आटोमेटिक वेदर स्टेशन।

बदल चुका है।

कई बार कुछ ही किलोमीटर में बारिश अपना मिजाज बदल देती है। तहसीलों व ग्राम पंचायतों में अत्याधुनिक मौसम प्रणाली सिस्टम लगने से मौसम का सटीक आकलन किया जा सकेगा। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि अत्याधुनिक प्रणाली स्थापित होने से किसानों की खेती प्रभावित होने से बचाई जा सकेगी।



बजट से हथकरघा पर काम करने वाले बुनकरों को निराशा हाथ लगी है। प्रदेश में 6 लाख हथकरघा है। इससे लाखों बुनकरों के परिवार जुड़े हैं। प्रदेश में हथकरघा शिल्प के नाम से योजना लाने की मांग लंबे समय से है। सरकार इस मांग पर ध्यान नहीं दे रही है।

**- असलम अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय बुनकर समाज**



प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में बजट सहायक साबित होगा। पर्यटन, उद्योग, कारोबार, कृषि समेत सभी सेक्टर का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में नए उद्यमियों और स्टार्टअप का सपना बुनने वाले युवाओं के लिए बहुत कुछ है। किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी बजट लाभ देने वाला है।


**-अतुल सेठ, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रोविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन**

**खुशी जताई** — अधिवक्ता कल्याण निधि 500 करोड़ और मृत्यु पर सहायता राशि पांच लाख तक करने पर जताया गया हर्ष

# वकीलों के चेहरे खिले, कचहरी में गूंजा धन्यवाद योगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** योगी सरकार के सोमवार को पेश हुए बजट ने अधिवक्ताओं के चेहरे पर मुस्कान भर दी। अधिवक्ता कल्याण निधि 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये करने और उत्तर प्रदेश अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना के सदस्य अधिवक्ता की मृत्यु होने पर सहायता राशि की अधिकतम सीमा 1.50 लाख से पांच लाख रुपये करने पर हर्ष जताते हुए कचहरी में अधिवक्ताओं ने विभिन्न जनपदों में न्यायालयों की स्थापना के लिए 300 करोड़ देने की घोषणा का स्वागत किया और कहा कि सालों का संघर्ष पूरा हुआ।



अधिवक्ता वादकारियों के न्याय के हित में वर्षों संघर्षरत रहता है। संघर्षरत अधिवक्ताओं के लिए बजट काफी सराहनीय है। कल्याण निधि व अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना बढ़ाए जाने के लिए वर्षों से संघर्ष किया जा रहा है। कल्याण निधि 200 से 500 करोड़ बढ़ाने व निधि योजना को पांच लाख किया जाना सरकार का सराहनीय कदम है। साथ ही न्यायालयों की स्थापना होने से कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी। योजना को धरातल पर लाने के लिए सीएम योगी का धन्यवाद। 2024-25 के बजट में अधिवक्ताओं को सरकार ने बड़ी सौगात दी है।

**-इंदीवर बाजपेयी, पूर्व महामंत्री, बार एसोसिएशन**



प्रयागराज में निर्माणाधीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 100 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। पायलट प्रोजेक्ट अंतर्गत न्यायालय परिसर के निर्माण में सरकार ने वित्तीय वर्ष में 700 करोड़ दिए हैं।

**-शमशेर सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन**



पायलट प्रोजक्ट के तहत न्यायालयों के सुदृढ़ विकास से न्याय व्यवस्था को बल मिलेगा। अधिवक्ताओं के हित में आया यह बजट इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा।

**-शेखर सिंह तोमर, संयुक्त मंत्री, बार एसोसिएशन**



अधिवक्ता कल्याण निधि व अधिवक्ता सामाजिक निधि योजना में इजाफा किए जाने से वकीलों व उनके परिजनों को काफी लाभ मिलेगा। अधिवक्ताओ के कल्याण के लिए बने कार्पस फंड को बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह फंड अभी तक 200 करोड़ रुपये ही था। फंड बढ़ने से अधिवक्ता कल्याण के कार्यक्रम और मजबूती से चलाए जा सकेंगे।

**-अनंत शर्मा, अधिवक्ता**

# 541 और ग्राम पंचायतों में बनेंगे ओपेन जिम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बजट में सभी ग्राम पंचायतों में ओपेन जिम और खेल के मैदान बनाने की बात कही है। जिले में 590 ग्राम पंचायतों में अभी 49 में खेल मैदान व ओपेन जिम का निर्माण हो चुका है। अब 541 ग्राम पंचायतों में निर्माण प्रक्रिया को गति दी जाएगी। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया प्रदेश सरकार युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए गंभीर है। युवा खेल अभ्यास करें और शरीर चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए व्यायाम करें। इसलिए एक ही परिसर में खेल मैदान के साथ ओपेन जिम का निर्माण कराया जा रहा है। 49 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान-ओपेन जिम बनाए जा चुके हैं। अब शेष 541 ग्राम पंचायतों में भी निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए जल्द ही जमीन चिह्नित कर ली जाएगी।



बजट में कैशलेस योजना के लिए प्रावधान किया गया है। हम लोगों की यह मांग है कि निजी अस्पतालों में इस योजना के तहत बोर्ड लगाकर जानकारी दी जानी चाहिए। इसी तरह सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों के लिए अलग से सेवा विंडो होना चाहिए।

**-प्रभात मिश्रा,अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कानपुर**




समाज के हर वर्ग से जुड़ा बजट है। उद्योग और व्यापार बढ़ने की अनेक संभावनाएं हैं। बजट से प्रदेश का कारोबारी माहौल इस तरह बदलेगा कि अन्य राज्यों से भी उद्योगपति प्रदेश में निवेश करने के लिए आएंगे। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने से प्रदेश के ऐसे स्थानो में व्यापार बढ़ेगा जहां पर अभी तक कारोबार की संभावना नहीं थी।

**-अजय सिंह, अध्यक्ष, सर्वोदय नगर व्यापार मंडल**



अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, मंगलवार, 6 फरवरी 2024



पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। यह रामराज्य का बजट है, जिसमें गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश के विकास में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

**– सत्यदेव पचौरी, सांसद**



बजट में प्रदेश की निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन की धनराशि 500 प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। बजट को महिलाओं युवाओं किसानों एवं समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। इससे समाज का सर्वांगीण विकास होगा।

**– प्रमिला पांडेय, महापौर**



बजट गरीब, किसान, नौजवान को समृद्ध बनाने वाला है। बजट लोक कल्याण को मजबूत करेगा और देश को विकसित बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को गति प्रदान करेगा। युवाओं के लिए कौशल विकास के क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार उत्पन्न कराने का जहां प्रावधान किया वहीं गरीबों की कन्याओं की शादी के लिए विशेष योजना का प्रावधान है।

**– प्रकाश पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष, भाजपा**



यूपी सरकार का बजट लक्ष्य विहीन है, जिससे गरीब और नौजवान ठगा महसूस कर रहा है। इसमें खोखले दावे हैं, पिछले साल की कर वसूली और खर्च लक्ष्य से काफी कम है। इस बजट को किसी को भी लाभ हासिल नहीं होगा। यह पूरी तरह से हवाहवाई बजट है। बजट में सिर्फ कोरे वादे किए गए हैं।

**– अमिताभ बाजपेयी, सपा विधायक**



यूपी सरकार का यह आठवां झूठा बजट है। बजट में टेनरी व बुनकरों का ध्यान नहीं रखा गया है। सीवर, पेयजल आदि समस्या पर कोई बात नहीं की गई है। यह बजट आम आदमी से कोसो दूर है। बजट को लेकर कई तरह के भ्रम फैलाए जा रहे हैं। बजट में सिर्फ आंकड़ों और भाषा की बाजीगरी है।

**– मोहम्मद हसन रूमी, सपा विधायक**



बजट चुनावी झुनझुना है। सरकार ने बजट में मजदूर, किसान और युवाओं का कोई ध्यान नहीं रखा है। बजट में आम लोगों को केवल लॉलीपॉप दिखाने का काम किया गया है। हर बार की तरह निराश करने वाला यह बजट है। इस बजट में उद्यमी और व्यापारियों के लिए कुछ नहीं है। युवाओं के रोजगार के लिए भी सिर्फ कोरा आश्वासन ही है।

**– हाजी फजल महमूद, सपा जिलाध्यक्ष**



बजट निराशाजनक है। बजट में मंहगाई कम करने व रोजगार देने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर कोई चर्चा नहीं की गई। चंद लालच देकर लोगों को मूर्ख बनाने का काम किया जा रहा है। बजट से महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, व्यापारियों और उद्यमियों को सिर्फ झुनझुना पकड़ाया जा रहा है। बजट में सिर्फ कोरी बयानबाजी है।

**–रामेश्वर चौधरी बबलू, बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष**



बजट में युवाओं को रोजगार और उद्यम से जोड़ने का काम किया गया है। यह बजट प्रदेश में प्रगति लाने का काम करेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। कौशल विकास के जरिए युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम सराहनीय है।

**–रोहित टंडन, उद्यमी**

# सीएम ग्रिड की पांच सड़कें जल्द बनेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर में पांच सड़कों के बनने का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने योजना के लिए बजट में 800 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। इससे धन मिलते ही शहर में 145.5 करोड़ से बनने वाली पांच सड़कों के काम शुरू होंगे।

शहर में मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स अरबन योजना) के तहत सड़क निर्माण और सुंदरीकरण होना है। इसको लेकर जलकल, केस्को ने एनओसी दे दी है। पांच सड़कों के लिये बजट को पहले ही लॉक किया जा चुका है। शासन की वित्तीय स्वीकृति के बाद नगर निगम टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर देगा। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के अनुसार जल्द ही टेंडर जारी किये जाएंगे। इस कार्य के लिये खुली निविदा न मांगकर ग्लोबल टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जिसमें देश व विदेश की नामी कंपनियां शामिल हो सकती हैं।



टूटी सड़कों से मिलेगी निजात। अमृत विचार

### ये होंगी विशेषताएं

- सुरक्षित सड़क और जंक्शन
- समान चौड़ाई की ट्रैफिक लेन
- भूमिगत सर्विस की सुविधा
- सार्वजनिक सुविधाएं होंगी
- स्ट्रीट फर्नीचर की सुविधा
- ग्रीन कवर किया जाएगा
- यूटीलिटी डक्ट का फुटपाथ
- सौर आधारित स्ट्रीट लाइट

### ये सड़कें बनाई जाएंगी

- घंटाघर चौराहे से परेड होते हुए ग्रीनपार्क तक : लागत 19.71 करोड़, लंबाई 2860 मीटर
- एनएच-19 से राजाराम चौराहा एवं नमक फैक्ट्री चौराहा होते हमीरपुर तक : लागत 38.96 करोड़, लंबाई 3500 मीटर
- बर्रा बाई पास से कर्रही रोड होकर रामबाग तिराहा होते हुए हमीरपुर मुख्य मार्ग तक : लागत 46.46 करोड़, लंबाई 6050 मीटर
- बाबाकुटी चौराहे से सोटेबाबा मंदिर होते अलंकार गेस्ट हाउस तक : लागत 20.18 करोड़, लंबाई 2342 मीटर
- बगिया क्रासिंग कल्याणपुर से केसा आफिस तक सड़क : लागत 20.20 करोड़, लंबाई 1150 मीटर

# न्यू सिटी व बिनगवां आवास योजना की उम्मीद बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के मध्य से आबादी का बोझ कम करने के लिए न्यू कानपुर सिटी, बिनगवां आवासीय योजना के साथ चकेरी, कुलगांव, रूमा व टाउनशिप को पंख लगना तय हो गया है। प्रदेश के बजट में सीएम शहरी विस्तारीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत शहरों में नई टाउनशिप विकसित करने के लिए तीन हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। शासन कानपुर समेत प्रदेश के नौ जिलों में नई टाउनशिप बसाने की योजना को पहले ही हरी झंडी देकर जमीन अधिग्रहण के लिए शहर को 200 करोड़ रुपये दे चुका है।

केडीए ने न्यू कानपुर सिटी के अलावा चकेरी, रूमा और कुलगांव में नई टाउनशिप बसाने का प्रस्ताव बनाया है। चकेरी क्षेत्र में केडीए ने जमीन का सर्वे पूरा कर लिया है। रूमा, कुलगांव और चकेरी में केडीए की कृषि योग्य 14 सौ बीघा जमीन हैं। इसका भू परिवर्तन कराकर टाउनशिप विकसित करने का खाका तैयार किया जाएगा। वर्षों से फंसी न्यू कानपुर सिटी योजना पर पहले ही काम शुरू हो चुका है। बिनगवां टाउनशिप के लिए भी शासन 50 करोड़ दे चुका है।




# गंगा और पांडु नदी में गिरने वाले 7 नाले किए जाएंगे बंद

## अमृत योजना 2.0 में धन आवंटन करने के बाद होगा इसका काम



शहर में कई नाले अभी भी गंगा में सीधे गिर रहे हैं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **प्रदेश सरकार के बजट में योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, शहर को मिलेगा लाभ**

**अमृत विचार।** प्रदेश के बजट में अमृत योजना 2.0 के तहत 4500 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके तहत शहर में गंगा में गिर रहे गंगा के पांच नालों और पांडु नदी के दो नालों को टैप करने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। यह नाले 139 करोड़ रुपये से बंद किए जाएंगे।

गंगा नदी में अभी डब्का, सत्तीचौरा, गोलाघाट नाले का पानी जाता है। इन नालों में बायोरेमिडिएशन कार्य नहीं होने से गंदा पानी गंगा में मिलता रहता है। पांडु नदी में गंदा नाला, अर्रा नाला, सागरपुरी नाला, पिपौरी नाला, पनकी थर्मल नाला और हलवा खांड़ा नाला गिर रहे हैं, जो पांडु नदी के साथ ही गंगा नदी को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इन सभी नालों में बायोरेमिडियेशन होना चाहिए। लेकिन, वर्तमान में बायोरेमिडियेशन कार्य नहीं हो रहा है। पनकी थर्मल नाला और हलवा खाड़ा नाला पूरी तरह से टैप होंगे। शहर के अलग-अलग जगहों में गंगा से मिलने वाले कुल 16 नाले हैं।

जललिगम व नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार इनमें से नौ नालों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। दो नाले आंशिक रूप से बंद है, वहीं पांच ऐसे नाले हैं, जिनका पानी जैविक विधि से शोधन कर गंगा नदी में छोड़ा जाता है। लेकिन इस कार्य में लापरवाही बरती जाती है।

# बिठूर: केंद्र सरकार ने तोड़ी उम्मीद, राज्य ने तोड़ा दिल


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक, पौराणिक और धार्मिक नगरी बिठूर को केंद्र सरकार के बजट में कोई लाभ न मिलने से टूटी उम्मीद को राज्य सरकार से भी निराशा ही हाथ लगी। क्रांतिवीर नानाराव पेशवा की कर्मभूमि में विकास के पहिए को रफ्तार पकड़ने के लिए अभी और इंतजार करना होगा। यहां के कई घाट दुर्दशाग्रस्त हैं। महर्षि बाल्मीकि की मानी जाने वाली इस नगरी के कई पुराने मंदिर व ऐतिहासिक स्थान नए रंग व स्वरूप में खिलने का इंतजार कर रहे हैं।

कहने को तो बिठूर में महोत्सव की धूम मचने को है। पर, हकीकत यह है कि महर्षि बाल्मीकि की नगरी उपेक्षित ही रही है। लोकसभा चुनाव होने के पहले आए केंद्र सरकार के बजट से शहर के लोगों को बिठूर के लिए धनराशि मिलने की उम्मीद थी। केंद्र सरकार से कोई लाभ न मिलने पर लोग राज्य सरकार से लोग आस लगाए थे। यहां से भी निराशा ही हाथ लगी।

पर्यटन के मानचित्र में आकर्षण बढ़ाने को बिठूर को लेकर योजनाएं हवाई ही साबित हो रही हैं। गंगा के तट पर बसी नगरी को अर्थ गंगा प्रोजेक्ट के तहत चमकाने के प्रयास हवाई ही साबित हो रहे हैं। इस प्रोजेक्ट में प्रथम चरण में लगभग 100 करोड़ रुपये का खर्च होने का अनुमान लगाय गया था। योजना थी कि बिठूर से बैराज तक सैलानी क्रूज का मजा ले सकेंगे। यह सपना अभी तक पूरा न हो सका है। वाटर स्पोर्ट्स का ख्वाब भी धरा रह गया।

नमामि गंगे प्रोजक्ट के तहत घाटों को संवारा गया था। यह प्रयास पर्यटन के लिहाज से पर्याप्त नहीं हैं। यहां पर होटल, सैलानियों के ठहरने की उचित व्यवस्था की भी योजनाएं बनती है लेकिन दब कर रह जाती हैं।



बिठूर में प्राचीन मंदिर।

- **पौराणिक नगरी के विकास को बजट मिलने की थी आस**
- **कई साल से निखरने का इंतजार है नगरी को**

### ईको टूरिज्म पर था जोर

- बिठूर में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने पर भी प्रशासनिक स्तर पर जोर दिया जा चुका है। यह तय किया गया कि यहां पर ऐसे स्थल होने चाहिए कि यात्राएं करने आने वालों को बिठूर के धार्मिक और स्वतंत्रता आंदोलन में भागीदारी के बारे में जानकारी मिल सके। पर्यटन की दृष्टि से बिठूर को विकसित करने के लिए विंटेज कार रैली व अन्य कार्यक्रम आयोजित स्थानीय स्तर पर प्रयास किए गए। पर, इसका फायदा नहीं दिखा। ध्रुव टीला से पत्थर घाट तक साइकिल ट्रैक बनाने की योजना असली जामा न पहन सकी। माना गया था कि पर्यटक साइकिल से भ्रमण करने यहां तक आ सकेंगे। एमपी थियेटर की सुविधा भी अभी तक नहीं दी जा सकी।

### गंगा पौधशाला तक स्थापित न हो सकी

- योजना बनी थी कि पर्यटन विभाग घाटों का सुंदरीकरण करे, बिठूर के इतिहास के शिलालेख लिखाएगा। पत्थर घाट, ब्रह्मावर्त घाट, ध्रुव टीला समेत सभी घाटों पर सोलर लाइट्स से जगमग होंगे। विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। गंगा पौधशाला स्थापित होगी। जिसमें औषधीय पौधे होंगे। शोधन के बाद जहां नालों का पानी गंगा में गिरता है वहां भी पौधे लगेंगे। सेल्फी प्वाइंट बनेंगे। वाराणसी, हरिद्वार और ऋषिकेश की तर्ज पर प्रतिदिन गंगा की आरती कराने की योजना भी बनी थी। गंगा आरती तो अक्सर होती है। पर यह वृहद स्वरूप न ले सकी। फूड कोर्ट बनाने की योजना भी धरी रह गई। धर्मशाला व गेस्ट हाउस के निर्माण भी हवा हवाई ही रहे।

# शहर में सूक्ष्म इकाइयों का खड़ा होगा बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने बजट में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इसके जरिए उद्योग और सेवा क्षेत्र की पांच लाख तक की नई सूक्ष्म इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा। माना जा रहा है कि सरकार के प्रोत्साहन से शहर में लगभग 20 हजार नई सूक्ष्म इकाइयां अस्तित्व में आ सकती हैं।

प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर नए सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके लिए 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत सरकार की विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल्ड डेवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित लाभार्थी अथवा किसी विद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा/ डिग्रीधारी युवक इस योजना के तहत लाभान्वित होंगे। जिले में वर्तमान में एमएसएमई के तहत 87 हजार इकाइयां पंजीकृत हैं। इसमें सूक्ष्म इकाइयों की संख्या 84 हजार है। नयी योजना के तहत शहर में खासतौर पर फूड, मशीन, लेदर, गारमेंट्स और होजरी से जुड़े छोटे उद्योग फल-फूल सकेंगे। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि एक या दो सालों में शहर में छोटे उद्योगों की संख्या में लगभग बीस हजार इकाइयों का इजाफा हो सकता है।

### कारोबार को मिली संजीवनी

**कानपुर।** प्रदेश सरकार के बजट पर सोमवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बैठक कर अपनी प्रतिक्रिया दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल व प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश छाबलानी ने बजट को बुलडोजर बजट करार दिया। कारोबारियों ने कहा कि यह बजट शहर के बड़े व छोटे उद्योग के लिए संजीवनी है। यह एमएसएमई सेक्टर से जुड़ने की मंशा रखने वाले कारोबारियों को लाभ देगा। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज गौतम ने उत्तर प्रदेश के प्रस्तुत बजट को उन्नति और तरक्की देने वाला बजट बताया।

# होली में सभी उज्ज्वला पात्रों को मिलेंगे मुफ्त सिलेंडर


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर मिलने में कोई रोड़ा नहीं आने से रसोई गैस उपभोक्ताओं में खुशी की लहर है।

प्रदेश सरकार ने बजट में निःशुल्क खाद्यान्न व उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एलपीजी सिलेंडर रीफिल कराने के लिए 2200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इससे 1.74 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

योजना के तहत साल में दो सिलेंडर मुफ्त देने की व्यवस्था है। लेकिन अभी तक 30 फीसदी लाभार्थियों को इसका लाभ मिल पाता है। बजट में धनराशि आंवटन होने से इस बार होली में सभी पात्रों को मुफ्त सिलेंडर मिलना तय है। दीपावाली पर आधे से ज्यादा लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पाया था।

# जनता की नजर में प्रथम श्रेणी आया बजट




बजट पर अमृत विचार ने समाज के विभिन्न वर्गों, के 150 से अधिक लोगों से फौरी राय ली। इसमें अधिकतर लोगों ने बजट को पांच से सात अंक प्रदान किए। कुछ लोगों ने इससे अधिक अंक भी दिए। बजट से नाखुशी या निराशा जाहिर करने वालों की संख्या एक तिहाई से कम रही। बजट को लेकर दो स्तरों पर लोगों से सवाल पूछे। पहला बजट कैसा और दूसरा शहर को बजट में क्या मिला। 50 फीसद से ज्यादा लोगों ने अच्छा बताया।

**मन की बात** | इस बजट से प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दहलीज़ पर पहुंचा, 24 हजार करोड़ की नई योजनाएं

# रामराज के उत्सव और लोक मंगल का दर्पण है बजट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की अगुवाई में पेश हुए सबसे बड़े बजट से प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दहलीज़ पर पहुंच गया है। यह बजट सबका साथ, सबका विकास करने और विश्वास भरी योजनाओं से रामराज्य की स्थापना में लोक मंगल के गीत गाता नजर आ रहा है। यह बात सीआईआई, यूपी चैप्टर के अध्यक्ष आकाश गोयनका ने बजट प्रतिक्रिया में कही।

गोयनका के अनुसार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देकर यह बजट आने वाले समय में नई ऊंचाई पर ले जाएगा। एयरो सिटी भले ही लखनऊ में बनेगी, लेकिन इसका लाभ पूरे प्रदेश के उद्यमियों और कारोबारियों को होगा।

बेरोजगारी रोकने में सफलता के साथ प्रदेश सरकार लगातार किसान, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं और नौजवानों के विकास पर फोकस कर रही है। छह करोड़ लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर निकालने के साथ सेमी कंडक्टर नीति को मंज़ूरी देकर विदेशी निवेश को आमंत्रण देना, लखनऊ में एयरो सिटी, अयोध्या, वाराणसी और मथुरा का सर्वांगीण विकास तथा कानपुर और बुंदेलखंड के बीच नया औद्योगिक शहर बसाने की योजना प्रदेश में तरक़्क़ी और ख़ुशहाली की नई इबारत लिखने वाली है।

इसी तरह कानपुर समेत अन्य शहरों में नई टाउनशिप की स्थापना, प्रमुख शहरों के बीच सीधी कनेक्टिविटी और हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएँ उत्साह, उल्लास को उत्सव में बदलने वाली हैं। बजट का फोकस गांव, किसान, इंफ्रास्ट्रक्चर, युवा के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर है. सरकार ने चुनाव के दौरान किसानों के लिए किया गया एक वादा इस बजट में पूरा किया है।



आकाश गोयनका।

### कारोबारियों को दी गई बड़ी सहूलियत

- नरायना समूह के प्रबंध निदेशक अमित नरायना ने प्रदेश सरकार के बजट को आस्था, अंत्योदय और विकास के लिए समर्पित बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने यह सही कहा है कि यह बजट उत्सव, उद्योग और उम्मीद को समेटे है। बजट में 24 हजार करोड़ रुपये की नई योजनाएं लाई गई हैं। बजट में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे के साथ ही स्टेट हाइवे को आपस में जोड़कर आम लोगों के साथ व्यापारियों और कारोबारियों को बड़ी सहूलियत दी गई है। छोटे व्यापारियों के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी योजना शुरू करना राहत भरा कदम है। अयोध्या को सबसे बड़ी धार्मिक पर्यटन नगरी बनाने का फैसला प्रशंसनीय है। कानून-व्यवस्था बेहतर होने से आज प्रदेश में निवेश का माहौल है। 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों से आने वाले समय में एक करोड़ रोजगार पैदा होने की उम्मीद है।



अमित नारायना।

**आज का मौसम**
ओलावृष्टि के साथ बारिश होने की संभावना।

19.2⁰ अधिकतम तापमान | 13.4⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:51 | सूर्यास्त 05:55

## एक नजर

### गांव चलो-बूथ चलो अभियान का काम बांटा

**कानपुर।** भाजपा कानपुर उत्तर की ओर से गांव चलो बूथ चलो अभियान की बैठक नवीन मार्केट में हुई। बैठक में तय किया गया कि बूथ चलो अभियान के तहत सभी डॉक्टर, एडवोकेट, चार्टर्ड अकाउंटेंट, सभी प्रमुख लोगों से घर-घर जाकर सभी से संपर्क करना है। कार्यकर्ताओं को एक-एक घर तक जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं बतानी हैं। मीडिया प्रभारी अंकित वाजपेई ने बताया कि 14 मंडलों में बूथ चलो अभियान के तहत एक-एक संयोजक व सह संयोजक लगाए गए हैं।

### युवक पर अपहरण का आरोप, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला ने दूसरे समुदाय के युवक पर बेटी के अपहरण का आरोप लगाया। पीड़िता के अनुसार बेटी घर से जेवर और नकदी भी ले गई। महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी लाल बंगला बाजार गई थी। वहीं से फजलगंज निवासी शारिक उसे बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया। बेटी सोने चांदी के जेवर और रुपये भी ले गई है। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि अपहरण में मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। आरोपी का भी पता लगाया जा रहा है।

### केक व रंगीन सेंवई के नमूने भरे

**कानपुर।** स्वरूप नगर में बिना खाद्य लाइसेंस के केक व रंगीन सेंवई कारखाना चलता मिला। कारखानें से दो नमूने भरे गए। कारखाना मालिक को लाइसेंस जारी होने के बाद ही कारखाना बंद करने के निर्देश दिए गए। एफडीए की टीम ने एक घर में फूड्स प्राइवेट कारखाना में केक में उपयोग किए जा रही क्रीम व सेंवई का नमूना लिया।

### प्रदूषण पर बैठक आज

**कानपुर।** गंगा में बढ़ते प्रदूषण के विरोध में गंगा समग्र विकास समिति की बैठक गंगा बैराज पर दोपहर 12 बजे होगी। अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए सरकार कोई ठोस उपाय नहीं कर रही है। परिणाम स्वरूप गंगा मैली होती जा रही है।

# सॉफ्टवेयर रोकेगा ई-रिक्शा की जालसाजी

- अलग-अलग मार्गों पर एक ही नंबर लगाकर दौड़ रहे
- कानपुर स्मार्ट सिटी सीसीटीवी कैमरों में होगा इंस्टॉल
- 20 से ज्यादा संदिग्ध ई-रिक्शा स्वामियों की पड़ताल शुरू

**एक्सक्लूसिव**

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में यातायात के लिये चुनौती बने ई-रिक्शा पर लगाम और कसेगी। शहर के अलग-अलग मार्गों पर एक ही नंबर लगाकर फर्राटा भर रहे ई-रिक्शा को कानपुर स्मार्ट सिटी का सॉफ्टवेयर पकड़ेगा। आरटीओ ने शहर में 20 से ज्यादा ऐसे ई-रिक्शा के मालिकों की तलाश शुरू कर दी है। जिसके बाद ऐसे ई-रिक्शा और उनके स्वामियों पर कार्रवाई होगी। स्मार्ट सिटी का सॉफ्टवेयर ऐसे ही अन्य प्राइवेट व कामर्शियल गाड़ियों पर भी नजर रखेगा।

शहर में ई-रिक्शा चालक यातायात व्यवस्था के संचालन में समस्या बने हुये हैं। कई सड़कों पर इनकी वजह से चौतरफा जाम रहता है। इसके साथ ही ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन, संचालन के क्षेत्र, पार्किंग, डुप्लीकेट नंबर प्लेट, चार्जिंग के लिये बिजली चोरी की समस्या ने प्रशासन के नाक में दम कर रखा है। इसको रोकने लिये संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था ने ट्रैफिक, आरटीओर और नगर निगम स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को सख्ती करने के निर्देश दिये हैं। ताकि शहर में यातायात में सुधार किया जा सके। आरटीओ ने ऐसे ई-रिक्शा स्वामियों की तलाश भी शुरू की है जिनके नाम से 20, 30 या 100 ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं।


घंटाघर में अनियंत्रित ई-रिक्शा चालकों की वजह से लगा जाम। अमृत विचार

**इन मार्गों पर प्रतिबंधित होने के बाद भी भर रहे फर्राटा**

- जीटी रोड पर एनएच-31 पर रामादेवी चौराहा से आईआईटी कल्याणपुर तक।
- वीआईपी रोड पर फूलबाग चौराहा से कंपनीबाग चौराहा तक
- एलीवेटेड रोड एनएच-19 पर जाजमऊ से भौती बाईपास तक
- कानपुर-सागर मार्ग एनएच-34 नौबस्ता चौराहा से रमईपुर तक

"प्रशासन के निर्देश पर सॉफ्टवेयर डेवलप किया जा रहा है। जिससे ऐसे ई-रिक्शा और वाहनों को पकड़ा जा सकेगा जो एक ही समय पर एक ही नंबर से अलग-अलग मार्गों पर संचालित हो रहे हैं।
**- राहुल सब्बरवाल, आईटी मैनेजर, कानपुर स्मार्ट सिटी**

**शांतिभंग और धारा 336 में होगी एफआईआर**

संयुक्त पुलिस आयुक्त ने अवैध ई-रिक्शा का संचालन कराने वालों के विरुद्ध धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को ख़तरा पहुंचाने) और 151 के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिये हैं। उन्होंने कहा है कि मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इसके साथ ही कहा है कि सीज किये हुये ई रिक्शों की नीलामी कर निस्तारित कराया जाएगा।

**उच्च स्तरीय कमेटी गठित**

डीएम की ओर से ई-रिक्शा के संचालन के लिये जोन निर्धारण और प्रतिबंधित रूट्स के निर्धारण के लिये उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। इसमें अपर जिला मजिस्ट्रेट, अपर पुलिस आयुक्त यातायात, संभागीय परिवहन अधिकारी शामिल हैं। यह कमेटी ऐसे रूट्स का चयन करेगी जहां ई-रिक्शा को प्रतिबंधित करने की जरूरत है। इसके बाद नियम बनाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


नगर निगम में पकड़े माल को डंपर से दबवाता प्रवर्तन दल। अमृत विचार

## प्रतिबंधित थर्मोकोल ले जाते तीन ट्रक पकड़े

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रवर्तन दल ने भौती से जाजमऊ तक की कार्रवाई

**अमृत विचार।** नगर निगम प्रवर्तन दल ने सटीक मुखबरी पर भौंती से जाजमऊ तक नाका लगाकर तीन ट्रक प्रतिबंधित थर्मोकोल ले जाते तीन ट्रक पकड़े। प्रवर्तन प्रभारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में पता लगा कि ट्रक जौनपुर, गोंडा और लखनऊ जा रहे थे। तीनों ट्रक रनिया स्थित महावीर थर्मोप्लास्ट फैक्ट्री से माल लेकर जा रहे थे। महावीर थर्मोप्लास्ट की कई गाड़ियां पहले भी थर्मोकोल और प्लास्टिक ग्लास दूसरे जिले ले जाते हुए पकड़ी गई हैं।

आलोक नारायण ने बताया कि तीनों ट्रकों से कुल साढ़े चौबीस क्विंटल प्रतिबंधित थर्मोकोल जब्त किया गया। जिसको कूड़ा कंपैक्टर गाड़ियों से दबवा कर पनकी कूड़ा प्लांट भिजवा दिया गया। नियमानुसार प्रति ट्रक एक लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है जिसको देर शाम तक जमा न करने के कारण ट्रक अभी नगर निगम परिसर में ही खड़े हैं। अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार धनंजय, जितेंद्र सिंह, रामनरेश, इंद्रजीत, भूपेंद्र, राज नारायण, जितेंद्र बहादुर, गोविंद, मोहित शामिल रहे।

## टाटमिल, घंटाघर व रामादेवी चौराहा होंगे ई-रिक्शा फ्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब पकड़े जाने पर जब्त कर नीलाम किए जाएंगे

**अमृत विचार।** टाटमिल, घंटाघर व रामादेवी चौराहा ई-रिक्शा फ्री होंगे। दक्षिण से आने वाले ई-रिक्शे बाकरगंज तक सवारियां छोड़ेंगे। नियम तोड़ने वाले ई-रिक्शा जब्त किए जाएंगे। जब्त रिक्शों को रखने के लिए जाजमऊ में जगह देखी गई है। ई-रिक्शा खड़े करने के लिए प्राइवेट प्रापर्टी भी देखी जा रही है। छह माह में जब्त ई-रिक्शा न छुड़ाने पर नीलामी होगी। यह निर्देश स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में दिए गए।

मंडलायुक्त अमित गुप्ता व पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में चिन्हित किए गए प्रमुख 14 चौराहों व प्वाइंटों को सुधारने के लिए लोकल कमेटी की ओर से मंडलायुक्त को सुझाव पेश किए गए। मंडलायुक्त ने केडीए व जिला प्रशासन से प्राइवेट बसों की पार्किंग के लिए जगह का चयन कर नगर निगम को लीज पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि शहर के बाहरी इलाके में पांच स्थानों को बस अड्डे के लिए देखा गया है। फजलगंज में भी जगह तलाशी जा रही है। निर्देश दिए कि अवैध ई-रिक्शा व टेंपों स्टैंड नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि बिरहाना रोड, फूलबाग, मालरोड व चुन्नीगंज में बिल्डिंगों पर कलर कोडिंग कराई जाए।

## साइबर ठग ने की 52 हजार की ठगी

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने युवक के साथ 52 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई।

सिमरा गांव निवासी राहुल ने बताया कि उनके मोबाइल पर किसी मनोज शर्मा का फोन आया और उसने कहा कि मां के इलाज के लिए अस्पताल के खाते में पैसा भेजना था लेकिन गलती से उनके खाते में 83 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए हैं। राहुल ने मोबाइल देखा तो खाते में रुपये आने का मैसेज पड़ा हुआ था। इस पर उन्होंने रुपये ट्रांसफर कर दिए। 52 हजार रुपये ट्रांसफर करने के बाद खाते में जीरो बैलेंस दिखाने लगा। इस पर उनको ठगी का अहसास हुआ। नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

# कैंसर नहीं अभिशाप, समय पर इलाज कराएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नारायना मेडिकल कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में लगा जांच शिविर

**अमृत विचार।** कैंसर गंभीर बीमारी है, जिससे दुनियाभर में लाखों लोगों की मौतें होती हैं। यह शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है। इस बीमारी के प्रति लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए हर साल चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। कैंसर अभिशाप नहीं है, समय रहते इलाज कराने से यह ठीक हो सकता है। यह जानकारी नारायना मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में कैंसर विशेषज्ञ डॉ.अवधेश दीक्षित ने दी।

विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को पनकी स्थित नारायना मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में जांच शिविर का आयोजन किया गया। हजारों रुपये वाली कैंसर की जांचें निशुल्क की गईं। शिविर में आए लोगों को तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, पान-मसाला आदि से होने वाले नुकसान के संबंध में जागरूक किया गया। समाजसेवी सुमन तिवारी ने अमृत केसर युक्त माउथ फ्रेशनर खाने के फायदे बताए। इसमें आंवला, बेला, अश्वगंधा, हल्दी, अर्जुन का पाउडर, पिपरमेंट, लौंग व इलायची का मिश्रण है, जो लोग पान-मसाला, तंबाकू आदि नहीं छोड़ पा रहे हैं उनके लिए अमृत एक विकल्प है।

तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की जिला सलाहकार निधि बाजपेयी ने शिविर में आए लोगों को नशा न करने और न ही घर, परिवार व आसपास के लोगों को करने देने की शपथ दिलाई। नारायना के चेयरमैन अमित नारायना ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम से कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आते हैं। इसलिए नारायना ग्रुप द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कैंसर विशेषज्ञ डॉ.अवधेश दीक्षित ने बताया कि शिविर में सौ लोगों की कैंसर जांच निशुल्क की गई है। 150 छात्र-छात्राओं को भी कैंसर रोगों और इससे बचाव की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं से कहा कि ऐसे लोगों से शादी न करें, जो पान, मसाला, सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू आदि का सेवन करते हों। शिविर में मुंह के कैंसर, पित्त की थैली, साइनेस कैंसर आदि की जांच की गई।


नारायना मेडिकल कॉलेज में कैंसर की जांच करते डॉ.अवधेश दीक्षित। अमृत विचार

## 1.57 करोड़ की धोखाधड़ी में आरोपियों की जमानत खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कारोबारी को बेचे थे सोने के नकली बिस्कुट

**अमृत विचार।** मार्केट रेट से 10 प्रतिशत कम रेट पर पांच किलो सोना दिलाने की बात कह रियल इस्टेट कारोबारी से 1.57 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों की जमानत याचिका एडीजे छह की कोर्ट ने खारिज कर दी। अहमदाबाद निवासी धोखेबाजों ने हरवंश मोहाल में कारोबारी को सोने के बिस्कुट बताकर पीतल का माल दे दिया था।

गड़रियन पुरवा निवासी रियल इस्टेट कारोबारी संतोष कुमार ने अप्रैल 2023 में हरवंश मोहाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि अगस्त 2018 में उनकी फेसबुक के माध्यम से अहमदाबार निवासी समीर अग्रवाल से दोस्ती हुई थी।

समीर ने उनकी दोस्ती संजय पटेल व हसमुख पटेल से कराई थी। आरोपियों ने मार्केट रेट से 10 प्रतिशत सस्ते बताकर पांच किलो सोने के बिस्कुट 1.57 करोड़ रुपये में संतोष कुमार को बेच दिए थे। बाद में वह पीतल के निकले। इसके बाद संतोष ने आरोपियों के खिलाफ हरवंश मोहाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## असलहे के साथ आरोपी की फोटो हुई वायरल

**कानपुर।** बर्रा के हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर के गुर्गे का असलहे के साथ फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। वायरल फोटो में गुर्गे के साथ एक अन्य युवक भी है, जो रिवाल्वर लिए दिख रहा है।

बर्रा क्षेत्र में अपना दल एस की बाइक रैली पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर व उसके गुर्गों ने पथराव कर दिया था। अजय ठाकुर, अर्पित ठाकुर, शिवांग ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, साहिल उर्फ शेरा समेत अन्य आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सभी फरार हैं। आकाश द्विवेदी की राइफल लिए फोटो वायरल हुई है।

## प्रेम विवाह के एक माह बाद दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर से भागकर मंदिर में की थी प्रेमी से शादी
- परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में प्रेम विवाह के एक महीने बाद युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। मायके पक्ष के लोगों ने पति पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा काटा। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की।


शिम्मी कश्यप।

उन्नाव के इंदिरा नगर निवासी 20 वर्षीय शिम्मी कश्यप ने एक माह पूर्व घर से भागकर पनकी के शताब्दी नगर के रहने वाले शुभम से मंदिर में शादी की थी। शिम्मी के पिता शिवप्रसाद और भाई सोम ने आरोप लगाया कि शुभम शादी के बाद से ही शिम्मी को मारने पीटने लगा था। शुभम शादीशुदा था, यह बात उसने छिपाई थी। वह नशे का आदी था।


घटना की जानकारी देते पिता और भाई।

इन बातों से शिम्मी परेशान थी। पिता ने पुलिस को बताया कि रविवार देर रात 12.30 बजे शुभम ने फोन कर शिम्मी के फांसी लगा लेने की जानकारी दी। मां पुत्तन देवी का आरोप है कि बेटी की गला दबाकर हत्या की गई। बेटी ने तीन दिन पहले रोते बिलखते फोन कर शादी का गलत कदम उठाने की बात कही थी। उन लोगों ने उन्नाव में थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया था। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी में अधिवक्ता से हुई मारपीट का मामला

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में रविवार देर रात दो अधिवक्ताओं के बीच जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल पीड़ित ने कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

भवानी नगर चकेरी निवासी अधिवक्ता शिरोमणि शुक्ला ने पुलिस को बताया कि पूर्व में कानपुर बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री अरदिमन सिंह ने कई बार जान से मारने की धमकी और अपहरण, हत्या जैसे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। 10 लाख रुपये रंगदारी मांगी। पीड़ित अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि रविवार को वह अपने भतीजे संस्कार शुक्ला के साथ श्यामनगर से अपने घर जा रहे थे तभी एक कांफ्रेंस कॉल पर अरदिमन सिंह ने उनसे गाली गलौज, अभद्रता करते हुए अपने घर के बाहर रोक लिया। बैट निकालकर उन पर प्रहार किया जिससे उनके नाक और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि अधिवक्ता शिरोमणि शुक्ला की तहरीर पर अरदिमन सिंह के खिलाफ रंगदारी, धमकी, गालीगलौज, मारपीट में एफआईआर दर्ज की है। सोमवार को शिरोमणि शुक्ला के साथ अधिवक्ताओं ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर घटनाक्रम बताया। उन्होंने चकेरी पुलिस से निष्पक्ष कार्रवाई की बात कही।

**राजनीति** | शक्ति वंदन से महिलाओं को पार्टी से जोड़ेगी भाजपा, उत्तर, दक्षिण जिले की संयुक्त जिला कार्यशाला

# 11 से विधानसभा क्षेत्रों में होंगे शक्ति सम्मान समारोह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पूर्व 11 फरवरी से भाजपा स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से जुड़ी महिलाओं के बीच अपना जनाधार मजबूत करने को शक्ति वंदन अभियान शुरू करेगी। केशव नगर स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में शक्ति वंदन अभियान की उत्तर, दक्षिण जिले की संयुक्त जिला कार्यशाला हुई।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि अब कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को संसद और विधानसभा में जाने से रोक नहीं सकेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनके उच्च सदन तक पहुंचने का रास्ता प्रशस्त कर दिया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा।

भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि 2014 में केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही महिला कल्याण और महिलाओं के उत्थान एवं उनको स्वावलंबी बनाने को लेकर अनेक योजनाओं को लागू करने का काम किया गया। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने जानकारी दी की 10 फरवरी को किदवई नगर के वेडिंग वेल गेस्ट हाउस में शक्ति संवाद कार्यक्रम 11,12,14 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र स्तर पर शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। 13 फरवरी को स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज में होगा। 12 से 21 फरवरी तक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम चलेगा एवं 22 फरवरी को प्रधानमंत्री के संबोधन को हर मंडल में वर्चुअल माध्यम से सुना जाएगा। 25 या 26 फरवरी को एनजीओ प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, प्रबोध मिश्रा, अनीता गुप्ता, अनीता त्रिपाठी, सरोज सिंह भदौरिया, सुनील बजाज, ब्लॉक प्रमुख विजय रत्ना तोमर, रघुनंदन भदौरिया, पुष्पा तिवारी, संजय बाजपेई, वंदना गुप्ता, अर्चना आर्या आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करके प्रकाश पाल। अमृत विचार

**पीएम के कार्य जन-जन तक पहुंचाएंगे**

**कानपुर।** भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर मोदी जी के नेतृत्व में विश्व पटल पर खड़ा है जिसमे भारत के वैश्विक जगत में काम कर रहे लोगों की महत्वपूर्ण भागीदारी है। यह बात सोमवार को व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 17 जिलों से आये जिला संयोजकों-सह संयोजकों की बैठक में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यवसायिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक किशन मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र की सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में व्यापारियों से सम्पर्क संवाद करके प्रधानमंत्री के कार्यों को पहुंचाएंगे। व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश मिश्रा ने कहाकि आपसबके द्वारा वैश्विक क्षेत्र में किये जा रहे महत्वपूर्ण योगदान के दम पर भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। क्षेत्रीय सह संयोजक अवधेश मिश्रा, योगेश दुबे, आरके वर्मा, संजय गुप्ता मौजूद रहे।

## अवसाद में चल रही महिला ने दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में गर्भपात होने और पति की प्रताड़ना से तंग आकर अवसाद में चल रही महिला ने मायके में फांसी लगाकर जान दे दी। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

जानकीपुरम निवासी पान दुकानदार आनंद लालमन ने पुलिस को बताया कि उन्होंने तीन वर्ष पहले अपनी बेटी 23 वर्षीय पार्वती की शादी नरौरा थाना नरवल निवासी शिव सिंह से की थी। शिव सिंह कचहरी में मुंशी है। शादी के बाद से पति दहेज के लिए बेटी को परेशान करने लगे थे। दो बार जबरन गर्भपात भी करा दिया। तीन माह पूर्व शिव सिंह पार्वती को मायके छोड़ गया था। पार्वती की छोटी बहन नेहा ने पुलिस को बताया कि रविवार को उसका गर्भपात हो गया था जिससे वह परेशान थी। इस कारण उसने फांसी लगा ली।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि SHARIFUDDIN SHUJAUDDIN, CHAUDHARY, पुत्र CHOUDHARY SARIFUDDIN निवासी ख्वाजा हाल, रूदौली अयोध्या का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदलकर SHUJAUDDIN रख लिया है। अब मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि SUBAHI KHATUN पत्नी SHUJAUDDIN निवासी ख्वाजा हाल रूदौली, अयोध्या की रहने वाली हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर SUBHI KHATOON रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। **– अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी– बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शनि को चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी चल, अचल संपति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। उसके द्वारा किए गए लेनदेन, वाद विवाद व किसी कृत्य से मेरा कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा। **रामचन्द्र पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला रामगंज, गुरसहायगंज, कन्नौज**

**सूचना**

मेरे मकान के कागजात डिड नंबर 1777 वर्ष 05/06/1984 की फोटो कॉपी करवाने के लिए कलेक्ट्री के सामने 20 जनवरी को गई थी। बीच रास्ते में कहीं खो गया। अगर किसी सज्जन को मेरा बैनामे का कागज मिले तो मेरे मोबाइल नंबर पर 9838029527 पर फोन करके मुझे सौंपने का कष्ट करें। **उमा देवी निशु देवी जी. एनरोड पोस्ट ऑफिस चौराहा, सुल्तानपुर (उ.प्र.)**

# बारिश के बाद कीचड़ और जलभराव से मुसीबत

- रेलवे व बस स्टेशन पर यात्रियों को पार करना पड़ा गंदा पानी
- स्टेशन सिटी साइड व झकरकटी बस अड्डे पर जलभराव हुआ
- कई सड़कों पर खोदाई से जमा मिट्टी के कीचड़ में फिसले वाहन



झकरकटी बस अड्डे में जलभराव । यात्रियों को पानी को पार कर निकलना पड़ा।



सेंट्रल स्टेशन के बाहर सिटी साइट में भी जलभराव हो गया।



पनकी एक आवास विकास पावर हाउस रोड पर भी जलभराव से लोग दो चार हुए।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दो दिन कई घंटे तक हुई बारिश से जनजीवन पर बुरा असर पड़ा। सड़कों पर पानी भर जाने से राहगीरों व वाहन सवारों को दिक्कतें उठानी पड़ीं। जगह-जगह खोदाई से फैली मिट्टी से दलदल और कीचड़ हो गया। ट्रैफिक की रफ्तार पर भी असर पड़ा। झकरकटी बस अड्डे पर पानी भर जाने से यात्रियों को गंदे पानी से निकलने को मजबूर होना पड़ा। रेलवे परिसर में लिफ्ट के बाहर भी पानी भर गया।

रविवार सुबह से रात तक रुक-रुक हुई बारिश से कई प्रमुख सड़कों पर पानी भर गया। कई सड़कें कीचड़ से भर गईं। सेंट्रल रेलवे स्टेशन सिटी साइड से बाहर निकलना यात्रियों के लिए मुसीबत भरा रहा।

सिटी साइड में पैदल पुल से बाहर निकलने पर ही जलभराव से लोग सामान लेकर निकलने को दोपहर बाद तक जूझते रहे। लिफ्ट के पास भी पानी भरा होने से भी रेल यात्री परेशान रहे।


### नरोना चौराहा पर फिसले बाइक सवार

मालरोड नरोना चौराहा के पास मेट्रो का काम चलने से बारिश मुसीबत बन गई। मालरोड से फूलबाग जाने वाले वाहन को परिवर्तित मार्ग में मिट्टी की फिसलन से जूझना पड़ा। कई बाइक व स्कूटी सवार यहां मिट्टी पर फिसलकर गिर गए। चौराहा से पनचक्की की ओर के रास्ते में भी फिसलन ट्रैफिक रेंगता चलने से जाम की स्थिति रही। बर्रा, दबौली, गुजैनी, यशोदानगर की सड़कों पर भी जलभराव से लोग जूझे। गलियों में सीवर लाइन चोक होने से छोटी-छोटी गलियों में जलभराव हो गया।

### जुगत लगाकर निकले यात्री

झकरकटी स्थित बस अड्डे में जगह-जगह पानी भर गया। यात्री जलभराव से निकलने को जुगत लगाते नजर आए। काफी दूर तक पानी भरने से पानी से लोगों को गुजरना पड़ा। पनकी एक आवास विकास की सड़क पर जलभराव से लोग एक ओर से ही निकलने को जूझते रहे।

### बिजली गई, 800 कारखानों का उत्पादन प्रभावित



फजलगंज इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों पर भरा पानी सुबह तो निकल गया। बारिश से फाल्ट आने से सुबह 10 बजे से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। फीटा के महामंत्री उमंग अग्रवाल का कहना है कि शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहे। यहां पर 800 से ज्यादा कारखानें हैं। इसमें चौथाई कारखानें ही जनरेटर से पूरी क्षमता से चल पाए। एक चौथाई ही उत्पादन हो सका।

### हैलट में धंसी सड़क में फंसी एंबुलेंस

कानपुर। हैलट अस्पताल परिसर में बाल रोग अस्पताल से लेकर इमरजेंसी तक जलकल विभाग ने पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोद दी। गड्ढा भरने के लिए किए गए क मरम्मत कार्य में सोमवार सुबह बारिश की वजह से एंबुलेंस धंस गई। चालक व ईएनटी ने मशक्कत कर एंबुलेंस वहां से निकाली। हैलट परिसर में ठेकेदार ने लापरवाही दिखाते हुए पाइप लाइन बिछा दी। पाइप लाइन डालने के लिए बीच में आ रहे पाइपों को तोड़ दिया और उन्हें दोबारा जोड़ने के बजाए गड्ढे में उनको दबा भी दिया। इस बात की जानकारी तब हुई जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने निरीक्षण किया। उनको निर्माण कार्य भी घटिया मिला था।




हैलट परिसर में धंसी सड़क में फंसी एंबुलेंस। अमृत विचार

# भुगतान नहीं तो मिल्क बोर्ड खाता होगा कुर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम का आवास व सीवर का पिछले कई वर्षो से बकाया
- भुगतान करने के लिए नगर निगम ने पराग डेयरी को भेजी नोटिस

**अमृत विचार।** बदहाली की कगार पर खड़ा पराग डेयरी प्लांट के अब सीज होने की नौबत आ गई है। आवास व सीवर कर का तीन करोड़ से अधिक का बकाया होने पर नगर निगम ने पराग डेयरी को नोटिस जारी किया। बकाया जमा न करने पर मिल्क बोर्ड के खाते को सीज करने की चेतावनी दी है। डेयरी अधिकारी नगर निगम को पत्र लिख समय देने की मांग कर रही है।

25 एकड़ की भूमि पर स्थापित पराग डेयरी में आधुनिक प्लांट का निर्माण 166 करोड़ की लागत से गुजरात की आईडीएमसी कंपनी ने किया था। 2019 में जापानी तकनीकी की मशीनों से दुग्ध व अन्य डेयरी उत्पादों का ट्रायल भी कर दिया था। डेयरी में प्लांट निर्माण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों के रहने के लिए आवास की भी तैयार किया था, जिसके बाद प्लांट सुचारू रुप से चल नहीं सका। जिस कारण प्लांट बदहाली के दौर से जूझ रहा है। प्लांट पर नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2023-24 का 22,72652 रुपये का बकाया है व पिछले वर्षों का 1,98,40661 रुपये का बकाया है। वहीं काफी समय से बकायेदारी न चुकाने पर नगर निगम ने डेयरी पर 86,86414 रुपये का ब्याज लगाया है, जिसके बाद डेयरी पर नगर निगम का 3.07 करोड़ रुपये की बकायेदारी हो गई। कई वर्षों से बकाया न चुकाने पर नगर निगम ने डेयरी संघ को नोटिस भेज बकायेदारी चुकाने को कहा है। जल्द से जल्द बकाया न चुकाने पर कुर्की व खाता सीज करने की चेतावनी भी दी है।

नोटिस जारी होने के बाद से डेयरी प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। डेयरी प्रशासन ने एक तरफ संस्था के जीएम सुनील कुमार, एमडी आनंद कुमार सिंह व दुग्ध आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील को बकाया चुकाने का पत्र लिखा है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम को पत्र लिख कुछ और समय की मांग की है।

> नगर निगम की ओर से 3.07 करोड़ की बकायेदारी का नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों को पत्र लिख मामले की जानकारी दी गई है। साथ ही नगर निगम को पत्र लिख समय की मांग की जा रही है।
>
> –दिनेश त्रिपाठी, प्रभारी प्रशासन, पराग डेयरी

# यूपी-असम का रणजी मैच ड्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मैदान गीला होने से चौथे दिन नहीं हो सका खेल
- यूपी और असम टीम को मिले एक-एक अंक

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क में यूपी और असम के बीच चल रहे चार दिवसीय रणजी मुकाबले के अंतिम दिन सोमवार को खराब मौसम व मैदान गीला होने के कारण मैच नहीं हो सका। अंपायरों और रेफरी ने मैदान का निरीक्षण करने के बाद मैच ड्रा करने का निर्णय लिया। इस कारण दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। यूपी टीम के आर्यन जुयाल मैन ऑफ द मैच रहे।

रविवार शाम से शुरू हुई बारिश दूसरे दिन सोमवार को भी रुक-रुककर जारी रही। रविवार को दो बार मैदान गीला हो चुका था। सोमवार सुबह आठ बजे असम व यूपी की टीम होटल से ग्राउंड पहुंची। अंपायरों ने सबसे पहले पिच का जायजा लिया। इसके बाद आउट फील्ड देखी। इसके बाद मैच न हो सकने की घोषणा की। इस तरह से मैच ड्रा हो गया।इससे पहले रविवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक असम का स्कोर दो विकेट के नुकसान पर 316 रन पर था। असम को पहली पारी में 232 रन और बनाने थे। यूपी ने पहली पारी 548 रनों पर घोषित की थी। यदि सोमवार को पहली पारी पूरी हो जाती और असम 548 का स्कोर पार कर ले जाती तो असम को तीन अंक मिलते।



हाथ मिलाते यूपी और असम टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार



मैन ऑफ द मैच आर्यन जुयाल।

# विस्फोट में घायल मां बेटी के बयान दर्ज

**कंघी मोहाल विस्फोट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोनों ने बिल्डर पर साजिश का आरोप लगाया

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र के घनी आबादी वाले कंघी मोहाल में स्थित तीन मंजिला बिल्डिंग में बारूद से हुए विस्फोट के मामले में पुलिस ने घायल मां गजाला और बेटी तूबा के बयान दर्ज कर लिए हैं। घायल मां बेटी ने ज्यादा न बताकर बिल्डर पर साजिश का आरोप लगाया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज निकलवाए गए हैं। फूलमती चौकी इंचार्ज कमलेश पटेल के साथ विवेचक राजेंद्र सिंह ने घायल मां बेटी से पूछा कि ये बारूद कहां से आया? इसे किस मकसद से लाया गया था? विस्फोट में मारा जा चुका आमिर वहां बारूद से क्या कर रहा था? आमिर का असली कारोबार चप्पल का था तो वह गन पाउडर के साथ क्या कर रहा था? वह और उनकी बेटी गनपाउडर के पास क्यों थी? इन प्रश्नों के जवाब मां बेटी के पास नहीं थे। उन लोगों ने बताया कि आमिर के कमरे में बारूद रखे होने की उन लोगों को भनक नहीं लगी। गजाला ने बताया कि वह जीने से ऊपर पहुंची तभी आमिर ने चच्ची कहकर आवाज दी, वैसे ही जबरदस्त विस्फोट हो गया। उन्होंने कहा कि यह एक सोची समझी साजिश थी। अब पुलिस इलाके के लोगों का एक दो दिन में बयान दर्ज करेगी। इस विस्फोट में घायल लखनऊ आमिर की केजीएमयू में मौत हो चुकी है।

# समझौते के बहाने बुलाकर मारी थी गोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- एक हमलावर के हाथ में छीनाझपटी में लग गई गोली

**अमृत विचार।** रविवार शाम ग्वालटोली थानाक्षेत्र के खलासी लाइन में हुई फायरिंग की कहानी बिल्कुल संजय दत्त की वास्तव फिल्म जैसी है। जिस तरह संजय दत्त को समझौते के लिए दूसरे गैंग के लोग बुलाकर फायरिंग कर देते हैं और फिर दूसरे गैंग का एक व्यक्ति मारा जाता है। उसी तरह ग्वालटोली सब्जी मंडी में दो दिन पहले हुए विवाद में समझौते के लिए आरोपी सैबी, अरुण उर्फ मन्नू सोनकर के बुलावे पर पहुंचा था। दोनों पक्षों को झगड़े का अंदाजा था। लिहाजा दोनों ने ही अपनी तरफ लड़कों की टीम बुला रखी थी।

एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि घायल अरुण सोनकर उर्फ मुन्नू सोनकर के खिलाफ पहले से एक मामला रंगदारी का है, जबकि मुन्नू के बड़े भाई आलोक सोनकर उर्फ बच्चा के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं। प्रशांत सोनकर की तहरीर पर अविनाश उर्फ सैबी, अमन, अजहर, राजा और दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एसीपी ने बताया कि पुलिस को फायरिंग की लाइव फुटेज भी मिली है।



घायल आरोपी सचिन।

### सैबी खाता था मन्नू की दुकान में मीट

एसीपी ने बताया गिरफ्तार आरोपी सचिन ने बताया कि घायल मन्नू सोनकर ने उसके मामा अविनाश उर्फ सैबी को शनिवार शाम पीट दिया था। सैबी अकसर मन्नू की दुकान पर जाकर मीट खाता था। इस दौरान वह नशे की हालत में अन्य ग्राहकों से झगड़ा कर लेता था। शनिवार शाम भी सैबी मन्नू की दुकान पर पहुंचे एक ग्राहक से झगड़ पड़ा। दुकानदारी खराब होने के डर से मन्नू ने सैबी को पीट दिया। इस पर समझौता करने के लिए बुलाने पर वे लोग गए थे। अगर फायरिंग के दौरान एक गोली हमलावर सचिन के न लग जाती तो मन्नू की हत्या करने में कामयाब हो जाते।

> ग्वालटोली में फायरिंग के मामले में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो को गिरफ्तार किया जा चुका है। पिस्टल कहां से आई इसकी जानकारी की जा रही है।
>
> –महेश कुमार, एसीपी कर्नलगंज

# सनिगवां में आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चौकी प्रभारी पर टरकाने धमकाने का आरोप

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में एक दुकानदार ने मकान मालिक के घर में घुसकर आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। बाद में बच्ची ने आपबीती परिजनों को बताई तो परिजन उसे लेकर सनिगवां चौकी पहुंचे। आरोप है कि चौकी प्रभारी पहले उन्हें टरकाते रहे फिर परिवार को धमकाया।

इसके बाद पीड़ित परिवार डीसीपी पूर्वी से मिला। जिनके आदेश पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। चकेरी निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनके मकान में मुकेश गुप्ता की बाइक सर्विस की दुकान है। 28 जनवरी को वह ड्यूटी गए थे और पत्नी सामान खरीदने बाजार गई थीं।

घर पर उनकी आठ वर्षीय बेटी और पांच माह बेटा अकेले था। आरोप है कि उसी दौरान दुकानदार मुकेश घर में घुसा और बेटी से दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जिससे वह दहशत में आ गई। इसके बाद से वह गुमसुम सी थी। पूछने पर कुछ नहीं बताया। फिर बेटी नानी के घर चली गई। शक होने पर नानी ने बातचीत तो उन्हें घटना की जानकारी दी। फिर पिता ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सनिगवां चौकी प्रभारी विजय सिंह ने जांच की।

पीड़ित ने बताया कि वे लगातार चौकी व थाने के चक्कर काटते रहे। चौकी प्रभारी आरोपी पर कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उन्हें धमकाने लगे। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई। बच्ची का मेडिकल कराया गया है।



# 30 मोहल्लों की बिजली गुल होने से लोग परेशान

**कानपुर।** शहर में सोमवार सुबह से हो रही बारिश के कारण बिजली व्यवस्था गड़बड़ा गई। बारिश में तिकुनिया पार्क, तिलक नगर, सीसामऊ, नवाबगंज, इस्पात नगर, जूही मार्शलिंग यार्ड, फजलगंज, हैरिसगंज, सनिगवां, कोयाला नगर, गंगापुर, रूमा, निराला नगर, टाटमिल, मीरपुर मुंशीपुरवा, सर्वोदय नगर व बिठूर फीडर से जुड़े करीब 30 मोहल्लों की बिजली आपूर्ति तीन से चार घंटे तक बाधित हो गई।

बिजली चली जाने की वजह से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और केस्को में शिकायतें की। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि कुछ जगहों पर बारिश व पेड़ छटाई के कारण बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित हो गई थी। टीमों को भेजकर मरम्मत कार्य कराया गया और उसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

**नियम-कायदे** पूरी जांच के बाद फर्जी वोटर पाए जाने पर पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा

# दो रुपये में एजेंट फर्जी वोटर को कर सकेंगे चैलेंज

कार्यालय संवाददाता कानपुर

- चुनौती गलत निकलने पर वोट डालने को मिल जाएगा
- सही आपत्ति पर एजेंट के दो रुपये हो जाएंगे वापस

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रत्याशी का एजेंट दो रुपये की फीस देकर वोट को चैलेंज कर सकेगा। पीठासीन अधिकारी दो रुपये की फीस की रसीद भी काटेंगे। वोटर की दावेदारी की तुरंत जांच होगी। चुनौती सही निकलने पर फर्जी मतदाता को पुलिस को सौंप दिया जाएगा। वोट सही निकलने पर मतदान का मौका भी दिया जाएगा।

अक्सर पोलिंग एजेंट फर्जी वोटर के नाम पर हो-हल्ला करते हैं। मुंह जुबानी फर्जी वोटर का आरोप होने से मामला तूल पकड़ता है। चुनाव लाइन की गाइड लाइन के आधार पर किसी मतदाता की पात्रता पर सवाल उठने पर एजेंट को चुनौती देने का लिखित अधिकार होगा। पोलिंग बूथ में ही एजेंट को दो रुपये फीस देकर एक रसीद लेनी होगी। जांच में वोटर सही निकला तो उसे वोट डालने की छूट दे दी जाएगी। फर्जी निकलने पर 20- प्रोफार्मा के तहत लिखा पढ़ी कर मतदाता को कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया जाएगा। इस संबंध में पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।



### अनुपस्थित सूची में नाम है तो डाल सकेंगे वोट

यह भी राहत मिली है कि कोई अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाता सूची में नाम वाला मत देने पहुंचा तो उसे मना नहीं किया जाएगा। अनुपस्थित, स्थानांतरित व मृत मतदाताओं की सूची मतदान केंद्र में रहती है। पीठासीन अधिकारी ऐसे मतदाता से पहचान पत्र या अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र लेकर तुरंत सत्यापन करेगा। प्रथम मतदान अधिकारी ऐसे मतदाता का नाम पोलिंग एजेंटों को जोर से पढ़कर सुनाएगा। वोटर को हस्ताक्षर के साथ अंगूठे का निशान भी लगाना होगा। घोषणापत्र लेकर वोट करने की अनुमति दी जाएगी।

### हस्ताक्षर के बाद भी वोट डालने से मना कर सकते हैं

कई बार मतदान बूथ पर पहुंचा मतदाता रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर वोट डालने से मना करते हैं। ऐसे में पीठासीन अधिकारी उसे वोट डालने पर जोर देते हैं। चुनाव आयोग की गाइड लाइन के मुताबिक मतदाता को रजिस्टर में हस्ताक्षर के बाद वोट न डालने पर एतराज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में मतदाता और पीठासीन अधिकारी को वोटर के नाम के आगे वोट न डालने का निश्चय करने की टिप्पणी के साथ हस्ताक्षर करना होगा।

### चुनाव में गर्भवती व बीमार की ड्यूटी न लगाने की मांग

**कानपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला। पदाधिकारियों ने डीएम से लोकसभा निर्वाचन में गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमार व दंपती कर्मचारी में से एक को चुनाव डयूटी से मुक्त रखने के लिए प्रत्यावेदन दिया।



# आईआईटी की हाइपरसोनिक उड़ान

## हाइपरवेलोसिटी एक्सपेंशन टनल टेस्ट सुविधा का किया गया सफलतापूर्ण परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहां देश की पहली हाइपरवेलोसिटी एक्सपेंशन टनल टेस्ट सुविधा का सफल परीक्षण किया गया है। इसे एसटू नाम दिया गया है। इसी के साथ भारत भी उन्नत हाइपरसोनिक परीक्षण क्षमता वाले देशों की सूची में शामिल हो गया है।

एसटू नामक सुविधा, वाहनों के वायुमंडलीय प्रवेश, क्षुद्रग्रह प्रवेश, स्क्रैमजेट उड़ानों और बैलिस्टिक मिसाइलों के दौरान आने वाली हाइपरसोनिक स्थितियों के बीच 3-10 किमी/सेकेंड के बीच उड़ान गति में सक्षम है। यह गगनयान, आरएलवी और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित इसरो व डीआरडीओ के चल रहे मिशनों के लिए महत्वपूर्ण परीक्षण सुविधा है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. एस गणेश ने बताया कि ये आईआईटी और भारत की वैज्ञानिक क्षमताओं के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

प्रोफेसर सुगरनो और उनकी टीम ने हाइपरसोनिक अनुसंधान किया है। एसटू महत्वपूर्ण परियोजनाओं और मिशनों के लिए घरेलू हाइपरसोनिक परीक्षण क्षमताओं के साथ देश के अंतरिक्ष और रक्षा संगठनों को सशक्त बनाएगा। आईआईटी में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग और लेजर व फोटोनिक्स केंद्र के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. मोहम्मद इब्राहिम सुगरनो ने कहा कि एसटू का निर्माण बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। सबसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण पहलू था फ्री पिस्टन ड्राइवर प्रणाली को बेहतर बनाना। अपनी विशेषज्ञता के साथ हम इसपर सफल रहे।

डीन, अनुसंधान और विकास प्रो. तरुण गुप्ता ने कहा कि एसटू आईआईटी की अनुसंधान उत्कृष्टता को उजागर करता है और संस्थान को नवीन अनुसंधान में सबसे आगे रखता है। एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व प्रगति के द्वार भी खोलता है।



हाइपरवेलोसिटी एक्सपेंशन टनल टेस्ट सुविधा की स्थापना और परीक्षण किया।

- शानदार सफलता से भारत भी हाइपरसोनिक परीक्षण क्षमता वाले देशों की सूची में हुआ शामिल




### एसटू से अंतरिक्ष व रक्षा क्षेत्रों में क्षमता वृद्धि होगी

एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर जीएम कामथ ने कहा कि एसटू के साथ हम अपने अनुसंधान क्षितिज को आगे बढ़ाते हुए एयरोस्पेस क्षेत्र के उत्साही लोगों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगे। इस रोमांचक क्षेत्र में नवाचार और अन्वेषण को बढ़ावा दिया जाएगा। ऐसी सुविधा विकसित करने वाला भारत का पहला संस्थान होने के साथ हमने भारत और उसके बाहर हाइपरवेलोसिटी अनुसंधान के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। अब भारत हाइपरवेलोसिटी परीक्षण क्षमताओं के साथ उन्नत हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकी और प्रणालियों को विकसित करने के लिए बेहतर स्थिति में है। एसटू को तीन साल की अवधि में स्वदेशी रूप से डिजाइन व विकसित किया गया है।

# कानपुर से रात में भी फ्लाइट संचालन हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने संसद में उठाई मांग

**अमृत विचार।** सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने संसद में कानपुर हवाई अड्डे पर रात में वायु यातायात ऑपरेशन शुरू करने का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहाकि कानपुर में हवाई संचालन के लिये एयरफोर्स की एयर नेविगेशन सेवायें (एटीसी और नेवीगेशन उपकरण) सप्ताह के सभी दिन 24 घंटे उपलब्ध कराई जाएं।



उन्होंने संसद में कहा कि हवाईअड्डे पर वाणिज्यिक फ्लाइट प्रचालन के लिए एयर नेविगेशन सेवायें भारतीय वायु सेना द्वारा उपलब्ध करायी जाती हैं, जिसके अंतर्गत एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेवायें) नेवीगेशन उपकरण आईएलएस (इन्स्ट्रमेनल लैन्डिंग सिस्टम) रनवे लाइट आते हैं। ये सेवायें कानपुर हवाई अड्डे पर केवल दिन में हैं, रात के समय भारतीय वायु सेना की ओर से एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संबंधित सेवायें उपलब्ध नहीं कराई जातीं। जिस वजह से फ्लाइट ऑपरेशन सिर्फ दिन के समय में हो पाता है। उन्होंने कहा कि कैंट स्थित पुराने हवाई अड्डे से विभिन्न शहरों को वायु सेवा उपलब्ध थी। जिसका संचालन 1970 तक सिविल एरोड्रम कैंट से होता रहा है। उन्होंने कहाकि इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं न होने की वजह से यह सेवा कुछ ही शहरों तक सीमित रही। अभी कानपुर से केवल तीन शहरों को ही सीधी हवाई सेवा उपलब्ध है, कानपुर में हवाई यातायात का प्रचालन मुंबई दिल्ली, आदि शहरों को होता है। बेंगलुरू की फ्लाइट बंद है।



# सेंट्रल हुआ राममय, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंदौर आस्था एक्सप्रेस के यात्री प्लेटफार्म पर नाचे-गाये

**अमृत विचार।** सेंट्रल के प्लेटफार्म छह का नजारा सोमवार दोपहर देखने लायक था। इंदौर से अयोध्या जा रही आस्था एक्सप्रेस जब पहुंची तो माहौल राममय हो गया। आस्था एक्सप्रेस के यात्रियों ने प्लेटफार्म पर नाचते-झूमते हुए मनमोहक भजन गाए। बीच-बीच में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। रेलवे की ओर से यात्रियों का स्वागत करने के बाद सात्विक भोजन कराया गया। इसके बाद अयोध्या के लिए रवाना हुए।

इंदौर आस्था एक्सप्रेस दोपहर करीब 12:10 बजे प्लेटफार्म नंबर छह पर पहुंची। एक्सप्रेस से 1700 भक्त अयोध्या रामलला के दर्शन करने जा रहे थे। प्लेटफार्म पर ट्रेन के रुकते ही श्रीराम के जयकारे लगने लगे। इसके बाद भक्तों ने नाचना और भजन गाना शुरू कर दिया। करीब 15 मिनट तक यात्री प्लेटफार्म पर नाचते, भजन गाते रहे। यात्रियों के लिए रेलवे की तरफ से चाय-नाश्ता और सात्विक भोजन का प्रबंध था। प्लेटफार्म पर मौजूद अन्य यात्री भी राममय हो गए और नाचने लगे।

# 105 खातों से 201 बार निकले रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- श्रम विभाग के पोर्टल से ठगी का मामला

**अमृत विचार।** श्रम विभाग के पोर्टल में सेंधमारी करके 1 करोड़ 7 लाख 80 हजार की साइबर ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच साइबर सेल को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच टीम ने बैंकों के जरिये विभिन्न खातों में पड़े करीब लाखों रुपये फ्रीज करा लिए हैं। इस गंभीर प्रकरण में टीम एक-एक खाताधारकों को स्कैन कर रही है। टीम को यह पता चला है कि 105 संदिग्ध श्रमिकों के खातों से 201 बार में 55-55 हजार रुपये निकालकर पूरा गबन किया गया। अपर श्रम आयुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने घटना को लेकर साइबर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें जानकारी दी गई गई कि 25 जनवरी व 30 जनवरी को सहारनपुर में तैनात रोहित कुमार की आईडी पर 259 आवेदकों को कन्या विवाह योजना के तहत आवेदन करा दिया गया। 29 जनवरी को इनमें से 196 आवेदकों के खाते में 55-55 हजार व ज्यादातर आवेदकों के खाते में दो बार 55-55 हजार रुपए भेज दिए गए थे। घटना को अंजाम देने के लिए साइबर ठगों ने सबसे लेखाधिकारी द्वारा डिजिटल सिग्नेचर के अनिवार्य कदम को ही स्किप कर दिया था। जांच टीम ने करीब 62 लाख रुपये फ्रीज कराने के बाद इन पैसों को अब साइबर ठग आगे न तो ट्रांसफर कर पाएंगे और न ही उन्हें निकाला जा सकेगा। यह सारी रकम अगले कुछ दिन में फिर से श्रम विभाग के उसी बैंक खाते में आ जाएगी जिससे कन्या विवाह सहायता योजना के फर्जी लाभार्थियों के खातों में रकम डाली गई थी। इसके साथ ही बैंकों से मिले बैंक खातों के पूरे डाटा का पता लगाकर एक-एक लाभार्थी का सत्यापन किया जा रहा है। वहीं, पिछले दो दिन में साइबर सेल ने श्रम विभाग से काफी डाटा व डिवाइस अपने कब्जे में लिए हैं। अब उन डिवाइसों से डिजिटल इंप्रेशन लेकर यह देखा जा रहा है कि कहीं इन्हीं डिवाइसों का गड़बड़ी के लिए उपयोग तो नहीं हुआ। साथ ही देखेंगे कि किन-किन वेबसाइटों व कार्य के लिए उनका इस्तेमाल हुआ।

# बारिश ने तोड़ा 10 साल का रिकॉर्ड

**कानपुर।** फरवरी महीने की शुरुआत में बारिश ने दस साल का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया।

मौसम विभाग की ओर से पिछले 24 घंटे में 26.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इससे पहले वर्ष 2013 में फरवरी यह रिकॉर्ड 44.3 मिलीमीटर बारिश के नाम रहा था। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि फरवरी महीने में औसत 14.3 मिमी बारिश ही होती है।

## सार-संक्षेप

### कार न मिलने पर सिपाही ने तोड़ी शादी, रिपोर्ट

**कानपुर।** प्रयागराज में तैनात सिपाही ने दहेज में कार न मिलने पर शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़ित पक्ष ने सिपाही व उसके परिजनों के खिलाफ हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हनुमंत विहार निवासी सुमन चौरसिया ने बताया कि उनकी बेटी सौम्या का विवाह मंधना के पचोर गांव निवासी राज नारायण चौरसिया के बेटे सुधीर से तय हुआ था। सुधीर प्रयागराज में सिपाही है। 28 सितंबर 2022 को वरीक्षा व गोद भराई हुई थी। 18 फरवरी 2024 को तिलक व 25 फरवरी को विवाह की तिथि तय हुई थी। सुमन का आरोप है कि शादी की तिथि नजदीक आते ही सुधीर व उसके परिजन कार और अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। असमर्थतता जताने पर शादी से इंकार कर दिया। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### दरोगा को थप्पड़ मारने वाली युवती की तलाश

**कानपुर।** गंगाबैराज पर स्कूटी रोकने पर दरोगा से अभद्रता कर थप्पड़ मारने वाली युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद उसकी तलाश में बीपीओ और स्मार्ट सिटी के कैमरे देखे जा रहे हैं। एसीपी कर्नलगंज ने बताया कि युवती का स्पष्ट फोटो मिल गया है, जल्द उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। रविवार शाम गंगाबैराज पर बिना नंबर की स्कूटी से आई एक युवती सड़क और फुटपाथ पर रील बना रही थी। रोकने-टोकने पर युवती ने दरोगा पवन से अभद्रता कर उसे थप्पड़ मार दिया था। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज कराई थी। एसीपी ने बताया कि फोटो की मदद से आरोपी युवती की तलाश की जा रही है। सर्किल के सभी बीट पुलिस अफसर को फोटो दिखाकर युवती की लोकेशन पता करने की कोशिश की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं।

### बीमारी से परेशान महिला ने लगाई फांसी

**कानपुर।** गुजैनी गांव निवासी राजेंद्र कुमार जूते की फैक्ट्री में काम करते है। उनके परिवार में 32 वर्षीय पत्नी पूजा और बेटा आदित्य है। राजेंद्र ने बताया कि पत्नी भी उनके साथ फैक्ट्री में काम करती थी। वह पीलिया से ग्रसित थी। जिस कारण पत्नी मानसिक तनाव में चल रही थी। सोमवार शाम को पत्नी ने कमरे में जाकर फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि बीमारी के कारण मानसिक तनाव में चल रही महिला ने फंदे से लटककर आत्महत्या की है।

### नशेबाजों ने ठेला संचालकों को मारापीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** कैंट थानाक्षेत्र के छबीलेपुरवा चौराहे पर लघुशंका करने से रोका तो नशेबाजों ने ठेला संचालकों को जमकर मारापीटा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। बदलीपुरवा के रहने वाले अमित और किशन स्वरूप छबीले पुरवा चौराहे पर फल का ठेला लगाते हैं। सोमवार को चौराहे पर स्थित शराब ठेके से करीब चार युवक नशे की हालत में निकले। इसके बाद आरोपी दोनों के ठेले के पास बाथरूम करने लगे। इस पर अमित और किशन ने उन्हें मना किया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी उन्हें बीच सड़क पर पीटने लगे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों गिरफ्तार कर लिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ब्रिज मोहन सिंह ने बताया की बाथरूम करने के विवाद में आरोपियों ने मारपीट की थी। घायलों को उपचार कराया जा रहा है। जिसके बाद तहरीर लेकर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### ई रिक्शा चालक और दुकानदार में मारपीट, रिपोर्ट

**कानपुर।** कैंट थानाक्षेत्र में किराए के विवाद में ई रिक्शा चालक और दुकानदार के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। झाड़ी बाबा पड़ाव निवासी मोहम्मद सैफ ई रिक्शा चालक हैं। इलाके में इकबाल अहमद की मीट की दुकान है। तीन फरवरी की शाम को सैफ के ई रिक्शे में इकबाल बैठकर अपनी दुकान आए जिसके बाद किराए को लेकर सैफ और इकबाल में विवाद होने लगा। विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्षो में मारपीट होने लगी। तभी सैफ की तरफ से चीनिय, नफीस, समीर और इकबाल की तरफ से सलमान व अनीस आ गए। फिर दोनो पक्षों में मारपीट हो गई। इकबाल की दुकान का सामान भी टूट गया।

# मॉडल चौराहों पर पहुंचे अफसर तो भागे टेंपो और ई-रिक्शा वाले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** उच्चस्तरीय संचालन समिति की बैठक के बाद ही अधिकारियों की टीम तीन चौराहों पर निरीक्षण को पहुंची। अफसरों का काफिला देखकर रावतपुर चौराहा व कल्याणपुर से टेंपो चालक व ई-रिक्शा चालक तेजी खिसक गए। चौराहा दोनों ओर साफ हो गया।

सुगम एवं सुचारु यातायात के लिए गठित उच्च स्तरीय संचालन समिति की बैठक के बाद ही गठित संयुक्त टीम के अफसरों का काफिला रेव मोती, रावतपुर व कल्याणपुर चौराहा का निरीक्षण करने पहुंची। रावतपुर व कल्याणपुर चौराहा पर पुलिस की गाड़ियां पहुंचते टेंपो व ई-रिक्शा वाले खिसक गए। अफसरों को टेंपो, आटो या ई-रिक्शा वालों की अराजकता देखने को नहीं मिली। अफसरों ने दिए गए निर्देश के मुताबिक व्यवस्था बेहतर करने के बारे में मंथन किया।

निरीक्षण के दौरान बुनियादी जरुरतों, सड़क प्रबंधन या आकर्षक डिजाइन पर विचार विमर्श किया।अफसर संयुक्त रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तरीय संचालन समिति को उपलब्ध कराएंगे। निरीक्षण में अपर नगर मजिस्ट्रेट ऋतु प्रिया, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर अभिषेक पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर शिखर, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश राजपूत, जोनल अधिकारी छह राकेश कुमार समेत केस्को, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विबाग व संबंधित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



चौराहों का निरीक्षण कर ट्रैफिक सुधार का प्लान बनाया। अमृत विचार

# डॉक्टर और वीडियोग्राफर भिड़े, रुका पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घटना के संबंध में सीएमओ को कराया गया अवगत

**अमृत विचार।** सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम हाउस में शव के पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टर और वीडियोग्राफर आपस में भिड़ गए। शोर शराबा सुनकर पोस्टमार्टम प्रभारी नवनीत चौधरी पहुंचे और दोनों को समझा बुझाकर शांत कराया। इस दौरान कुछ देर के लिए पोस्टमार्टम प्रक्रिया रुकी रही। घटना के संबंध में प्रभारी ने सीएमओ से मामले को अवगत कराया दिया है।

गुटैया निवासी मोहम्मद गुलफाम उर्फ कालिया जेल में बंद था और कैंसर से पीड़ित था। बीस दिन पहले हालत बिगड़ने पर उसे जेके कैंसर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को गुलफाम की मौत हो गई। इसके बाद जेल प्रबंधन द्वारा पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोपहर में उर्सला के डॉक्टर ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरु की गई। इस बीच डॉक्टर व वीडियोग्राफर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

इस पर वीडियोग्राफर ने कैमरा बंद कर दिया, जिसके चलते पोस्टमार्टम रुक गया। दोनों के बीच काफी देर तक नोक झोंक हुई। कर्मचारियों ने प्रभारी डॉ. नवनीत चौधरी को मामले की जानकारी दी। जिस पर वह पहुंचे और दोनों को समझा बुझाकर शांत किया और पोस्टमार्टम शुरु कराया। देर से शव मिलने पर मृतक के परिजनों ने नाराजगी जाहिर की गई। सीएमओ ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## वर्ग पहेली-334

**बाएं से दाएं**

1.1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार

4. भारवाहक, भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति, कुली।

7.1. स्त्री, औरत 2. पत्नी, बहू।

**ऊपर से नीचे**


2.1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति, चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।

3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।

4.1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।

5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।

6. पवित्र करने वाली।




### वर्ग पहेली - 333 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | 2 ख | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | जु | ■ | 3 सु | ■ | 4 म |
| 5 दु | रा | धा | र | ■ | नो |
| ■ | हो | ■ | धे | ■ | भ |
| 6 पिं | ■ | 7 अ | नु | भ | व |
| ड | ■ | टे | ■ | ■ | ■ |
| ल | ■ | 8 क | पे | सि | टी |

### सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | | 2 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | 6 | | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | 3 | 2 | | | | 5 | 1 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 3 |
| | | 4 | | | 5 | | 2 | |
| | 7 | | | 8 | | | | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | | 4 |

### सुडोकू - 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 16.07 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** - आज सहकर्मियों के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। बड़े-बुजुर्ग लोगों का अनादर न करें। अपने करियर को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**वृष** - आज व्यापार से जुड़े लोगों को चोरी और सामान गुमने जैसी स्थितियों के लिए कुछ सावधान रहना चाहिए। धन का अनावश्यक अपव्यय करने से बचें। मेहनत का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे। मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें।

**मिथुन** - आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। व्यापार में आपको पुराने संपर्कों से काफी लाभ हो सकता है। नया कार्य शुरू करना हितकर रहेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कर्क** - आज साझेदारी में नए काम शुरू कर सकते हैं। छोटी दूरी की यात्रा में आपको कुछ समस्या हो सकती है। ऑनलाइन कारोबार में उत्तम लाभ मिल सकता है। स्त्री वर्ग को अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना चाहिए।

**सिंह** - आज नए कार्यों की शुरुआत न करें। अनावश्यक बहसबाजी से अंततः आपका ही नुकसान होगा। मंत्र और देवपूजा आदि की तरफ आप प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यक्षमता को लेकर कुछ शंका में रहेंगे।

**कन्या** - आज आप कई सारे काम होने के कारण थोड़े भ्रमित से रहेंगे। निर्णय लेने में थोड़ी परेशानी होगी। परिजनों के साथ समय बिताना अच्छा रहेगा। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं।

**तुला** - आज किसी सुखद समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बनेगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**वृश्चिक** - आज अनुशासित जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के लोगों पर किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अधिक थकान के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। अपने लक्ष्यों को सुनियोजित तरीके से पूरा कर लेंगे।


**धनु** - आज जॉब कर रहे लोगों को कार्यक्षेत्र में ज्यादा काम मिल सकता है। मशीनी कार्यों में कुछ सुधार करना पड़ सकता है। व्यापार में सुधार होने से प्रसन्न रहेंगे, लेकिन अपने हिसाब-किताब का विवरण स्पष्ट रखें। यात्रा के दौरान सावधानी और सुरक्षा का ध्यान रखें।

**मकर** - आज पुराने कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर लें। अपने आत्मविश्वास और मनोबल में कमी न आने दें। संभव हो तो लंबी दूरी की यात्रा न करें। परिजनों से भावनात्मक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी के साथ वाद-विवाद को टालने का प्रयास करें।

**कुंभ** - आज लोगों के विश्वासपात्र बने रहेंगे। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहेंगे। भविष्य की योजनाओं पर मित्रों से चर्चा हो सकती है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

**मीन** - आज इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को जॉब के मौके मिल सकते हैं। कठोर वचन बोलने से आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। लोग आपके काम का श्रेय ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के बीच काफी अच्छा तालमेल रहेगा।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- एकादशी व्रत।
दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 07.35 तक तत्पश्चात मूल 7 फरवरी 06.27 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी - सुबह : 09.41
अनाड़ी - रात : 07.00

SONY MAX
पीके - सुबह : 09.50
मलंग - रात : 07.00

SONY PIX
जिओस्ट्राम - सुबह : 08.47
स्पाइडर मैन :होमकमिंग - रात : 09.00

ZEE CINEMA
खलनायक - सुबह : 10.30
यमला पगला दीवाना 2 - रात : 07.30

colors CINEPLEX
चिराग - दोपहर : 12.25
आंदोलन - रात : 07.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शराबी दोस्त- शराब से ज्यादा नुकसान तो पानी ने पहुंचाया है।
शुभम- नहीं भाई, आप गलत कह रहे है। पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
शराबी - क्यों भाई साहब, क्या पिछले साल बाढ़ से हजारों लोग मरे नहीं थे?

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीर्यति॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है, जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# कदाचार रोकने के लिए

सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कदाचार को रोकने के लिए केंद्र ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024, लोकसभा में सोमवार को पेश किया गया। इसमें प्रश्नपत्र लीक करना, अभ्यर्थियों की सहायता करना, कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ करना, फर्जी वेबसाइट बनाना और बैठने की व्यवस्था में हेरफेर करना शामिल है। विधेयक में न्यूनतम तीन साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना का प्रावधान किया गया है। परीक्षा आयोजित करने में लगे सेवा प्रदाताओं पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है और उन्हें भविष्य में जिम्मेदारियों से रोका जा सकता है। बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि सरकार युवाओं को लेकर चिंतित है, जिस तरह से परीक्षाओं में अनियमितता हो रही है उसे सरकार गंभीरता से ले रही है। लिहाजा फैसला लिया गया है कि परीक्षा में धांधली को रोकने के लिए नया कानून बनाया जाए। विधेयक में सार्वजनिक परीक्षाओं पर एक उच्च-स्तरीय राष्ट्रीय तकनीकी समिति की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है, जो डिजिटल प्लेटफार्मों को सुरक्षित करने, फुल प्रूफ आईटी सुरक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी लागू करने और बुनियादी ढांचे के लिए राष्ट्रीय मानक तैयार करने के लिए प्रोटोकॉल विकसित करेगी।

गत वर्षों में भारत में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, जिससे परीक्षा को रद करना पड़ता है और छात्रों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2017-2023 तक सात सालों में अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले सामने आए और 1.5 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं। सख्त कानून न होने से इस पर रोक नहीं लग पा रही। ऐसे में इस तरह का कानून बहुत जरूरी था। प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे-जैसे कदाचार हाईटेक होता जा रहा है दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी बच्चों को मानसिक आघात लग रहा है, वहीं कार्यशैली को लेकर पूरा सिस्टम भी कठघरे में खड़ा हो रहा है। प्रत्येक नौकरी का पहला चरण प्रतियोगी परीक्षा होता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टिकी होती है। परंतु सवाल है कि क्या दुनियाभर में सम्मान पाने वाले भारतीय युवा परीक्षाओं में होने वाली धांधलियों के चलते अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अपेक्षित सम्मान हासिल कर पाएंगे? शिक्षा भले ही समवर्ती सूची का विषय हो और अलग-अलग राज्यों में परीक्षा में कदाचार को लेकर कानून हों लेकिन यदि उससे पूरे देश में व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हों तो केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकती। विधेयक आने से परीक्षाओं की शुचिता पर विश्वास बहाल होगा।

# यूपी में आर्थिक विस्तार व समृद्धता लाएगा बजट



डॉ. विकास प्रधान
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

सोमवार को देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत हुआ जिसने सीधे गत वर्ष के 6.90 लाख करोड़ से 7.36 लाख करोड़ का उछाल किया और उत्तर प्रदेश की पूरी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले सात सालों में दोगुना होकर 25 लाख करोड़ हो गई। निश्चित ही अर्थव्यवस्था का विस्तार सुखद है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जा रहा है।

वर्ष 2024-25 का बजट वार्षिक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि राजकोषीय अनुशासन वित्तीय अनुशासन बात चौमुखी विकास का अब संरचनात्मक प्रोत्साहन वाला बजट है। कारण है राजकोषीय घाटा एफआरबीएम एक्ट के अनुसार महज 3.46 प्रतिशत रह गया है और साथ ही उत्तर प्रदेश रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन गया है। कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र व सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रों में संतुलित आर्थिक विकास का समीकरण इस बजट में स्पष्ट दिख रहा है। पूरे बजट का लगभग एक तिहाई हिस्सा कैपिटल एक्सपेंडिचर पर होना जिसमें 17 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर पर व्यय होना।

उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के उज्ज्वल भविष्य का लक्षण है, क्योंकि नए राजमार्गों का विकास, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेस वे बनाना, सड़क निर्माण करना, प्रधानमंत्री सड़क योजना को आगे बढ़ाना, 4000 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्क बनाना, 31500 मेगावाट अधिक बिजली उत्पादन संयंत्रों की स्थापना करना, रेलवे ऊपरगामी पुल निर्माण करना, ग्रामीण स्तर पर सेतुओं का निर्माण करना, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की स्थापना, कानपुर व आगरा में मेट्रो बनाना आदि उत्तर प्रदेश की अवसंरचना को अधिक मजबूत कर रोजगार सृजन करते हुए संतुलित आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री ने कृषि की बुनियादी समस्याओं व आवश्यकताओं को चिन्हित कर दो कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान, मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना, नलकूपों की व्यवस्था करना, मत्स्य संपदा योजना को बल देना, सस्ती बिजली दर पर सिंचाई व्यवस्था आदि का बजटीय प्रावधान अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण करेगा, क्योंकि कृषि बिना विकास की संभावना होती है। कृषि के भी मजबूत पक्ष को पहचानते हुए वित्त मंत्री ने चीनी मिल निर्माण व पुनर्निर्माण हेतु 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की।

जनसांख्यिक लाभांश में युवा शक्ति को वास्तविक मानव कैपिटल के रूप में विकसित हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का नवीन प्रावधान उत्साह जनक है जिसमें युवा उद्यमी को रुपये पांच लाख तक की ब्याज मुक्त सहायता बेरोजगारी और सामाजिक भ्रष्टाचार पर गहरी चोट करेगा। साथ ही नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और टाटा के साथ उनमें प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ-साथ माटी, कला, बुनकर आदि के बारे में इस बजट के प्रावधानों को सराहा जाना चाहिए। किंतु ग्रामीण विकास, ग्रामीण बाजार व छोटे हाट पर कोई नीतिगत विवरण आंकड़ागत विकास की बात न होना इन योजनाओं में लीकेज उत्पन्न कर सकता है। केंद्रीय योजना आयोग (वर्तमान में नीति आयोग) की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता क्षेत्रीय विकास की अवधारणा, बुंदेलखंड विकास निधि व पूर्वांचल विकास निधि के प्रस्ताव के साथ-साथ केंद्रीय उत्तर प्रदेश के जनपदों लखीमपुर, हरदोई, भदोही, मिर्जापुर आदि में औद्योगीकरण टेक्सटाइल पार्क की स्थापना आदि संतुलित आर्थिक विकास के सिद्धांत पर खरा उतरता है। किंतु इसमें तराई का क्षेत्र व श्री अन्न विकास कहीं छूट गया है। पीलीभीत जनपद के गन्ना किसानों व चीनी मिलों को शायद चीनी मिल निर्माण के 500 करोड़ रुपये में से कुछ अधिक मिले तो अच्छा होगा या पीलीभीत टाइगर रिजर्व व पर्यटन स्थल विकास हेतु आवंटित राशि का अधिक हिस्सा आवश्यक है ताकि बरेली मंडल को नाथ कारिडोर के अतिरिक्त भी कुछ मिल सके।

कन्या सुमंगला योजना में धनराशि बढ़ाना, निराश्रित महिलाओं की पेंशन बढ़ाना, ग्रामीण आवास बनाना, ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं आदि का प्रावधान स्वस्थ उत्तर प्रदेश को जन्म देगा और महिला को आर्थिक रूप से उत्पादकीय बनाएगा जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी ग्रोथ में अपना योगदान दे सकेंगे, लेकिन यहीं पर महिला उद्यमी योजना महिलाओं हेतु सेल्फ हेल्प ग्रुप आदि की आवश्यकता व आकांक्षा थी जो अधूरी रह गई। धार्मिक स्थलों का विकास अब केवल धर्म की बात नहीं है, अब अर्थ की बात बन गई है, जो रोजगार सृजन अवसंरचना विकास पर्यटन आदि से राजस्व प्राप्तियां बढ़ाएंगे और राज्य को रिवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में पुनः स्थापित करेंगे, किंतु रास्तों व सड़कों का निर्माण आवागमन के साधनों व पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विकास के बिना दुर्घटनाओं के रूप घातक सिद्ध हो सकते हैं तथा अर्थव्यवस्था समय विडंबना का शिकार हो सकती है, जो मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे सकता है, सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा।

ग्रीन इंडिया, हरीतिमा विकास व पौधारोपण के प्रावधान हरित विकास व सतत विकास की राह में अच्छे कदम है। किंतु इनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है जिस पर बजट में कोई प्रावधान न होना जीडीपी ह्रास कर सकता है, सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में जीरो बजटिंग से बचना चाहिए और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में परफॉर्मेंस बजटिंग पर फोकस करना चाहिए प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विकास पर बजट में ठीक-ठाक राशि आवंटित की गई है। किंतु उच्च शिक्षा- "कृषि विद्यालयों" को छोड़कर उतना प्राप्त नहीं कर पाए जितनी आवश्यकता थी और तब जब नई शिक्षा नीति 2020 की अवधारणा को साकार करने हेतु एक बड़े ढांचे की आवश्यकता है और एक बड़े बजट की भी।

पशु चिकित्सा कॉलेज की आवश्यकता पशुधन संख्या के आधार पर अन्य जनपदों में भी है, जो संभवतः अग्रिम बजट में पूर्ण हो सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना टैबलेट मोबाइल फोन वितरण के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर सकता है, इसे प्रोत्साहन की आवश्यकता है। तुरंत आर्थिक विकास हेतु 400 करोड़ रुपये का प्रावधान, 24000 करोड़ की योजनाएं छात्रवृत्ति हेतु, लगभग 1000 करोड़ का प्रावधान मांग व पूर्ति शक्तियों को प्रबल बाजार व अर्थव्यवस्था के विस्तार में प्रबल भूमिका निभाएंगे और गुणक व विनियोग गुणक मजबूत होगा, किंतु भौतिकवादी प्रवृत्ति विकास व मुद्रास्फीति जैसी आर्थिक बाधाओं को विनियमित करने की भी चुनौती है।

निष्कर्षतः यह उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण बजट है, जो पूर्ण लगता भी है और साथ ही संतुलित व सर्वज्ञ विकास का एक बेहतर दस्तावेज है, जो लागू होने पर आर्थिक विस्तार व समृद्धता दोनों लाएगा।

## प्रसंगवश

# देर से किया कम दुरुस्त निर्णय



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके बारे में 'देर आयत दुरुस्त आयत' की कहावत अर्द्धसत्य ही होगी। आडवाणी जी का कद राष्ट्रपति बनाए जाने के योग्य था। 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हो गई थी और जुलाई 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव होना था। तब रामनाथ कोविंद को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आडवाणी से खुन्नस मानते थे, क्योंकि मोदी के प्रधानमंत्री बनाए जाने के समय आडवाणी ने उनके रास्ते में कांटे बिछाए थे। इसे मोदी नहीं भूले और पीएम बनने पर उन्हें एकदम महत्वहीन कर दिया। यही नहीं 2017 में ऐन राष्ट्रपति चुनाव से पहले सीबीआई ने बाबरी मस्जिद ध्वंस कांड संबंधित तत्समय 6 साल से सुप्रीम कोर्ट में पड़ी याचिका को जागृत कर दिया और प्रार्थना की कि आडवाणी, जोशी आदि बड़े नेताओं पर षडयंत्र का मामला बनता है। लोग चकित रह गए कि आडवाणी की अपनी ही सरकार की सीबीआई ने ऐसा कर दिया। तब राष्ट्रपति पद हेतु उनके दावे का सवाल ही नहीं रह गया। यहां बता दें कि गोधरा कांड के घटित होने पर उनके गुजरात के मुख्यमंत्री पद को बचाने वाले आडवाणी ही थे, क्योंकि तत्समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उन्हें (मोदी को) पद से हटाना चाहते थे। अयोध्या के नए राम मंदिर प्रकरण में भूमि पूजन से लेकर सद्यः संपन्न प्राण प्रतिष्ठा तक आडवाणी को वहां फटकने तक नहीं दिया गया। बहाना उनके स्वास्थ्य का था। अब 10 साल से मोदी सरकार है। आडवाणी को भारत रत्न देने की याद नहीं आई। उन प्रणव मुखर्जी को यह सम्मान दिया गया, जो कांग्रेस में रहकर हिंदुत्व और सनातन धर्म की जड़ें खोदते रहे। इस वर्ष भी कर्पूरी ठाकुर को यह सम्मान देने की घोषणा के बाद कुछ सोच समझकर आडवाणी के नाम की घोषणा की गई है। क्या कर्पूरी ठाकुर का व्यक्तित्व आडवाणी जी से विराट था? मेरा ख्याल है कि मंदिर प्रकरण में उन्हें एकदम अलग-थलग रखने से भाजपा का अपना हिंदुत्ववादी वोट बैंक बिखर रहा था और अंदर अंदर पुराने समर्पित लोग क्षुब्ध थे। आरएसएस और भाजपाई कार्यकर्ताओं ने यह अंदरूनी फीडबैक दिया होगा जिससे यह निर्णय लिया गया। जो भी हो उन्हें यह अलंकरण देने से अलंकरण की ही महिमा बढ़ी है।

# आरक्षण समानता की गारंटी नहीं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया।

जाति प्रथा हमारे समाज का कलंक है और उससे भी बड़ा कलंक है पूंजीवाद जो जाति व्यवस्था को बनाए रखना चाहता है। जाति की किसी भी रूप में हिमायत मानवता का अपमान है। दलित हो या गैर दलित हो, या कोई अन्य कैटेगरी की जाति हो। जाति के आधार पर राजनीति, नौकरी, शिक्षा, बैंक कर्ज, जमीन, मकान आदि सबका जिस तरह वितरण हुआ है, उसने जाति को क्रूर और उत्पीड़नकारी बनाया है। जाति प्रथा पहले भी उत्पीड़नकारी थी, आज भी है। बेहतर हो संसदीय जनतंत्र में सबको समान अवसर की बात को ईमानदारी से लागू करें। जातिभेद, जाति आरक्षण, जाति विशेष के लिए विशेष सुविधाओं से तब ही निकल पाएंगे।

बेवकूफ और निकम्मा कर्मचारी, शिक्षक, इंजीनियर, क्लर्क आदि किसी भी जाति का हो सिस्टम के लिए कलंक है। सिस्टम बेहतर ढंग से चले इसके लिए जरुरी है कि निकम्मे, हरामखोर और बेवकूफ को ठिकाने कैसे लगाया जाए। इस पर सोचें, फिलहाल जो व्यवस्था है उसमें एक निकम्मा-बेवकूफ कर्मी अपनी जाति का रक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करता है। वह जाति कनेक्शनों और जाति कानूनों का अपनी नाकामी को छिपाने के लिए इस्तेमाल करता है और इस तरह के दुरुपयोग के हजारों मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। हजारों योग्य युवा इस तरह के अक्षम लोगों की कु-क्षमताओं के मारे दर-दर भटक रहे हैं।

आरक्षण किसी भी रूप में समानता की गारंटी नहीं है। समानता की आधारभूत संवैधानिक मान्यताओं को जातिकेन्द्रित आरक्षण ने बाधित किया है। जिस तरह पांच दशक बाद पता चला कि मुसलमानों के साथ कितना बड़ा भेदभाव हुआ, ठीक एक दिन भारत में यह भी सर्वे आएगा कि आरक्षण के कारण कितना बड़ा बौद्धिक-प्रशासनिक-उत्पादन क्षमता का नुकसान हुआ। शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर जिस तरह के अक्षम-नाकारा लोगों ने विगत पचहत्तर सालों में कब्जा किया है उनकी जाति का जरूर सर्वे किया जाना चाहिए।

ऑफिसों में जाति विशेष का सदस्य होने के कारण अक्षमता पर सवाल नहीं किए जा सकते। अक्षमों के आधार पर आप देश को चीन की कोटि में खड़ा नहीं कर सकते। हम ध्यान से सोचें विदेशों में प्रतिभा पलायन करके जाने वाले कितने लोग किस जाति के हैं? भारत में ज्ञानियों की स्थिति यह है कि वे जाति विशेष के आग्रहों -दुराग्रहों-पूर्वाग्रहों से ग्रस्त होकर जाति समस्या पर विचार करते हैं, जो दलित हैं वे दलित होने के कारण सवर्णों को मनमाने ढंग से गरियाते हैं। यही हाल सवर्णों का है वे भी असवर्णवों को आए दिन गरियाते रहते हैं। जाति न तो प्रेम करने की चीज है और न गरियाने से जाने वाली है। जातिबोध को अंदर से नष्ट करने की जरूरत है। उसकी जगह नागरिक बोध पैदा करें। व्यक्ति को जाति के सदस्य के रूप में न देखकर व्यक्ति के रुप में देखें, नागरिक के रूप में देखें। नागरिक के रूप में सबको समान अधिकार दें, किसी को विशेष अधिकार न दें। हमारे यहां की संवैधानिक व्यवस्थाओं में जाति विशेष के लिए विशेष अधिकारों को संरक्षण दिया गया है। इसके चलते समूचे सिस्टम का असमान विकास हुआ है।

हमने विगत 75 साल में मनुष्य को महान नहीं बनाया जाति को महान बनाया। मनुष्य की मुक्ति के सवाल को केंद्रीय सवाल नहीं बनाया। आरक्षण के सवाल को प्रधान सवाल बनाया। हमें सारी दुनिया में इसके कारण लज्जित होना पड़ता है। हमें अभी भी वह इल्म सीखना है, जो सामाजिक मुक्ति का सपना पैदा करे। आरक्षण का सामाजिक मुक्ति के सपने से सामाजिक बैर है। जातिप्रेम के कारण ही भारत में विगत दो हजार साल में कोई सामाजिक क्रांति नहीं हो पाई। हम धन्य हैं। हमारा जातिबोध धन्य है और सारी दुनिया हमारे जातिप्रेम पर हंस रही है। जातिदंश किस तरह युवाओं में घृणा का संचार करता है, इसे देखना हो तो विज्ञापित पदों के लिए मांगे गए बैंक ड्राफ्ट आदि पर नजर डालें। आरक्षित जातियों के प्रत्याशी आवेदन शुल्क से मुक्त होते हैं। अन्य को शुल्क देना पड़ता है। जबकि बेकारों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। बेकारों से नौकरी के फार्म के साथ आवेदन शुल्क नहीं लिया जाए चाहे आवेदक किसी भी जाति का हो। जातिप्रेम की यह सबसे घटिया सरकारी नीति है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# निरंतर क्रिया है पलटना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

पलटने में कोई बुराई नहीं। ये जीवित रहने का लक्षण है। पलटना भूमिका है लुढ़कने की। लुढ़कना गंतव्य पर जल्दी पहुंचने में मदद करता है। पलटना आगे बढ़ना है, ऐसे में जब भी मौका मिले आदमी को पलट जाना चाहिए। आप न अलटे न पलटे।

एक ही जगह अंगद का पांव बने जमे रहे तो कोई, क्यों भाव देगा आपको? यदि एक बार आपके बारे में यह धारणा बन जाए कि इसे पूछो या न पूछो, इज्जत दो या न दो इसे कहीं आना जाना नहीं है तो कौन आपसे नमस्ते करेगा। जहां है वहीं पड़े रहेंगे तो न घर वाले पूछेंगे आपको न बाहर वाले, जो अपने विचारों पर स्थिर रहे। एक ही गाना गाते रहे जिंदगी भर उससे ज्यादा बोर आदमी कौन हो सकता है?

अचानक पलट जाने में जो आश्चर्य का भाव है वही तो नमक है जिंदगी का। जीवन में कुछ नया शामिल करने के लिए पलटना जरूरी है। पलटेंगे तभी तो दूसरे पक्ष को जान पाएंगे। पलटेंगे तो तरोताजा बने रहेंगे। बिना पलटे तो रोटी भी जल जाती है। ऐसे में पलटना और अनुकूल समय पर पलटना एक योग्यता है, जो आपको जीवन में सफल होने में मदद करती है। पलटना चरावैती चरावैती वाला दर्शन है। जब भी आप पलटते हैं आगे बढ़ते हैं। नए चेहरे, नए विचार आपको और परिपक्व करते हैं। लगातार पलटते रहने वाला व्यक्ति स्थितप्रज्ञ हो जाता है।

दुनिया को दृष्टा भाव से देखता है वो। वो जानता है कि सब मेरे हैं और कोई मेरा नहीं। वो किसी का नहीं होकर भी सबका होता है। कीचड़ में कमल की तरह निर्लिप्त रहने का यह भाव उसे आदरणीय बनाता है। लगातार पलटना आपके अजातशत्रु और व्यवहार कुशल होने का प्रमाण पत्र है।

जब भी आप पलटते हैं, जिस दिशा से पीठ करते हैं, वो आपको अनादर भाव से ही देखें ये जरूरी नहीं। जिस से भी मुंह फेरते हैं आप वो भी जानता है कि एक न एक दिन आप फिर उसकी और मुंह जरूर करेंगे। ऐसे में सारी दिशाएं आपकी मित्र हो जाती हैं। पलटना निरंतर क्रिया है। जब एक बार पलटते हैं आप दोबारा पलटते ही हैं। पलटना उम्मीदें जगाने वाली क्रिया है और यह दुनिया उम्मीद पर ही टिकी है।

-फेसबुक वॉल से

# हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं



देवेन्द्र सिंह
इतिहासकार, उरई

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता बुंदेलों हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। इसमें ये हरबोले कौन हैं। मित्र हरबोलों को ओरछा के राजा हरदौल से जोड़कर देख रहे थे। पहली बात साफ कर दूं कि हरबोले और हरदौल में कोई संबंध नहीं है।

हरदौल का जन्म और मृत्यु 1857 की क्रांति से सैकड़ों वर्ष पहले ही हो चुकी थी। सुभद्रा जी 1857 की क्रांति में लक्ष्मी बाई के बारे मे लिख रही हैं। एक बात और सुभद्रा कुमारी चौहान मेरे चाचा वीके चौधरी (एडवोकेट इलाहाबाद) की पत्नी कृष्णा की बुआ थी। उनका लिखा साहित्य और मशहूर ग्रामोफोन रिकार्ड हम लोग बचपन से ही सुनते रहे हैं। अब मुख्य बात हरबोलों की। जब मैं स्वास्थ्य विभाग में सेवारत था तब मेरे एक कुलीग थे जिनके नाम के साथ सरनेम में हरबोला जुड़ा था। उनका पूरा नाम मैं भूल गया हूं। वे उत्तराखंड के निवासी थे। तब मुझे सुभद्रा जी की कविता के हरबोलों की याद और पता चला कि हरबोले एक समुदाय के रूप में उत्तराखंड में रहते हैं।

अब सवाल यह है कि क्रांति के विवरण से इनका क्या संबंध हो सकता है जिसको सुभद्रा कुमारी चौहान ने कविता में पिरोया। उत्तराखंड में जाड़े के दिनों में जब वहां बर्फ जम जाती है तब पुराने समय से वहां के पंडे झुंड के झुंड में मैदानों में अपने यजमानों के यहां आकर दान आदि प्राप्त करते और गर्मी आते-आते फिर वापस लौट जाते और बद्रीनाथ केदारनाथ में अपने पुश्तैनी कार्य में लग जाते। मुझे ये सब कैसे पता चला तो एक घटना सुनता हूं। उरई में मेरे घर के सामने एक प्रिंसिपल साहब रहते हैं। उनके घर में एक जाड़े में बड़ी चहल-पहल देख कर मैंने पूछा कि कि क्या मामला है? उन्होंने बताया कि पिछले साल बद्रीनाथ गया था वहां अपने पंडे जी को पांच कुंटल गेहूं दान करने का संकल्प किया था उसी को लेने के लिए आए हैं।

ऐसा बहुत से लोग करते हैं और उनके आने पर यहां दे देते हैं। अब मेरे मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर इतना गल्ला वे ले कैसे जाते होंगे? तो एक दिन एक पंडे को पकड़ कर इंटरव्यू ले ही लिया। उन्होंने बताया कि गल्ला ले जाना संभव नहीं है। सब यहीं बेचकर नकद ही ले जाते हैं। अब हरबोलों की बात सुनो। हरबोले भी ठंड के मौसम में पहाड़ों से उतरकर मैदानों में आते थे, लेकिन इनके यजमान नहीं होते थे। ये गांव-गांव जाते। आबादी के हिसाब से एक एक गांव में कई-कई दिनों तक किसी धर्म प्रिय के यहां रुकते। फिर सुबह निकलकर हर घर के द्वार पर गए और हरिबोल का उद्घोष किया। घर से कोई निकला और अपने सामर्थ्य के अनुसार इनकी झोली में डाल दिया। वे अगले घर में पहुंचे फिर हरिबोल की आवाज और यही क्रम चलता रहता। जब एक गांव पूरा हो जाता तो फिर अगला गांव। चूंकि ये लोग मांगने के लिए केवल हरिबोल शब्द का ही उच्चारण करते थे। अतः हरबोले कहलाए। अब सुभद्रा जी ने हरबोलों से क्रांति की कहानी सुनने के बारे में जो लिखा उसका स्पष्टीकरण यह कि ये हरबोले जब एक गांव से दूसरे गांव में जाकर नाइट हाल्ट करते तो पिछले गांवों में जहां भी वे रुके थे, वहां के समाचार और घटनाओं के बारे में बतलाते, चर्चा स्वाभाविक रूप से करते। चूंकि वे उत्तर भारत से होकर बुंदेलखंड में आए। अतः उनके पास सूचनाओं का भंडार था।

क्रांति तो बुंदेलखंड में भी चल रही थी, मगर आदमी एक जगह से दूसरी जगह जाने में डरता था। उस समय सूचना के अन्य साधन भी नहीं थे। चूंकि हरबोलों से अंग्रेजों को कोई खतरा नजर नहीं आता था और क्रांतिकारी सैनिक इनको अपना ही समझते थे। अतः ये हर जगह आते-जाते रहे। अगर हलके शब्दों में कहे तो ये उस समय के विदाउट पेड संवाददाता थे। उन्हीं से बुंदेलों ने कहानी सुनी और इसीलिए सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा-बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वो झांसी वाली रानी थी।

## व्यंग्य

# वृद्धों के लिए घड़ियाली आंसू भी नहीं



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

भारत का बजट अंतरिम हो या अंतिम, प्रायः शेर-ओ-शायरी के खुशगवार मौसम में ही पेश होता है। पर, इस बार के अंतरिम बजट में शाइ'री-आइ'री कुछ नहीं था। बजट में वृद्धों के लिए एक भी घोषणा नहीं थी। सहूलियत और सुविधाओं के उल्लेख को छोड़िए मुझे संपूर्ण बजट में चश्मा लगाकर भी, 'बुड्ढा' या 'वृद्ध' शब्द पढ़ने को नहीं मिला।

बूढ़ों के प्रति इतनी सहानुभूति केवल सरकार ने ही दिखाई हो ऐसा नहीं है, बल्कि विपक्षियों ने भी इसका कोई जिक्र नहीं किया है। ऐसा लगता है कि ये लोग वृद्धावस्था जैसी कोई चीज ही नहीं मानते हैं। जैसे कुछ वर्षों पूर्व तक 'राम' और 'रामसेतु' का अस्तित्व नहीं मानते थे। जबकि बचपन-युवापन आदि जितने भी जीवन के पन हैं, सब संचारी हैं। केवल वृद्धावस्था ही अपरिहार्य, अपरिवर्तेय और अंत समय तक साथ देने वाला, अंतिम सत्य होता है। किसी तजुर्बेकार ने कहा भी है कि 'यह दुनिया सरायेपानी है, हर चीज यहां की आनी-जानी है।/जो जाके न आए, जवानी देखी, जो आके न जाए, बुढ़ापा देखा'।।

इन लोगों ने निर्धन, महिला, युवा, कृषक, मजदूर, व्यापारी, दुकानदार आदि सभी वर्गों के प्रति बजट में छींटे छिड़के, पर वृद्धों के लिए एक घड़ियाली आंसू भी नहीं बहाया। संभव है कि सरकार और संपूर्ण विपक्ष का मानना हो कि जब पहले से ही वृद्धों को सरकारी स्तर पर सभी प्रकार के यात्रा-किरायों में छूट आदि की विशेष सुविधाएं दी जा चुकी हैं तो अब उन्हें देने के लिए बचा ही क्या है!

मैं अपने वृद्ध भाइयों, जिन्हें सरकार की चापलूस भाषा में, 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है कि खातिर 'आल इंडिया ओल्ड आर्गेनाइजेशन' का नेतृत्व कर सकता हूं। वे चाहें तो इस मुद्दे पर कुछ करने या धरने के लिए अकिंचन को अपना नेता बना सकते हैं। जहां तक मुद्दे की सच्चाई की बात है तो हंसिया दूर न पड़ोसी की नाक। परसों का अखबार देख लो।



बैरी गांव में रोती-बिलखतीं गोलू के परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



हादसे की सूचना पर पहुंचे एसपी ने हालात देखे। अमृत विचार



मुर्रा गांव के शादी वाले घर में पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

# छह मौतों से शादी की खुशियां मातम में बदलीं

## डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव में आज ही आनी है बारात, शादी वाले घर में पसरा रहा सन्नाटा, गम में डूबे नाते-रिश्तेदार

विकास सिंह, डेरापुर

**अमृत विचार:** जिस घर में कल तक हर चेहरे पर शादी की खुशियां हिलोरें भर रही थीं, वहां आज गम के साथ सन्नाटा पसरा था। शादी वाले घर में ही नहीं, बल्कि पूरा गांव गम में डूबा था। हादसे में एक साथ छह मौतों से भोर पहर से ही मुर्रा गांव की गलियां चीख-पुकार से गूंज उठीं। मंगलवार को बेटी की शादी है, मगर घर में खुशियों की जगह गम हावी है। परिवार के साथ नाते-रिश्तेदार भी सिसकियां भर रहे हैं।

कानपुर देहात के डेरापुर थाना क्षेत्र के मुर्रा गांव निवासी पंकज कुमार शर्मा की बेटी सुगम शर्मा की शादी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के फूप गांव में होनी है। घर में शादी के कार्यक्रम शुरू हो चुके थे। शादी के दो दिन पहले ही यानी रविवार को तिलक का कार्यक्रम था। परिवार और खास नाते-रिश्तेदार तिलक चढ़ाने के लिए इटावा गए थे। इटावा के गेस्ट हाउस में तिलकोत्सव कार्यक्रम था। तिलक चढ़ाने के बाद देर रात सभी लोग गांव लौट रहे थे। सोमवार को मातृ पूजन का कार्यक्रम था और मंगलवार को बारात आनी है। इटावा में तिलक चढ़ाने के बाद पंकज शर्मा परिवार वालों और नाते-रिश्तेदारों के साथ यही सोचकर रात में ही गांव लौट रहे थे कि सुबह से शादी के बाकी काम निपटाएंगे, लेकिन कुदरत के कहर ने गांव पहुंचने से पहले ही भोर पहर छह लोगों की जिंदगियां छीन लीं। सिकंदरा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास तेज रफ्तार डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई और खुले नाले में जा गिरी, जिससे कार में सवार आठ में से छह लोगों की मौत हो गई। गनीमत रही कि दो बच्चे बच गए, जिनका इलाज चल रहा है। इस हादसे की खबर पहुंचते ही मुर्रा गांव में कोहराम मच गया। जिस घर में शादी की खुशियां बिखरी थीं, वहां चीख-पुकार मच गई। इस दौरान घर में ज्यादातर महिलाएं ही थीं, हादसे की खबर सुनते ही बिलख पड़ीं। आस-पड़ोस के लोग घर के बाहर एकत्र हो गए। जो जिस हालत में था, उसी तरह घटनास्थल की ओर से निकल पड़ा। परिवार और नाते-रिश्तेदारी के लोग सुबह से पोस्टमार्टम हाउस और फिर शवों के अंतिम संस्कार में व्यस्त रहे। अलग-अलग जगह अंतिम संस्कार हुआ।



मुर्रा गांव में सोमवार को सूनी गलियां देती रहीं गम की गवाही। अमृत विचार

### गांव के घरों में नहीं जले चूल्हे, गलियां सूनी पड़ी रहीं

दर्दनाक हादसे के बाद समूचा मुर्रा गांव गम में डूबा है। सोमवार को अधिकतर लोगों के घरों में चूल्हे नहीं जले। पड़ोस की महिलाएं गमगीन हैं। आस-पास के लोगों का कहना है कि पंकज शर्मा का परिवार बहुत ही मिलनसार है। दूसरों की मदद करने में हमेशा आगे रहता है। परिवार के व्यवहार से ही आज हर कोई दुखी है। बिटिया सुगम की शादी में अब खुशियां तो नहीं रहेंगी, मगर हर कोई भागीदार बनेगा।



हादसे में घायल बच्ची से जनकारी लेते एसपी। अमृत विचार




हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।



गोलू उर्फ विजय।



खुशबू।



विकास शर्मा।



प्राची।



संजय।



प्रतीक।

### सबसे पहले दो बच्चों ने नाले में देखी कार, सूचना पर आधे घंटे बाद जुट गई भीड़

**सिकंदरा :** थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के पास हुए दिल दहलाने वाले हादसे में छह लोगों की मौत ने हर किसी को हिला कर रख दिया है। हालांकि हादसे में दो बच्चों की जिंदगी फिलहाल बच बच गई है। बताते हैं कि हादसा होने के बाद सबसे पहले गांव के दो बच्चों ने नाले में गिरी कार देखी। उन्होंने ही गांव वालों को सूचना दी। अगर दोनों बच्चे उधर से नहीं गुजरे होते तो शायद हादसे में जिंदा बचकर निकले दोनों बच्चों को बचाने में बहुत देर हो जाती। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर जिस तरह जगन्नाथपुर गांव के खुले नाले में गिरी, उससे उस पर बैठे सभी आठ लोग दब गए। भोर पहर जब हादसा हुआ, उस समय कोई चहल-पहल नहीं थी और सन्नाटा पसरा था। लोगों की चीखें कार के अंदर ही दबकर रह गई। सुनसान रोड पर किसी की भी नजर नाले में पड़ी कार की तरफ नहीं गई। जब गांव के ही दो बच्चे उधर से निकले तो उनका ध्यान कार की तरफ गया और उन्होंने ही गांव वालों को खबर दी। अगर दोनों बच्चे कार नहीं देखते और गांव वालों को खबर नहीं देते तो शायद सुबह का उजाला होने के बाद ही हादसे की जानकारी हो पाती और कार में फंसे दोनों जिंदा बच्चों को भी बचाना मुश्किल हो जाता। जिस किसी ने भी इस दर्दनाक हादसे को देखा, उसके रोंगटे खड़े हो गए। जगन्नाथपुर गांव के लोगों ने कार सवारों को बचाने की कोशिश की, लेकिन दो बच्चों को छोड़कर किसी को नहीं बचाया जा सका।

# नीट की तैयारी कर रहा था होनहार छात्र विजय

संवाददाता, शिवली

- दादी ने तिलक में जाने से रोका था, मगर मौत खींच ले गई

**अमृत विचार:** सड़क हादसे का शिकार हुआ 16 वर्षीय गोलू उर्फ विजय शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरी गांव का रहने वाला था, जो इस समय टिकरा गांव के प्राइवेट स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र था और नीट की भी तैयारी कर रहा था। हादसे में उसकी मौत से पूरा परिवार बिलख पड़ा।

गोलू भी रविवार को अपनी बुआ की बेटी सुगम शर्मा के तिलक में शामिल होने के लिए इटावा गया था। वापस लौटते समय हुए हादसे में उसकी भी जिंदगी छिन गई। हादसे की खबर से परिवार में मातम छा गया। पड़ोसियों ने बताया कि गोलू होनहार के साथ मिलनसार स्वभाव का था और इस समय नीट की तैयारी कर रहा था। वह पड़ोस के बच्चों मुफ्त में पढ़ाता था। जब वह तिलक में जाने के लिए तैयार हो रहा था तो दादी ने उसे जाने से रोका था, लेकिन वह यह कहकर चला गया कि दीदी की बार-बार शादी थोड़े होगी, कल ही वापस आ जाना है। सोमवार की सुबह जब हादसे ही खबर पहुंची तो परिवार में कोहराम मचा गया। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में जब उसका शव गांव पहुंचा तो दादी ऊषा उसके शव से लिपटकर दहाड़े मार पड़ीं। वह बार-बार यही कहती रहीं कि काश उनकी बात मान लेता। मां विनीता और बाबा जय नरायण शर्मा भी बिलख उठे। वहां मौजूद हर किसी के चेहरे पर आंशू छलक पड़े। देर शाम शिवराजपुर के खेरेश्वर घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# मजिस्ट्रेट की गाड़ी का चालक था विकास शर्मा

संवाददाता, बिल्हौर

- 50वीं कंपनी में होमगार्ड था विकास शर्मा, पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तहसीलदार

**अमृत विचार:** कानपुर देहात में सड़क हादसे का शिकार हुआ विकास शर्मा कानपुर नगर की 50वीं कंपनी में होमगार्ड था, जो कई वर्षों से बिल्हौर तहसील में मजिस्ट्रेट की गाड़ी के ड्राइवर के पद पर तैनात था। वह अपनी ड्यूटी के प्रति बहुत ही जागरूक था। यही वजह थी कि तहसीलदार तिमिराज सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार वालों को तसल्ली देते रहे।

बिल्हौर मजिस्ट्रेट की गाड़ी का ड्राइवर होने के लिहाज से विकास शर्मा ने शिवराजपुर कस्बे के वार्ड नंबर तीन में अस्थाई निवास बना रखा था। उनके साथ काम करने वाले सीईओ होमगार्ड दिलीप गौतम ने बताया कि विकास शर्मा अपनी ड्यूटी के प्रति बेहद सजग रहते थे। यही वजह थी कि बिल्हौर तहसील के अफसर उसको पसंद करते थे। समय पर ड्यूटी में पहुंचना और जिम्मेदारी से काम करना आदत में शुमार था। अधिकारी भी बेहद लगाव रखते थे। विकास शर्मा कई वर्षों से बिल्हौर तहसील में ड्राइवर के तौर पर तैनात थे। हादसे की जानकारी मिलते ही बिल्हौर तहसीलदार तिमिराज सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार वालों से मिलकर तसल्ली बंधाई। तहसीलदार तिमिराज सिंह ने बताया कि अक्सर ही विकास शर्मा उन्हें गाड़ी से ले जाता था।

### बुझ गया घर का चिराग

हादसे का शिकार हुआ 10 वर्षीय प्रतीक भी बुआ की भतीजी के तिलक में हंसते-मुस्कराते गया था। शिवराजपुर क्षेत्र के शैलजा गांव के पवन शर्मा का बेटा प्रतीक एकलौता चिराग था। उसकी मौत से परिवार के लोग आंसू नहीं रोक पा रहे हैं। पिता पवन एक दूध कंपनी में मजदूर है। मां अंतिम संस्कार के दौरान दहाड़े मार कर रोती रही और जिगर के टुकड़े को उठाने की कोशिश करती रही।



प्रतीक की मौत से गम में डूबा परिवार। अमृत विचार



जगन्नाथपुर के इसी खूनी नाले में जा गिरी कार। अमृत विचार

# एक माह में सात जिंदगी छीन चुका 'खूनी' नाला

रईस अहमद, सिकंदरा

- खतरनाक मोड़ पर पीडब्ल्यूडी ने नहीं लगाए कोई संकेतक
- रात के अंधेरे में नजर नहीं आता नाला, कई बार हुए हादसे

**अमृत विचार:** क्षेत्र के जगन्नाथपुर मोड़ का खतरनाक नाला एक माह में सात लोगों की जिंदगी निगल गया। स्पीड ब्रेकर अथवा कोई संकेतक नहीं होने से रात के अंधेरे में नाला नजर नहीं आता। शायद यही वजह है कि अक्सर यहां पर हादसे होते हैं। इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग बेफिक्र है और अभी तक कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

जगन्नाथपुर के मोड़ पर स्थित नाला अब खूनी बन गया है। कोई स्पीड ब्रेकर अथवा संकेतक नहीं होने से वाहन चालक तेज रफ्तार फर्राटा भरते हैं और अचानक ब्रेक लगाने से सीधे नाले में चले जाते हैं। सिकंदरा से रसूलाबाद की ओर जाने वाली सड़क पर कई जगह तालाब और गड्ढे हैं, मगर लोक निर्माण विभाग ने कहीं भी संकेतक अथवा बेरीकेडिंग का इंतजाम नहीं किया है। यही वजह है कि अक्सर यहां हादसे होते हैं। लोगों का कहना है कि जगन्नाथपुर मोड़ पर स्पीड ब्रेकर के साथ बेरीकेडिंग कराना जरूरी है। करीब एक माह पहले अमराहट थाना क्षेत्र के करियापुर गांव के दीपू (22) पुत्र जगदीश राजपूत, गौरव बाबू (22) पुत्र अर्जुन सिंह बाइक से मंगलपुर बुआ के घर जा रहे थे, तभी इसी जगन्नाथपुर गांव के मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई थी, जिसमें दीपू की मौके पर ही मौत हो गई थी। गौरव गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। रविवार की भोर भी उसी जगह पर हादसा हुआ, जहां अनियंत्रित कार सीधे नाले में जा गिरी, जिसमें छह लोगों की जान चली गई।

### कहीं बारिश में फिसलन तो नहीं बन गई हादसे की वजह

इस हादसे से हर कोई स्तब्ध है। गांव वालों की ओर से कयास लगाए जा रहे हैं कि कहीं रात में हुई रुक-रुक कर बारिश तो इस हादसे की वजह नहीं बनी। रविवार की रात से ही बारिश हो रही थी। बारिश की वजह से सड़क पर फिसलन भी थी। जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां खतरनाक मोड़ है। मोड़ पर तेज रफ्तार गाड़ी पर अचानक ब्रेक लगाने से गाड़ी फिसलने का खतरा रहता है। ग्रामीणों का अनुमान है कि शायद गाड़ी फिसलने की वजह से ही अनियंत्रित हुई और नाले में जा गिरी।

# पहले साली को बनाया बीवी फिर पत्नी को मार कर फेंका

संवाददाता, घाटमपुर

- रेउना क्षेत्र के कटरी काटर में चार दिन से गायब थी पत्नी
- यमुना नदी में मछुआरे के जाल में फंसा शव, पति गिरफ्तार

**अमृत विचार:** रेउना थाने के कटरी काटर गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने पहले अपनी साली को बीवी बनाया और फिर पत्नी को मार कर यमुना नदी में फेंक दिया। सोमवार को नदी में मछलियां पकड़ रहे मछुआरे के जाल में महिला का शव फंस गया, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पिता ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

रेउना थाना क्षेत्र के कटरी काटर गांव निवासी शैलेंद्र निषाद की शादी छह साल पहले फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के भगलापुर निवासी रामबाबू की पुत्री सुनैना के साथ हुई थी। सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। उसके दो बच्चे यश (5) और रुचि (3) हैं। शादी के बाद से शैलेंद्र का ससुराल आना-जाना बना रहा। इसी बीच उसके साली नैना से संबंध हो गए। इसको लेकर सुनैना और शैलेंद्र में अक्सर झगड़ा होने लगा। छह माह पहले शैलेंद्र ससुराल गया और साली नैना को अपने साथ कटरी काटर गांव ले आया। उसे बीवी के रूप में रख लिया। बहन को ही शौतन बनाने पर सुनैना एतराज करती तो शैलेंद्र उसके साथ मारपीट करता था। एक फरवरी को सुनैना अचानक गायब हो गई। सुनैना के पिता रामबाबू रेउना थाने पहुंचे और बेटी की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए प्रार्थना पत्र दिया। उसने पुलिस को सारी बात बताई थी। आखिर पिता का शक सच साबित हुआ। रविवार की शाम करीब तीन बजे गांव के कुछ मछुआरे यमुना नदी में मछलियां पकड़ रहे थे, तभी जाल में एक शव फंस गया। मछुआरों ने जाल खींचा तो शव बाहर निकल आया। मछुआरों ने शव देखा तो वह चार दिन से गायब सुनैना का था। यह सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सबसे पहले पति शैलेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।



कटरी काटर गांव में लाश बरामद होने के बाद जुटी भीड़ और पुलिस। अमृत विचार

### तीन दिन पहले पुलिस ने पिता को थाने से भगाया था

पहली फरवरी को सुनैना के गायब होने के बाद पिता रामबाबू रेउना थाने पहुंचा था और हत्या की आशंका जाहिर की थी, जबकि पति शैलेंद्र ने थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। रेवना पुलिस ने बवाल टालने के लिए पिता रामबाबू को भगा दिया था और पति शैलेंद्र की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। अब पुलिस पिता की आवाज दबाने के लिए पूरी कोशिश कर रही है।

### अब बच्चों की परवरिश को लेकर छिड़ा विवाद

सुनैना के दो बच्चे यश और रुचि हैं। दोनों रो-रो कर बेहाल हैं। बच्चों को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद छिड़ गया। नाना रामबाबू दोनों को अपने साथ ले जाना चाहते हैं। मां का साया छिनने, पिता के जेल जाने के बाद पुलिस भी इस प्रयास में लगी रही कि बच्चों को ननिहाल वालों की सुपुर्दगी में दिया जाए, लेकिन शैलेंद्र के परिवार वाले बच्चों को देने से इनकार कर रहे हैं। देर शाम तक कोई हल नहीं निकला।

## युवक की मौत में दो आरोपी भेजे गए जेल

**भीतरगांव।** साढ़ क्षेत्र के गोपालपुर में पखवारे भर पहले मारपीट में घायल हुए राजेश सोनकर की इलाज के दौरान मौत होने के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकित, पारुल, दीपक व दो अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया था, जिसमें आरोपी पारुल व दीपक गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पैर में दो जगह फैक्चर व हांथ में एक एक जगह फैक्चर के साथ युवक के सीने में गम्भीर चोटें आई हैं।

# हादसे में बेटे की मौत पिता भी गंभीर घायल

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के बिनगवां में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता व एक पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद रिश्तेदारों ने जाम लगाकर हंगामा किया।

नर्वल क्षेत्र के पाल्हेपुर का धर्मेंद्र पासवान सोमवार देर शाम बेटे सूरज व पड़ोसी रामू निषाद के साथ बाइक से बिनगवां तिलक समारोह में जा रहा था। सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के मोड़ के पास हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक के पहिये के नीचे आने से सूरज की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पिता धर्मेंद्र और रामू गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक ट्रक खड़ा कर भाग निकला। पुलिस ने घायलों को हैलट भेजा। रिश्तेदारों ने हंगामा करते हुए रोड जाम कर दिया। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराया। इस दौरान करीब तीन किलोमीटर लांबा जाम लग गया।

# नमक फैक्ट्री का घेराव, नारेबाजी

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू थाना क्षेत्र के टीकर मघई गांव में बस्ती के नजदीक चल रहीं अवैध काला नमक फैक्ट्रियों के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध करते हुए हंगामा किया। ग्रामीणों ने शिकायत के बाद भी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कार्रवाई न होने पर रोड जाम करने की धमकी दी है।

टीकर मघई गांव में बस्ती के पास बीते दो सालों से तीन काला नमक की फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। सोमवार दोपहर ग्राम प्रधान पुत्र रोहित वर्मा की अगुवाई में प्रवीण यादव, रघुनाथ, अनुज यादव, रामौतार, मुकेश, बसंत समेत 50 ग्रामीणों ने फैक्ट्रियों के सामने खड़े होकर हंगामा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुंआ और पानी की वजह से फसल बंजर होने के साथ गांव में बीमारियां फैल रही है। साथ दुधारू मवेशी बीमारी के शिकार होकर मर रहे हैं। आरोप है कि पुलिस से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने फैक्ट्रियां न हटने पर रोड जाम कर धरने की चेतावनी दी है।



नमक फैक्ट्री के सामने नारेबाजी कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सर्वजातीय सामूहिक विवाह में चार जोड़े हमसफर बने

**घाटमपुर।** परास गांव में बुंदेलखंड किसान हितैषी सेवा समिति की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में चार जोड़ों ने अपना हमसफर चुन लिया। समिति की ओर से जोड़ों को अलमारी, बक्सा, सिलाई मशीन, एलईडी टीवी आदि उपहार स्वरूप भेंट की गई। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष संजीव तिवारी, संरक्षक सत्येंद्र प्रताप, संयोजक मनीष राणा, मनोज, ब्रजेंद्र द्विवेदी, संदीप शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रक चालक से मोबाइल लूटने वाला गिरफ्तार

**बिधनू।** अकबरपुर निवासी चालक सौरभ कुमार 26 जनवरी की रात ट्रक लेकर लखनऊ से कबरई गिट्टी लादने जा रहा था। कोहरा अधिक होने की वजह से शंभुआ आरओबी के पास हाईवे किनारे पार्किंग में ट्रक खड़ा कर सो गया। देर रात एक बाइक से तीन लुटेरे आए ट्रक के दोनों तरफ की खिड़की तोड़कर केबिन में घुस गए। चालक से 25 हजार नकदी समेत मोबाइल छीन लिया। चालक के शोर मचाने पर दूसरे ट्रक चालक दौड़े तो लुटेरे बाइक छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने बाइक नंबर और सर्विलांस के सहारे कानपुर के बर्रा जरौली से एक लुटेरे अजय उत्तम को दबोच लिया। उसके पास से ट्रक चालक का मोबाइल और ढाई हजार रुपये बरामद हुए।

### पानी भरे रजबहे में गिरने से राजमिस्त्री की मौत

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कठोंगर निवासी राजमिस्त्री राजबहादुर मिर्गी से पीड़ित था। रविवार सुबह वह टहलते हुए नगवां के रजबहे के किनारे पहुंच गया। तबीयत बिगड़ने पर वह पुलिया पर लेट गया। मिर्गी का दौरा पड़ने से वह रजबहे में गिरकर पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने बाहर निकाल कर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने गंभीर हालत में काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोपहर बाद उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत की सूचना से मां मुन्नी देवी गश खाकर गिर पड़ीं।

### ऑपरेशन त्रिनेत्र को सफल बनाने में जुटी पुलिस

**बिल्हौर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के ऑपरेशन त्रिनेत्र को सफल बनाने के लिए सोमवार को ककवन थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने थाने में सीसीटीवी कैमरा लगवाकर इसकी शुरुआत की। चौराहों व भीडभाड़ इलाकों में नागरिकों से कैमरे लगवाने की अपील की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों से भी संपर्क किया जा रहा है और आपराधिक गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए मुख्य स्थान को चिन्हित कर वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। बिल्हौर में भी थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने भी पूरे क्षेत्र मे कैमरा लगवाने के लिए लोगों से अपील की है।

### उधारी के डेढ़ सौ रुपये मांगने पर मजदूर को पीटा

**सरसौल।** सरसौल निवासी निसात ने बताया कि शुक्रवार को रामपुर रोड पर खड़ा था तभी जितेंद्र अपना ई रिक्शा लेकर वहां पहुंच गया। उसने जितेंद्र से अपना डेढ़ सौ रुपये बकाया मांगा तो इसी बात से आगबबूला जितेंद्र ने उसे वही पर गिराकर लात घूंसो से पीटना शुरू कर दिया, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बीच बचाव कर बड़ी मुस्कील से उसे जितेंद्र के चंगुल से छुड़ाया। निसात ने बताया कि वो मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता है। एसओ महाराजपुर अभिषेक शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सड़क हादसों में चार युवकों ने तोड़ा दम

## मौरावां, माखी व पुरवा में एक-एक मौतें, दस दिन पहले काली मिट्टी-दबौली मार्ग पर घायल युवक की भी मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मौरावां में विद्युत पोल से बाइक टकराने से चालक की मौत
- माखी में ठेलिया लेकर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा
- फतेहपुर चौरासी में सड़क हादसे में घायल हुए किशोर की मौत
- पुरवा-अचलगंज मार्ग पर डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, हुई मौत

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत पुरवा मार्ग स्थित मुरैता मोड़ के पास बीती रात रिश्तेदारी से लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। इसमें घायल बाइक चालक को पुलिस ने पास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। माखी थानांतर्गत वाहन की टक्कर से ठेला लेकर जा रहे व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र में हुए हादसे में घायल किशोर ने दम तोड़ दिया।


सोमिल।

**पुरवा।** कोतवाली अंतर्गत के असेहरु गांव निवासी किशन लाल (40) बीते रविवार मौरावां थानांतर्गत उदित खेड़ा गांव में अपने रिश्तेदार के घर गया था। जहां से देररात घर लौटते समय मौरावां-पुरवा मार्ग पर मुरैता मोड़ के पास रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। इसमें उसे गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने उसे पड़ा देख पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे पास की सीएचसी ले गई। जहां मौजूद डाक्टर ने किशनलाल को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे और शव देख बिलख उठे। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिवंगत युवक की पत्नी चंद्ररानी ने बताया कि पति खेती करते थे। वह तीन भाइयों व एक बहन में छोटे थे। उसका बेटा शिवम मुंबई में मजदूरी करता है। पिता की मौत की सूचना मिली तो वह भी बेहाल हो गया। एसओ मौरावां भवन सिंह मौर्य ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


हादसे के बाद बिलखती मौरांवा हादसे में मृत युवक की पत्नी। अमृत विचार

**माखी :** थानाक्षेत्र के गांव गंगाखेड़ा निवासी रामबाबू (45) चकलवंशी चौराहे पर मूंगफली का ठेला लगाता था। रविवार रात नौ बजे शराब ठेके के पास कमरे में ठेला खड़ाकर पैदल घर जा रहा था। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर संडीला की ओर जा रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इसमें रामबाबू गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की थी। घायल युवक के पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए थे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से पत्नी सुशीला व अन्य परिजन बेहाल हैं। मृतक का एक रिश्तेदार का बेटा यश उसके पास रहता था। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।


मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

**फतेहपुर चौरासी :** थानाक्षेत्र के गांव हयासपुर के मजरा ख्वाजगीपुर निवासी आनंद राठौर का 16 वर्षीय बेटा सोमिल बीती 26 जनवरी को बाइक से कस्बा फतेहपुर चौरासी आ रहा था। कालीमिट्टी-दबौली मार्ग पर सुबह 10 बजे गोरीमऊ मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया था। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जबकि, परिजन कानपुर के निजी अस्पताल में उसका इलाज करवा रहे थे। बीती रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजनों ने सोमवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सोमिल की मौत से मां सोनी, पिता, बहन दिव्या, भाई सूरज बेहाल हैं। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

**पुरवा :** पुरवा-अचलगंज मार्ग पर सोमवार को क्षेत्र स्थित सुंदरलाल विद्यालय के पास बाइक सवार को डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उसकी पहचान के प्रयास किये लेकिन, उस समय इसमें सफलता नहीं मिल। इस पर जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद उसकी पहचान के लिए पुलिस द्वारा आसपास के लोगों व सोशल मीडिया से जानकारी की गई तो पता चला कि मृतक राम प्रकाश (30) पुत्र रामपाल निवासी बेलापुर पोस्ट रामपुर देवसिंह थाना अटारियां जिला सीतापुर का निवासी है। घटना की सूचना से पिता राम पाल, मां राम रानी, पत्नी सोनी, भाई लवलेश व अजय का रो-रोकर बुरा हाल रहा। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि हादसा करने वाले डंफर को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## कई मोहल्लों में बारिश से फाल्ट, घंटों ठप रही बिजली आपूर्ति

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार से सोमवार के बीच हुई बारिश के कारण नगर के कई स्थानों में रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। जिससे घंटों बिजली गुल रही। वहीं अंबिकापुरम में एचटी केबिल जलने से 18 घंटे बिजली गुल रही। इसके अलावा दो मोहल्लों में पोल में करंट उतर आया।



रविवार रात आठ बजे अंबिकापुरम में एचटी केबिल में आग लग गई। जिस पर क्षेत्र की आपूर्ति बंद कर दी गई। रात मे बारिश होने के कारण मरम्मत कार्य नहीं हो सका। सोमवार शाम मरम्मत कराई गई। इस दौरान 18 घंटे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। इसके अलावा चंपापुरवा, गोताखोर, रहमत नगगर, गंगा नगर में रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण सुबह से शाम तक बिजली गुल रही।

वहीं आदर्श नगर में तार टूटने से सुबह से शाम तक आपूर्ति बंद रही। इसके अलावा प्रेम नगर और राहमत नगर में लोहे के पोल में करंट उतर आया। जिससे कई लोग बाल-बाल बच गये। वहीं बिजली कर्मियों ने मरम्मत करने के लिये चार घंटे लगा दिये। जिससे क्षेत्र की बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।


बैराज मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

# क्रासिंग बंद होने से बैराज मार्ग जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पीक आवर में नवीन पुल और बैराज पर फिर लगा जाम

**अमृत विचार।** सोमवार दोपहर सरैयां रेलवे क्रासिंग से ट्रेनें निकलने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। वहीं सुबह के समय नवीन पुल पर भी जाम की स्थिति बनी रही। जहां कोतवाली प्रभारी पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद रहे और जाम हटवाते रहे।

दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद हो गई। जिससे एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लग गया। राहगीरों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं नवीन पुल पर सुबह के समय पीक आवर में वाहनों का भार बढ़ने से जाम लगा रहा। जाम को देख गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ नवीन पुल के पास मौजूद रहे। जहां आड़े तिरछे वाहन निकालने वाले वाहन सवारों को फटकार लगाई। इसके बावजूद फोरलेन तक वाहन कतारों में खड़े रह। जाम हटवाने के लिये पुलिस कर्मी मशक्कत करते रहे। वहीं एएसपी ने निरीक्षण के दौरान पोनी रोड तिराहे से टेंपो स्टैंड को हटवाने के निर्देश दिये थे। इसके बावजूद सोमवार को पोनी रोड तिराहे पर आड़े तिरछे टेंपो और ई-रिक्शा खड़े रहे। जिससे सुबह से लेकर देर शाम तक पोनी रोड तिराहे और फोरलेन पर रुक-रुककर जाम लगता रहा। जिससे आने जाने वाले लोगों को मुसीबत उठानी पड़ी।


अयोध्या दर्शन को पैदल जाते आरएसएस कार्यकर्ता। अमृत विचार

# अयोध्या के लिये पैदल निकले आरएसएस कार्यकर्ता

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने के दौरान नगर के आरएसएस कार्यकर्ताओं ने पैदल पहुंचकर प्रभु राम के दर्शन करने की मन्नत मांगी थी। उसी को लेकर सोमवार को दुर्गा मंदिर में दर्शन करने के बाद कार्यकर्ता अयोध्या के लिये रवाना हुये।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक के भूपेन्द्र सिंह, आकाश बाजपेई, शिवम मिश्रा, कृष्ण प्रताप, ओम शुक्ला सुबह अयोध्या धाम पैदल जाने की मन्नत मांगी थी। जिस पर सोमवार सुबह वह राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पहुंचे। जहां माता के दर्शन किये। जिसके बाद पैदल रवाना हो गये।

इस दौरान सूर्य कुमार बाजपेई, अंजनी अग्निहोत्री, मुन्ना सिंह आदि तमाम लोगों ने फूल माला पहनाकर उन्हें विदाई दी।

## बेहोश मिले विक्षिप्त को इलाज के लिए भेजा


**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार सुबह पीपरखेड़ा गांव के बाहर सड़क किनारे एक विक्षिप्त बेहोशी की हालत में पड़ा था। जिस पर उसे इलाज के लिये ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल के लिये भेजा है। रविवार रात से सोमवार के बीच कई बार बारिश होने से पीपर खेड़ा गांव के पास एक विक्षिप्त भीगता रहा। जिससे वह सुबह सड़क के किनारे बेहोश हो गया। बेहोशी हालत में देख ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान उदयराज को सूचना दी। जिस पर पुलिस को अवगत कराया गया। वहीं प्रधान ने 108 एम्बुलेंस से उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया है।

# स्थापना दिवस पर श्याम खाटू मंदिर में महोत्सव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गोपीनाथ पुरम स्थित खाटू श्याम मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर रविवार को मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान कराये गये। इसके साथ ही बाबा का भव्य श्रंगार कराकर श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां पूरी रात श्याम प्रेमी बाबा के भजनों पर झूमते रहे।

मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर श्री श्याम प्रभु के दिव्य विग्रह, अलौकिक श्रृंगार, छप्पनभोग, फूलों की होली, निशान उत्सव, विशाल कीर्तन, श्याम रसोई एवं महाआरती का आयोजन किया गया। जिसके बाद महोत्सव में खाटू वाले बाबा के सुरीले भजन भक्तों को पूरी रात भक्तिरस में सराबोर कर देंगे।


श्याम मंदिर में बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार।

वहीं बाबा के गीतों में जो भी आए चौखट इनकी उसकी हर रोज दिवाली भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, खाटू वाले श्याम धनी की चर्चा हो गयी, शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा है। जिसके बाद सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा। अवधेश बाजपेई, दीपक बाजपेयी, अनुराग बाजपेई, आशीष शुक्ला, प्रकाश दीक्षित, अमन बाजपेयी, आनंद मिश्रा, निहाल, संदीप मिश्रा, गौरव दुवे, अजय शर्मा, उपेन्द्र मौजूद रहे।

## मानव को मुक्ति एवं भक्ति प्रदान करती है कथा : व्यास

**शुक्लागंज उन्नाव।** पोनी रोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद् देवीभागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने देवीभागवत की कथा का बखान किया। जिसे सुन वहां मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गये। वहीं समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा को आगे बढ़ाते हुये पं. शिव कुमार दीक्षित ने कहा कि कथा का श्रवण करने से मानव को मुक्ति एवं भक्ति प्रदान होता है। जो मनुष्य सभी यज्ञों तीर्थ तथा दान आदि शुभ कर्म से जो फल प्राप्त करता है। वही फल एक बार देवी भागवत पुराण के श्रवण से मिल जाता है। उन्होंने कहा कि अमृत पान से तो केवल एक मनुष्य ही अजर अमर होता है। किंतु भगवती की कथा रूप अमृत संपूर्ण बना देती है। जिस घर में देवी भागवत पुराण का नित्य पूजन किया जाता है। वह घर तीर्थ स्वरूप हो जाता है। उसमें रहने वाले को पापों का विनाश हो जाता है। इस संसार में जो मनुष्य श्रवणइंद्रियों युक्त होकर भी इसके स्वाद में लगे रहते हैं। इस मौके पर कमल दोसी, मीना दोसर, सुशील, सुषमा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, विनोद पांडे, प्रमोद पांडे, मधु सिंह, निशा दुबे, प्रसून, शशांक, सिद्धांत श्रोता मौजूद रहे।

# विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर गाय की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अचलगंज कस्बे के पीएनबी के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** विद्युत पोल के सपोर्टिंग वायर में आए करंट की चपेट में आकर गाय की मौत हो गई। सूचना देने के बाद भी पोल नहीं बदलने से अक्रोशित लोगों ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और पशु चिकित्सक को बुलाकर पोस्टमार्टम के बाद गाय का शव दफन कराया।

अचलगंज कस्बा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास लगे विद्युत पोल में रविवार रात करंट उतर आया। उसमें कस्बा निवासी रामकैलाश माली की गाय की चपेट में आने से मौत हो गई। गाय की मौत के बाद लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।

उनका कहना था कि खंभे में करंट उतरने की सूचना विभागीय जिम्मेदारों को दी गई थी। इसके बाद भी उन लोगों ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सक डा. नरेंद्र को बुलाकर शव का पोस्टमार्टम कराया फिर शव दफन कराकर मामला शांत कराया। जेई आशीष भदौरिया ने बताया कि सीमेंट के खंभे लग गए हैं। उसमें तार का खिंचाव होना है। जल्द ही काम पूरा होगा।

## महिला ने युवक के विरुद्ध कोतवाली में दी तहरीर, रिपोर्ट दर्ज

**पुरवा।** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 25 जनवरी की दोपहर वह खेत में मवेशी का चारा लेने गई थी, तभी खेत में शीतलगंज का झब्बू उससे छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख वह भाग निकला। पीड़िता ने बताया कि इस मामले का युवक ने वीडियो भी बनाया लिया था। जिसे उसने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

# युवक की बेरहमी से की गई थी हत्या पीएम रिपोर्ट में आठ चोटें आईं

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पांच दिन बीतने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैराज मार्ग पर पिछले दिनों एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। शिनाख्त न होने पर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया। जहां सोमवार को शव का पीएम डॉक्टरों ने किया। जहां पीएम रिपोर्ट में युवक की बेरहमी से हत्या होने की पुष्टि हुई है। वहीं मृतक की शिनाख्त कराने के लिये पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

बैराज मार्ग पर गुरुवार को एक लगभग 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा पाया गया था। सूचना पर सीओ सिटी मौके पर पहुंचकर जांच की थी। इधर शव मर्च्युरी में रखवाया गया था। पुलिस पहचान कराने के प्रयास कर रही है। गंगाघाट पुलिस ने आस पास के जिलों के कई थानों में गश्ती भेजी है। मृतक की हुलिया के अनुसार यदि किसी थाने में गुमशुदगी दर्ज होगी तो उसके आधार पर भी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। पांच दिन बीतने के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। जिस पर सोमवार को शव का पीएम कराया गया। पीएम में युवक की बेरहमी से हत्या की गई। जहां हत्यारों ने युवक के मुंह में बालू भर दी। इतना ही नहीं गर्दन दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

पीएम रिपोर्ट में गले की आठ हड्डी टूटी मिली। पूरे शरीर में आठ चोटों के निशान पाये गये। इसके साथ ही चेहरे पर भी चोट के निशान मिले हैं। इससे यह कयास लगाया जा रहा है कि युवक को मौत के घाट उतारने के दौरान कई लोग शामिल होंगे। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### सिग्नल केबिल कटने से मेमो से गुजरीं ट्रेनें

**शुक्लागंज उन्नाव।** छमकनाली पुलिया के पास जेसीबी से काम होने के कारण सोमवार को भूमिगत पड़ी सिग्नल केबिल कट गई। जिससे सिग्नल में खराबी आ गई। जिसकी जानकारी एसएनटी विभाग को दी गई। केबिल कटने के कारण अप लाइन की ट्रेनों को मेमो देकर गुजारा गया। रेलवे को छमकनाली 108 पुलिया की मरम्मत का कार्य कराया जाना है। उसी को लेकर सोमवार को जेसीबी से खुदाई की जा रही थी, तभी पुलिया के नीचे पड़ी सिग्नल केबिल कट गई। जिससे अप लाइन से आने वाली ट्रेनों को सिग्नल नहीं मिल सका। आउटर पर ट्रेनें खड़ी होने पर इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी गई। जिस पर एसएनटी विभाग मौके पर पहुंचा और फाल्ट ढूंढने के बाद मरम्मत कार्य किया। इस दौरान मगरवारा से कानपुर जाने वाली एक्सप्रेस, पैसेंजर और मालगाड़ी समेत सभी ट्रेनों को मेमो देकर निकाला गया। शाम पांच बजे मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।

### चबूतरे के विवाद को लेकर रुका निर्माण कार्य

**शुक्लागंज।** पालिका की ओर से कंचन नगर की एक बंद गली का निर्माण कराया जा रहा है। जहां एक घर के बाहर बने चबूतरे को न तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। विवाद को देखते हुये ठेकेदार ने काम बंद करा दिया। इधर गली के लोगों ने डीएम से लेकर पालिका प्रशासन को पत्र देकर गुहार लगाई है। पालिका क्षेत्र के वार्ड 12 कंचन नगर में एक बंद गली में इंटरलॉकिंग और नाली बनाने का काम किया जा रहा है। एक ओर नाली बनाने के लिये चबूतरा बना हुआ था। जिस पर सामने रहने वाले लोगों ने चबूतरा तोड़ने की मांग की। दूसरी ओर मुन्ना सिंह का मकान है। जहां दो फिट का चबूतरा बना हुआ है। दूसरी तरफ के रहने वाले भुवनेश भारत तिवारी चबूतरा को हटाकर नाली बनवाने की बात कही। जिस पर दोनों में विवाद हो गया। विवाद होने पर ठेकेदार ने काम बंद करा दिया। जिसके बाद डीएम से लेकर पालिका प्रशासन को पत्र देकर अवगत कराया गया। पालिका प्रशासन ने बताया कि गली बारह फिट की है लेकिन लोगों ने घरों के आगे चबूतरे बनवा लिये हैं। जांच के बाद पूरी गली बनवाई जायेगी।

### इलेक्ट्रानिक दुकान में लगी आग, लाखों के उपकरण जले

**नवाबगंज उन्नाव।** कस्बा नवाबगंज के पछियांव मोहल्ला निवासी गुड्डु पुत्र रामकुमार की पौराणिक दुर्गा माता मंदिर के पास इलेक्ट्रानिक उपकरण की दुकान है। रविवार रात गश्त पर निकले चौकी के सिपाही ने बंद दुकान से धुआं उठते देख गुड्डु को सूचना देकर बुलाया। तब तक आग विकराल विकराल रूप ले चुकी थी। आसपास के लोगों ने निजी साधनों से पानी की बौछार कर किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखे कीमती उपकरण जल चुके थे। दुकान स्वामी ने बताया कि बीती रात करीब 12 बजे वह दुकान के पास से निकला था तब आग नहीं लगी थी। हादसा उसके बाद हुआ है। दुकान में पांच लाख से अधिक का माल भरा था। साथ ही गुल्लक में नगदी भी रखी थी।

### हरे पेड़ों की कटान कराने का वीडियो वायरल, जांच के निर्देश

**पुरवा उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अचलखेड़ा के पास स्थित एक बाग में ठेकेदार द्वारा प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान करने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रियदर्श चौधरी ने तत्काल वन दरोगा को भेजकर जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। तहसील क्षेत्र के गांव अटवट में रविवार को लकड़ी कथित ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से नीम के पेड़ काटे जा रहे थे। जिस पर ठेकेदार पर आठ हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं कस्बे के फहीम अली ने एसडीएम रणवीर सिंह को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह लकड़ी का ठेकेदार हैं। एक वर्ष पूर्व उसने सभासद बनने के बाद ठेकेदारी छोड़ दी थी। एक वर्ष पूर्व एक वन दरोगा ने उससे 20 हजार रुपए लकड़ी कटान के लिए थे। आरोप लगाया कि दरोगा द्वारा प्रति पेड़ 2 हजार लेने की बात कह पेड़ों को कटा लेने की बात कही गई थी। लकड़ी कटान का काम बंद करने के बाद जब दरोगा से रुपए मांगे तो उसने उसे गालियां दीं और रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देकर भगा दिया। एसडीएम रणवीर सिंह ने जांच का भरोसा दिया है।

**तैयारी** 22 को पहला इम्तहान, सीसीटीवी कैमरे लगाने में जुटा केंद्र

# छह केंद्रों पर 4063 छात्र देंगे परीक्षा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**इन केंद्रों में रहेंगे इतने परीक्षार्थी**

| केन्द्र | हाईस्कूल | इंटर | कुल |
|---|---|---|---|
| ओपीजे | 279 | 285 | 564 |
| डीएमवीएम | 127 | 146 | 273 |
| एसवीएमआईसी | 587 | 464 | 1051 |
| जीपीएमएसवीएम | 462 | 237 | 699 |
| एमडीएस | 474 | 405 | 878 |
| मनोहरलाल | 382 | 215 | 597 |

**अमृत विचार।** 22 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षाएं शुरु होनी हैं। जिसको लेकर गंगाघाट क्षेत्र के छह विद्यालयों को केन्द्र बनाया गया है। जहां छह केन्द्रों में 4063 बच्चे हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं देंगे। जिसको लेकर केन्द्र व्यवस्थापकों ने अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी है। इसके साथ ही केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को भी पूरा करने में जुट गये हैं।

गंगाघाट क्षेत्र के राजधानी मार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वालादेवी इंटर कॉलेज, कंचन नगर स्थित महार्षि दयानंद इंटर कॉलेज, सीताराम कॉलोनी स्थित द्वारिका मोहिनी इंटर कॉलेज, देवारा कलां स्थित मनोहर लाल गर्ल्स इंटर कॉलेज, गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर, गोपीनाथ पुरम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज समेत छह केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें हाईस्कूल और इंटर के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। केन्द्रों में व्यवस्थापक दस्तावेजों से लेकर छात्र छात्राओं के बैठने के लिये सीटिंग अरेंजमेंट व अन्य कमियों को दूर करने में अभी से जुट गये हैं। क्योंकि 22 फरवरी को पहला पेपर होना है। गंगाघाट क्षेत्र के छह केन्द्र में हाईस्कूल और इंटर के 4063 छात्र छात्राएं परीक्षाएं देंगे। 2311 हाईस्कूल के और 1752 इंटर के छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

# पुलिस करा रही मजदूर की जमीन पर कब्जा

संवाददाता, सोहरामऊ उन्नाव

- पीड़ित बोला, आबादी की जमीन पर वर्षों से काबिज

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी मजदूर ने आरोप लगाया है कि सोहरामऊ पुलिस द्वारा आबादी की जमीन पर उसके वर्षो पुराने कब्जे को हटवाकर वर्तमान प्रधान के सहयोगियों को काबिज किया जा रहा है। वहीं इस मामले पर चौकी इंचार्ज ने बताया कि दोनों पक्ष चौकी में समझौता कर गए हैं। जबकि, पीड़ित ने समझौते की बात से इंकार करते हुये उच्चाधिकारियों से इसकी शिकायत करने की बात कही है।

बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के एक गांव का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ व्यक्ति जमीन के एक टुकड़े पर निर्माण करते दिख रहे हैं। हालांकि ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। लोगों के अनुसार, मामला असोहा विकासखंड अंतर्गत चिलौली गांव के मजरा दौलत खेड़ा का है। दौलत खेड़ा निवासी रामकुमार, सजीवन लाल व राम बहादुर पुत्र देवी प्रसाद, भूपराज पुत्र रामऔतार, अंकित पुत्र रामशंकर व बबलू पुत्र रामशंकर ने एएसपी को शिकायती पत्र देकर सोहरामऊ थाना में तैनात कुछ सिपाहियों के नाम लिख उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने ग्राम प्रधान पर भी पुलिस से मिलकर अपने सहयोगियों को कब्जा कराने का आरोप लगाया है।

## विद्यालय प्रांगण में होगी इंटरलॉकिंग

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** कस्बा में संचालित प्राथमिक विद्यालय में बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति होने के कारण नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए से इंटर लॉकिंग लगाई जाएगी। इससे छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

नगर पंचायत के मोहल्ला शास्त्री नगर में संचालित प्राइमरी विद्यालय में बारिश में विद्यालय के प्रांगण में जलभराव और कीचड़ की स्थिति बनी रहती थी। जिससे बच्चों व शिक्षकों को विद्यालय आवागमन में काफी दिक्कतें होती थीं। जिसे नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश जायसवाल ने क्षेत्रीय सभासद श्यामानुज पांडे व विद्यालय के शिक्षकों के कहने पर 15वें वित्त से 5.95 लाख खर्च कर विद्यालय में इंटरलाकिंग का कार्य कराने की तैयारी की है।

# हाईवे से जुड़े चिलौला गांव के नसीब में कच्ची सड़क

## उपेक्षा की इंतिहा : आजादी के बाद से नहीं मिलीं मूलभूत सुविधाएं, जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों को मिला कोरा आश्वासन

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एक ओर जहां देश-प्रदेश के साथ जिले में भी हाईवे से लेकर गंगा एक्सप्रेस-वे का काम तेजी से चल रहा है। अरबों का बजट भी इनके लिये मुहैया कराया जा रहा है। लेकिन इन हाईवे व एक्सप्रेस-वे के बीच एक ऐसा गांव भी है जिसके बाशिंदों को आजादी के बाद से अब पक्की सड़क नसीब नहीं हो सकी है। वे आज भी अंग्रेजों के जमाने से कच्ची पगडंडी पर ही चलने को मजबूर हैं।

जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर विधानसभा मोहान की तहसील हसनगंज अंतर्गत विकासखंड नवाबगंज में चिलौला नामक गांव बसा हुआ है। इस विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेश कुमार रावत हैं, जो दूसरी बार भारी बहुमत से वोट हासिल कर विधानसभा पहुंचे हैं। उनके क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे से मात्र 3 किमी दूर एक गांव है जिसे चिलौला के नाम से जाना जाता है। यही करीब तीन किमी के फासले से गंगा एक्सप्रेस वे भी गुजर रहा है। भूलेख पर भी चिलौला अंकित है। जब पूरा देश आजाद हुआ था तब यह गांव भी आजाद हुआ था। तब से आज तक इस गांव के लोगों को जो मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं उनसे यह अछूता ही रह गया है। क्षेत्र के दो गावों पाली और सेवरा के मजरा चिलौला जाने वाला 2 किमी का कच्चा रास्ता 1947 से आज तक कच्चा ही है। वहां के बाशिंदे व छात्र-छात्राएं सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद मुश्किल से ही आते-जाते दिखते हैं। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब बारिश हो जाती है। कच्चा पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाता है। हालांकि, अभी तक इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के सत्ताधारियों द्वारा कोई भी ठोस पहल नहीं की जा सकी है। जिससे लोगों में रोष है।

**ग्रामीण बोले, करेंगे चुनाव का बहिष्कारः** गांव के निवासियों ने कहा कि उन्हें सिर्फ चुनाव के समय याद किया जाता है। पूर्व विधायक के बाद मौजूदा विधायक ने भी इस कच्ची सड़क की कभी सुध नहीं ली। लोगों ने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव के पहले जनप्रतिनिधियों ने इस रोड की ओर ध्यान नहीं दिया तो वे लोग मतदान का बहिष्कार करेंगे।



चिलौला गांव जाने वाला कच्चा रास्ता। अमृत विचार



प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### 2020 में विधायक द्वारा दिया गया आश्वासन निकला कोरा



आशीष सिंह।

भाजपा युवा मोर्चा नवाबगंज बूथ अध्यक्ष पाली आशीष सिंह ने कहा कि जब उनकी माताजी पाली गांव की प्रधान थीं। तब मार्च-2020 में गांव विकास कार्यों को लेकर एक कार्यक्रम में विधायक बृजेश रावत से कच्चे रास्ते की शिकायत की थी। विधायक ने आश्वासन भी दिया था लेकिन, आश्वासन कोरा ही रहा।



अजय सिंह।

कुईथर गांव के बाजार मलिक अजय सिंह सिसोदिया ने कहा कि अगर चिलौला को पाली से जोड़ने वाला कच्चा मार्ग बन जाए तो बिछिया विकासखंड की कुईथर, इछौली, मनया, अटेसुआ, भाड़ी, भगवंतपुर, सेवरा, कन्हाई खेड़ा आदि गांव के निवासियों को शहर पहुंचने में समय और पैसे दोनों की बचत होगी।



शुभम कुमार।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे चिलौला निवासी छात्र शुभम कुमार ने कहा कि 2 साल से वे कोचिंग पढ़ने शहर जाते हैं। जब वे अपने गांव को देखते हैं तो लगता है कि गांव में शिक्षा का स्तर कम होने का सबसे बड़ा कारण यह मार्ग है। रास्ता खराब होने से लड़कियों को घरवाले पढ़ाई करने नहीं भेजते हैं।



शिवम सिंह।

पाली गांव निवासी शिवम सिंह ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक गांव को पक्का रास्ता न मिल पाना जनप्रतिनिधियों की नाकामी है। बताया कि क्षेत्र में सत्ता से जुड़े अन्य नेताओं से लेकर मोहान विधायक तक से कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन उनकी ओर से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

### बोले जिम्मेदार



रवि प्रताप सिंह।

ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का सड़क निर्माण पर पूरा जोर है। जिस कच्ची सड़क का आप जिक्र कर रहे हैं उसके बारे में जल्द ही विधायक को अवगत कराकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में लाकर मार्ग निर्माण का प्रयास किया जाएगा।

# भगवंतनगर टीम को हराकर बावलिया ने जीता फाइनल

संवाददाता पाटन उन्नाव

**अमृत विचार।** तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत गांव सवाईन में रोशन शाह बाबा क्रिकेट मैदान में हुआ फाइनल मैच बरवलिया व भगवंतनगर के बीच खेला गया। जिसमें बरवलिया की टीम 31 रनों से विजयी रही।

तहसील क्षेत्र के गांव बरवलिया में रोशन शाह बाबा खेल मैदान पर आठ दिवसीय अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मैच बरवलिया व बीघापुर और भगवंतनगर व उन्नाव के बीच खेला गया। निर्धारित 10 ओवर के मैच में बरवलिया ने बीघापुर व भगवन्त नगर ने उन्नाव को हराकर फाइनल मैच में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बरवलिया व भगवंतनगर के बीच हुआ। इसमें टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बरवलिया टीम ने 10 ओवर में 76 रन का स्कोर बनाया। जीत के लिए भगवंत नगर की टीम को 77 रन बनाने थे। किंतु उनकी पूरी टीम 10 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 45 रन ही बना सकी। बरवलिया टीम ने 31 रनों से विजय प्राप्त की। विजेता टीम को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश वाजपेई ने कप व 51 हजार का चेक दिया। वहीं उप विजेता टीम को 21 हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज बरवलिया क्रिकेट टीम के हर्षित व गौरव पंडित भगवंतनगर को संयुक्त रूप से दिया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने पुरस्कार वितरण के बाद खिलाड़ियों को संबोधित किया। इस दौरान प्रधान फज्जू खान, सुल्तान, यासीन आदि रहे।




विजेता टीम को चेक देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# सपा प्रत्याशी ने वकीलों से मांगा साथ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अधिवक्ता हमारे लोकतंत्र के ऐसे स्तम्भ हैं जो आज भी डटकर संविधान के विपरीत हो रहे कार्य का मुखर विरोध करते हैं। यह बात पूर्व सांसद व सपा से लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टण्डन ने पुरवा बार ऐसोसिएशन में कहीं। इस दौरान उन्होंने अपनी ओर से अधिवक्ताओं के लिये बार ऐसोसिएशन में बनवाए लॉकर का उद्घाटन भी किया।

पूर्व सांसद ने कहा कि आज जिस तरह से लोकतंत्र में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ऐसे में संविधान को बचाना पूरे अधिवक्ता समाज और हम सभी का नैतिक दायित्व है। कहा कि हम सब मिलकर संविधान की रक्षा हेतु संकल्प लें और आने वाले लोकसभा चुनाव में संविधान की धज्जियां उड़ाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दें। पूर्व एमएलसी सुनील साजन ने कहा कि सपा ने हमेशा अधिवक्ताओं के हित में काम किया है। भविष्य में यदि सपा मजबूत होगी या सरकार में आएगी तो अधिवक्ताओं के हित में निरंतर काम करने का काम करेगी। पूर्व विधायक उदयराज यादव ने कहा कि पुरवा बार में अधिवक्ता भवन की स्थापना सपा सरकार में की गई थी। इस दौरान अजय श्रीवास्तव, पुरवा बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील शर्मा, अब्दुल बारी, संतोष कुशवाहा, रजनीश शर्मा, सुरेश यादव मौजूद रहे। संचालन बार एसोसिएशन महामंत्री राजेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष कुमार रावत, प्रेमचन्द्र गौतम, रघुवीर यादव, प्रेम शंकर, विनोद यादव, सतीश कुमार, दिलीप कुमार, पूर्व ब्लाक प्रमुख बीतेंद्र यादव, राज कुमार रावत, डा. सुरेश आदि मौजूद रहे।



पुरवा में अधिवक्ताओं को संबोधित करतीं पूर्व सांसद। अमृत विचार

# पुलिया चौड़ी करने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ निवासी हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के अधिवक्ता ने सीएम योगी आदित्य नाथ को पत्र भेजकर नगर के संडीला मार्ग स्थित माइनर की टूटी व संकरी पुलिया को चौड़ी करने की मांग की है।

बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के इस्माइलपुर आंबापारा गांव निवासी हाईकोर्ट लखनऊ के वकील फारुक अहमद ने सीएम को भेजे पत्र में बताया कि क्षेत्र के संडीला मार्ग पर नगर से मात्र दो-तीन किमी दूर काजीपुर गांव में माइनर पर पुरानी पुलिया काफी संकरी व जर्जर होने से आएदिन हादसे होते हैं। इससे घंटों आवागमन बाधित होने के साथ मुसाफिरों को परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि कि सन-2011-12 में हाईकोर्ट के आदेश पर इस रोड का चौड़ीकरण हुआ था। लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा इस जीर्ण-शीर्ण पुलिया के स्थान पर नई चौड़ी पुलिया नहीं बनाई गई। उन्होंने आशंका जताई कि हो सकता है मार्ग चौड़ीकरण के प्राक्कलन में पुलिया का निर्माण शामिल हो और संबंधित अधिकारियों ने इसके धन का गबन कर लिया हो। ऐसी स्थिति में मामले की गहनता से जांच की जाए और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। अन्यथा चौड़ी पुलिया का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए। पत्र की एक-एक प्रति विभागीय मंत्री व सचिव और मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी व जिलाधिकारी को भी भेजी गई है।



फारुक अहमद।

# बंद घर से चोरों ने नकदी व जेवरात समेत लाखों का सामान किया पार

- नवाबगंज कस्बा के मदारीखेड़ा मोहल्ले में चोरों ने बोला दावा पुलिस ने जांच शुरू की

संवाददाता, नवाबगंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के मदारीखेड़ा मोहल्ला स्थित एक घर में ताला तोड़कर घुसे चोरों ने जेवरात व नगदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया। घर लौटे परिजन दरवाजा खुला देख सन्न रह गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है।

नवाबगंज कस्बा के मदारीखेड़ा मोहल्ला निवासी मसीदा पत्नी अबरार खान के कस्बा निवासी रिश्तेदार के घर में रविवार को शादी थी। शादी समारोह में शामिल होने मसीदा परिजनों समेत गेस्ट हाउस गई थी। जहां से रात में लौटने पर घर का दरवाजा खुला देख परिजन सकते में आ गये। दरवाजे पर लगे ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा हुआ था। साथ ही घर में रखी नगदी व जेवरात समेत लाखों का सामान गायब था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है। पीड़िता ने चौकी पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित के बेटे राजा ने बताया कि रविवार को रिश्तेदार का शादी समारोह क़स्बे के सेरसा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में था। जिसमें शामिल होने सभी लोग गये थे। लौटने पर देखा तो दरवाजे के ताले टूटे पड़े थे और घर से नगदी, जेवरात समेत अन्य कीमती सामान गायब था। नवाबगंज चौकी प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि मौके की जांच की गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी जा रही है। घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।



टूटी आलमारी व फैला हुआ सामान।

# युवक ने फंदे से लटककर दी जान

- अचलगंज क्षेत्र के करौंदी गांव में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थाना अंतर्गत एक गांव में युवक ने कमरा बंद कर मफलर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। किसी काम से भाई उसे बुलाने पहुंचा तो दरवाजा बंद देख रोशनदान से झांक कर देखा तो उसके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम ले लिए भेजा।

अचलगंज थानाक्षेत्र के करौंदी गांव निवासी राजीव रंजन (22) पुत्र स्व. रमेश भारती का शव कमरे में मफलर के फंदे से लटका मिला। वह खेती करता था और शराब का लती था।

सोमवार दोपहर वह किसी को बिना बताए कमरे में चला गया। शाम करीब पांच बजे बड़े भाई दिलीप ने उसे किसी काम से आवाज दी। जबाव न मिलने पर स्टूल रखकर रोशनदान से झांककर देखा तो भाई का शव फंदे से लटक रहा था। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया। दिवंगत चार भाईयों में छोटा था।

# जमीन पर कब्जे की कोशिश, एसडीएम से की गई शिकायत

**पुरवा।** नगर के मोहल्ला शीतलगंज निवासी दुर्गेश शंकर ने एसडीएम रणवीर सिंह को दिये शिकायती पत्र में बताया कि कस्बे में ही भूमि संख्या-2708 है। जिसमें वह सह खातेदार हैं और उस भूमि पर मोहल्ला जोतपुर निवासी कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। इस संबंध में एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि जांचकर कार्रवाई की जायेगी।

# युवक के हत्यारोपी को पुलिस ने दबोचा

अमृत विचार फालोअप

- बांगरमऊ क्षेत्र में मिला था फतेहपुर चौरासी थाने के मल्हपुर गांव के युवक का शव

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव नैनसुख खेड़ा निवासी श्याम किशोर की बीती गुरुवार शाम सिर कूच कर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई ने उसके साथी वीरेंद्र के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार देररात पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस आरोपी से हत्या में शामिल अन्य साथियों के बाबत पूछताछ करने में जुटी है।

बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव सकरौली के मजरा नैनसुख खेड़ा निवासी श्याम किशोर (28) पुत्र छेदीलाल राठौड की निर्मम हत्या बीती गुरुवार रात हुई थी। इसके बाद शव बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्हपुर से 200 मीटर दूर गांव सकरौली मार्ग के किनारे फेंक दिया गया था। मृतक के भाई विमल किशोर ने मृतक के साथी वीरेंद्र निवासी गांव सकरौली के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। सूचना पर पहुंचे एएसपी अखिलेश सिंह व सीओ अरविंद कुमार ने फतेहपुर चौरासी व बांगरमऊ थाने से तीन निरीक्षकों के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर घटना का खुलासा करने और हत्यारों को पकड़ने के निर्देश दिये थे। रविवार देररात फतेहपुर चौरासी पुलिस ने गांव सकरौली के पास एक खेत से आरोपी वीरेंद्र को दबोच लिया। पुलिस का मानना है कि वीरेंद्र अकेले हत्या नहीं कर सकता है।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने 11 दरोगाओं के बदले कार्यक्षेत्र

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने अपराध पर लगाम कसने के उद्देश्य से रविवार देररात 11 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जारी सूची में गंजमुरादाबाद चौकी इंचार्ज विनय यादव को अचलगंज थाना की नेवरना चौकी का इंचार्ज बनाया है। असोहा में तैनात दरोगा राजेश मिश्रा को चौकी गंजमुरादाबाद की कमान दी है। पुलिस लाइन में तैनात दरोगा मिथिलेश मिश्रा को थाना दही, अवध बिहारी निरंजन को महिला थाना, संतोष द्विवेदी को डीसीआरबी, राम पदारथ पांडे और श्याम सुंदर सरोज को थाना बेहटा मुजावर में तैनाती दी गई है। रमेश सिंह को माखी थाना से मानव अधिकार प्रकोष्ठ, बारासगवर थाना से अयोध्या प्रसाद को साइबर थाना, कृष्ण कुमार को आसीवन से बेहटा मुजावर थाना भेजा गया। दरोगा महेंद्र कुमार का औरास से बांगरमऊ किया गया तबादला निरस्त कर अब उन्हें अंगुल छाप प्रकोष्ठ, अभियोजन शाखा भेजा गया है।

### बंदरों के हमले में ग्राम प्रधान घायल

**फतेहपुर चौरासी।** विकासखंड फतेहपुर चौरासी ग्रामीण की ग्राम प्रधान माया देवी सोमवार दोपहर दो बजे छत पर फैले कपड़े उतारने गई थी। कपड़े उतारते समय बंदरों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गईं।

यह रहा असर | खेतों में भरा पानी, आलू व तिलहनी फसलों को नुकसान से किसान चिंतित

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, सरसों व आलू को भारी नुकसान

- ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रमों के लिए लगे टेंट-कनात गिरे
- मांगलिक कार्यक्रमों में रिश्तेदार नहीं पहुंच सके

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बीते दो दिनों से रुक-रुककर जारी बारिश और ठंडी हवाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से तिलहनी व आलू की फसलों को भारी नुक़सान हुआ है।

बीते रविवार पूरे दिन धीरे-धीरे बारिश होने से लोग घरों को जाते समय रास्ते में भीगकर सराबोर हो गए। उधर, ग्रामीण क्षेत्र में शाम को हुई बारिश से बारात के लिए सजाये गये मंच व तंबू-कनातें भीगकर गिर गईं।

तेज हवाओं के साथ बारिश से ठिठुरते बारातियों को बमुश्किल भोजन मिल सका। क्षेत्र के गांव भिखारीपुर कस्बा निवासी कमलेश लोधी की बेटी रेनू का रविवार को तिलक चढ़ाने गांव पखरौरा जाना था। किंतु बारिश और ठंडी हवाओं के चलते बाइक से जाने वाले रिश्तेदार समारोह में नहीं पहुंच सके। रविवार रात लगातार हुई बारिश से खेत लबालब भर गए। गेहूं के फसल में किसानों की एक सिंचाई बच गई किंतु लाही, सरसों, बांगा व आलू की फसल को भारी नुक़सान हुआ। सरसों की फसल में फूल झड़ने से पैदावार में गिरावट आ सकती है। उधर क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर निवासी किसान गिरजा शंकर ने बताया कि पछेती आलू की फसल के पत्ते झड़ने और जलभराव होने से आलू जमीन में ही सड़ने की आशंका है। साथ ही आलू की बढ़ोत्तरी भी रुक जाएगी। फसल को भारी क्षति हुई है।



गिरी पड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार



आलू की फसल में भरा बारिश का पानी।



कान्हा गौशाला परिसर में भरे बारिश के पानी में खड़े गोवंश। अमृत विचार

### गेहूं के लिए बारिश बनी अमृत

**शुक्लागंज।** सिकंदरपुर कर्ण और सरोसी ब्लॉक के अधिकांश किसानों ने नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह से लेकर दिसंबर के पहले सप्ताह तक खेतों में गेंहू की बुआई का काम किया। गेंहू की फसल अब धीरे-धीरे बड़ी होने लगी है। गेंहू के खेतों में बारिश का पानी भर गया। ऐसे में गेंहू के लिये यह पानी अमृत का काम करेगा। वहीं किसान टीकाराम, सुरेश, कल्लू अमृतलाल, झानू मिश्रा, सौरभ मिश्रा आदि ने बताया कि झमाझम बारिश होने से आलू की फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। इसके साथ ही आलू की फसल मे झुलसा रोग लग सकता है। वहीं सरसों भी खेतों में तैयार हो गई है। बारिश होने से सरसों को भी नुकसान पहुंच सकता है।

### चंपापुरवा में फिसलन होने से गिरे कई बाइक सवार

चंपापुरवा में भूमिगत पाइप लाइन डालने के लिये अधिकांश गलियां और मुख्य मार्ग पर खोदाई कर दी गई है। ठेकेदार ने खोदाई के बाद सड़क को ऐसे ही छोड़ दिया। रविवार से सोमवार के बीच हुई बारिश से फिसलन हो गई। जिससे गली से लेकर मुख्य मार्ग पर कई बाइक सवार गिरकर चुटहिल हो गये।

### निचले इलाकों में हो गया जलभराव

**शुक्लागंज।** रविवार को पूरे दिन रिमझिम बारिश हुई। जिसके बाद रात में बारिश होती रही। सोमवार सुबह मौसम विभाग ने भारी बारिश होने की चेतावनी भी मोबाइल फोन पर दी। जिस पर लोग सुबह के समय कम निकले। वहीं सुबह झमाझम बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं सर्दी बढ़ने के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं गलन होने से लोग ठंड से ठिठुरने को विवश हो गए। बारिश होने के कारण जरूरतमंद ही घरों से बाहर निकले। वहीं कुछ लोग छाता लेकर बचाव करते हुये अपने काम निपटाते नजर आये। अचानक बदले मौसम से ऊनी कपड़ों की खरीददारी भी बढ़ गई। वहीं बारिश होने के कारण कंचन नगर, सर्वोदय नगर, रहमत नगर, गायत्री नगर, भातू फार्म के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची गलियों में जलभराव हो गया। आने जाने में मुसीबतें उठानी पड़ी।

# लूट में लोडर चालक और उसके साथी को भेजा जेल

अमृत विचार फालोअप

- पुलिस ने लूटे गए चार लाख में से बचा हुआ एक लाख रुपया भी किया बरामद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को लोडर चालक की साजिश से कैशियर के साथ हुई चार लाख की लूट के मामले में पुलिस ने बचा हुआ एक लाख रुपए भी बरामद कर लिया। इसके बाद चालक व उसके लुटेरे साथी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

बता दें कि दही औद्योगिक क्षेत्र में देव नारायण वर्मा की बैट्री बनाने की फैक्ट्री है। बीती शनिवार रात उसके लोडर का चालक मनोज और कैशियर उमेश शाहजहांपुर व हरदोई से बैट्री उतारकर वहां मिले चार लाख रुपये लेकर उन्नाव आ रहे थे। तभी हरदोई-उन्नाव मार्ग पर सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंघूपुर मोड़ के पास रात करीब एक बजे लोडर चालक की मिलीभगत से रायबरेली जिले की कोतवाली बछरावां के खैरनी गांव निवासी उसके दोस्त संजय कैशियर की आंख में सब्जी मसाला झोंककर चार लाख रुपये लूटकर भाग गया था। रविवार को पुलिस ने दबिश देकर तीन लाख रुपए बरामद कर लिए थे। वहीं बचे एक लाख बरामद करने में जुटी थी। चालक से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि पहले उसने गंजमुरादाबाद के पास एक शराब की दुकान में कैशियर के साथ शराब पी थी। चकलवंशी पहुंचने पर कैशियर नशे में हो गया। तभी उसने बैग से एक लाख रुपये निकाल लिये और चकलवंशी के पास एक ढाबे के पास उतरकर दीवार के पीछे छिपा आया।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,731.42 | 21,771.70 |
| नुकसान | 354.21 | 82.10 |
| प्रतिशत में | 0.49 | 0.38 |

### मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 900 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफार्म | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5400-5500 |
| अरहर | 8000-8300 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14800-15000 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6750-6850 |
| मटरदाल | 5400-5500 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8500-12000 |
| उड़द धोवा | 10000-12500 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 9100-11000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 7000-8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4950-5000 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |


# रूसी तेल आयात 12 महीने के निचले स्तर पर

## एनर्जी कार्गो ट्रैकर वोर्टेक्सा के आंकड़ों के अनुसार भारत में अभी भी दीर्घकालिक मांग बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात जनवरी में लगातार दूसरे महीने गिरकर 12 महीने में सबसे निचले स्तर पर आ गया। हालांकि, दीर्घकालिक मांग अब भी बरकरार है। एनर्जी कार्गो ट्रैकर 'वोर्टेक्सा' के आंकड़ों के अनुसार, रूस ने जनवरी में भारत को प्रति दिन 12 लाख बैरल कच्चे तेल की आपूर्ति की, जो दिसंबर में 13.2 लाख बैरल और नवंबर 2023 में 16.2 लाख बैरल से कम है। हालांकि, रूस अब भी भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

वोर्टेक्सा के अनुसार, भारत ने दिसंबर 2021 में रूस से सिर्फ 36,255 बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का आयात किया, जबकि इराक से



10.5 लाख बैरल प्रति दिन और सऊदी अरब से 952,625 बैरल प्रति दिन आयात किया। रूस से आयात पिछले साल जून में 21 लाख बैरल प्रति दिन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जो भारत द्वारा आयातित कुल तेल का करीब 40 प्रतिशत है। उद्योग से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि रूसी कच्चे तेल की दीर्घकालिक मांग बरकरार है।

एक अधिकारी ने कहा कि एक महीने में गिरावट तथा दूसरे महीने में बढ़ोतरी पूरी कहानी बयां नहीं करती। तथ्य यह है कि भारतीय कंपनियां तब तक रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखेंगी जब तक यह आर्थिक रूप से सही रहेगा। अन्य एक अधिकारी ने कहा-जब तक रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति लागत वैकल्पिक स्रोतों की तुलना में कम रहेगी तब तक भारतीय रिफाइनर इसे खरीदेंगे।

### आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल को पहले 9 महीनों में 69,000 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का लाभ चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में 69,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा है जो तेल संकट से पहले के वर्षों की उनकी वार्षिक कमाई से कहीं अधिक है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में संयुक्त रूप से तेल संकट से पहले के वर्षों में रही 39,356 करोड़ रुपये की वार्षिक कमाई से बेहतर है। सार्वजनिक क्षेत्र की इन पेट्रोलियम कंपनियों की तरफ से शेयर बाजारों को दी गई सूचना से यह आंकड़ा सामने आया है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों ने दैनिक मूल्य संशोधन व्यवस्था पर लौटने और उपभोक्ताओं को दरों में आई नरमी का लाभ देने की मांग का विरोध किया है। उनका तर्क है कि कीमतें बेहद अस्थिर बनी हुई हैं और उनके पिछले नुकसान की पूरी तरह से भरपाई नहीं हुई है।

### सेबी ने चार कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव को दी मंजूरी

नई दिल्ली। हयात ब्रांड के तहत होटल श्रृंखला चलाने वाली जुनिपर होटल्स और रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स समेत चार कंपनियों को बाजार नियामक सेबी ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से निर्गम लाने की मंजूरी पाने वाली कंपनियों में लॉजिस्टिक फर्म सीजे डार्कल लॉजिस्टिक्स और कृषि उपकरण विनिर्माता इंडो फार्म इक्विपमेंट भी शामिल हैं। सेबी ने सोमवार को इन कंपनियों के आईपीओ प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने की जानकारी दी। इन फर्मों ने सितंबर और अक्टूबर, 2023 के बीच सेबी के समक्ष आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। हालांकि, बाजार नियामक ने क्रोनॉक्स लैब साइंसेज और श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी के आईपीओ प्रस्तावों को लौटा दिया है।

# भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग के दम पर जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जनवरी में 61.8 पहुंच गया। यह दिसंबर में 59 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित

**एचएसबीसी इंडिया के सर्वेक्षण में हुआ खुलासा**



है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई जनवरी में 6 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

नए व्यवसाय का विस्तार तेज गति से हुआ और भविष्य की गतिविधि के लिए प्रबंधकों की उम्मीदें मजबूत बनी हैं। कारोबारी गतिविधि सूचकांक में तेजी आई, जिससे संकेत मिलता है कि भारत का सेवा निर्यात मजबूत बना हुआ है। नई निर्यात बिक्री 3 महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ी।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 72,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,800 |
| चांदी तैयार | 72,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

# सरसों फसल का रकबा 5 प्रतिशत बढ़कर 100.39 लाख हेक्टेयर

नई दिल्ली, एजेंसी

फसल वर्ष 2023-24 के रबी सत्र में सरसों फसल का रकबा पांच प्रतिशत बढ़कर 100 लाख हेक्टेयर से अधिक होने का अनुमान है। उद्योग जगत के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक बयान में सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि उसने अखिल भारतीय सरसों फसल सर्वेक्षण के लिए आरएमएसआई क्रॉपलिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड को नामित किया है। सरसों एक महत्वपूर्ण तिलहन है।

आरएमएसआई ने सुदूर संवेदी

**एसईए ने रबी सत्र 2023-24 के जारी किए आंकड़े**

माध्यम (रिमोट सेंसिंग) पर आधारित तीसरी रिपोर्ट सौंपी है। एसईए ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार-अखिल भारतीय सरसों फसल का रकबा 100.39 लाख हेक्टेयर बताया गया है, जो पिछले साल के रिमोट सेंसिंग-आधारित अनुमान 95.76 लाख हेक्टेयर से पांच प्रतिशत अधिक है। गुजरात और राजस्थान के कई जिलों में किसानों ने कम कीमत मिलने के कारण सरसों के बजाय अन्य फसलों की खेती का विकल्प चुना है।

### केरल बजट: शराब के दाम, अदालत शुल्क में हुई बढ़ोतरी

तिरुवनंतपुरम। विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त धन जुटाने के लिए केरल की वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (मार्क्सवादी) सरकार ने सोमवार को पेश बजट में शराब के दाम और न्यायिक अदालत शुल्क में बढ़ोतरी की है।

मुख्यमंत्री पिनराई विजयन नीत सरकार के लिए चौथा बजट पेश करते राज्य के वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल ने कहा कि 200 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न करने के लिए भारतीय निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारूती व भारतीय एयरटेल में बिकवाली से सेंसेक्स में 354 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 354 अंक के नुकसान में रहा।

एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबार समाप्त होने से पहले बिकवाली से तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 354.21 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,731.42 अंक पर बंद

**निफ्टी 82.10 अंक की गिरावट के साथ 21,771.70 पर बंद**



हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 72,385.93 अंक तक गया और नीचे में 71,602.14 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.10 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,771.70 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार शुरुआत में मजबूत खुला लेकिन बाद में सीमित दायरे में रहा और अंत में तेज गिरावट के साथ बंद हुआ।

### पेटीएम के शेयर में तीसरे सत्र में गिरावट

नई दिल्ली। पेटीएम के शेयर में सोमवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में और 10 प्रतिशत गिर गए। बीएसई पर शेयर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 438 .35 रुपये पर आ गए। एनएसई पर 9 .99 प्रतिशत गिरकर 438 .50 रुपये पर पहुंच गए।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### छत्तीसगढ़ में कई हत्याओं में शामिल दो माओवादी गिरफ्तार

कांकेर। छत्तीसगढ़ में हत्या के कुछ मामलों और सुरक्षाकर्मियों के साथ कई मुठभेड़ों में कथित तौर पर संलिप्तता के लिए कांकेर जिले से दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने बताया कि बीजापुर जिले के रहने वाले इन दोनों माओवादियों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि 2022 से माओवादियों के उत्तरी बस्तर संभाग में समन्वय दल के कमांडर के रूप में सक्रिय विनोद अवलम (21) और उपकमांडर आसु कोर्सा (23) को रविवार को कांकेर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंजालगोडी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

#### तेजस्वी की याचिका पर आदेश सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद की एक अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि के मामले को राज्य के बाहर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। तेजस्वी ने कथित तौर पर 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' टिप्पणी की थी, जिसको लेकर वह आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं।

#### हथियारों सहित दो अपराधी गिरफ्तार

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा मे पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस उपाधीक्षक जसप्रीत सिंह ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुये बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवजोत सिंह और करण दोनों निवासी गांव मस्कावेद जिला कपूरथला के रूप में हुई है, जिन्हें एएसआई निर्मल सिंह के नेतृत्व में सीआईए की एक टीम ने नाकाबंदी के दौरान बदमाशों की जांच के दौरान गिरफ्तार किया था। पुलिस उपाधीक्षक जसप्रीत ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों पर विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कुल सात मामले दर्ज थे। उपाधीक्षक ने कहा कि दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट फगवाड़ा के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उन्हें आगे की पूछताछ के लिए पांच दिनों के लिए पुलिस रिमांड में भेज दिया।

# अगर कोई जुर्रत करेगा तो देंगे मुंहतोड़ जवाब

## लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलएसी को लेकर कांग्रेस नेता के सवाल पर किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है तथा अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया। चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने कहा कि अभिभाषण में देश की सुरक्षा का कोई उल्लेख नहीं किया गया।

लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सवाल किया कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पूर्व की यथास्थिति



की बहाली का क्या हुआ? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक हाल बुरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में चीन से संबंधित नीति लगातार विफल रही है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संदर्भ में चौधरी ने जो भी कुछ कहा है कि वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा-मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। भारत अब ताकतवर भारत बन गया है। अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। संसद के पटल पर देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

### जम्मू के लिए 1.18 लाख करोड़ का बजट पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2024-25 का 1.18 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा 20,760 करोड़ रुपये और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 7 .5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान रखा गया है। संसद में पेश अंतरिम बजट के अनुसार, 2024-25 लिए पूंजीगत व्यय 38,566 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। यह जीएसडीपी का 14 .64 प्रतिशत है।

### उपासना स्थल अधिनियम को समाप्त करने की मांग

भाजपा के सदस्य हरनाथ सिंह यादव ने सोमवार को उपासना स्थल अधिनियम, 1991 को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यह कानून संविधान के तहत प्रदान किए गए हिंदुओं, सिखों, जैनियों और बौद्धों के धार्मिक अधिकारों का अतिक्रमण करता है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने यह भी दावा किया कि कानून देश में सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा-उपासना स्थल अधिनियम पूरी तरह से अतार्किक और असंवैधानिक है।

# गठबंधन से पहले केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह परिवर्तन निदेशालय द्वारा जारी पांच सम्मनों को उनके द्वारा ठुकराना है। एक अन्य मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच भी सक्रिय हो गई है।

जमीन घोटाले को लेकर पिछले 8 महीने से प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका की जांच कर रहे थे। वह देश के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें पद पर रहते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है इसके बाद ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा ठीक उसी तरह दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल की भूमिका को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई महीनो से जांच कर रहा है और बारी-बारी से

**दिल्ली शराब घोटाला: कोर्ट 7 फरवरी को सुनाएगी फैसला**



पांच बार उन्हें तलब कर चुका है। अब अटकलें लगाई जा रही है कि सोरेन की गिरफ्तारी और केजरीवाल के खिलाफ निदेशालय का अदालत में जाना, इस बात का मार्ग प्रशस्त कर सकता है कि लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाए।

हालांकि भाजपा सरकार के खिलाफ चुनाव पूर्व बनने वाले इंडिया गठबंधन को लेकर अब केजरीवाल मुख्य भूमिका में हैं। अभी तक यह भूमिका बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निभा रहे थे। लेकिन उनके पलट जाने के बाद यह काम केजरीवाल ने संभाला है। लगभग सभी राजनीतिक दलों की निगाहें आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच चल रही चुनावी तालमेल की वार्ता पर टिकी हुई हैं। ऐसे समय में परिवर्तन निदेशालय एवं दिल्ली पुलिस की विशिष्ट शाखा क्राइम ब्रांच का सक्रिय होना बहुत मायने रखता है। 2 नवंबर से 2 फरवरी तक परिवर्तन निदेशालय दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को पांच बार पूछताछ के लिए नोटिस भेज चुका है। लेकिन नोटिस को गैरकानूनी बताते हुए निदेशालय के समक्ष वे पेश नहीं हुए हैं। अब परिवर्तन निदेशालय ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। अदालत 7 फरवरी को अपना फैसला सुनाएगी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने विधायकों की खरीद फरोख्त के मामले में मुख्यमंत्री की घेराबंदी शुरू कर दी है। तीसरा उप राज्यपाल सक्सेना ने भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर केजरीवाल से जवाब मांगा है।

### वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सूचना एवं प्रसारण सचिव के रूप में कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजय जाजू ने सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अपूर्व चंद्र की जगह ली है, जिन्हें स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है। तेलंगाना कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी जाजू नवंबर 2022 से राज्य सरकार में सेवा दे रहे थे। जाजू इससे पहले रक्षा उत्पादन विभाग में अतिरिक्त सचिव और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम के निदेशक रह चुके हैं।

# चुनौती देने वाली हरियाणा की याचिका पर जवाब दे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के स्थानीय निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को "असंवैधानिक" करार देने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर राज्य सरकार की याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार से

**नौकरियों में आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय का निर्देश**

उनका जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने हरियाणा सरकार द्वारा दायर अपील पर केंद्र सरकार और फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को नोटिस जारी किया। हरियाणा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला तर्कहीन है। राज्य सरकार ने 17 नवंबर, 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है। उच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवार रोजगार अधिनियम, 2020 को भी अधिकार क्षेत्र से परे करार दिया था।

# सिसोदिया हफ्ते में एक बार बीमार पत्नी से मिल सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। बैठक के दौरान डॉक्टर भी उनसे मिलेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

कोर्ट ने उनकी नियमित जमानत पर सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे तय की है। बता दें, इससे पहले कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी थी।

बता दें, दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उनकी पत्नी लंबे समय से बीमार चल रही है। वह कई बार कोर्ट से गुहार लगा चुके हैं कि उन्हें पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें कई बार पत्नी से मिलने की अनुमति दे चुके हैं। अब वह हर हफ्ते ही पत्नी से मिल सकेंगे।

दरअसल, मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा एक ऐसी बीमारी से बीते 23 साल से ग्रसित हैं, जिससे उनके मस्तिष्क का नियंत्रण उनके

**दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी पैरोल**



शरीर पर कम रहता है। ऐसे में उन्हें चलने-बैठने आदि में परेशानी होती है। सीमा सिसोदिया को मल्टीपल स्क्लेरोसिस नामक बीमारी है। यह बड़ी ही अजीब बीमारी है जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। सिसोदिया कोर्ट में याचिका दायर कर पत्नी के साथ कुछ समय रहने की मांग की थी।

उनकी पत्नी मल्टीपल स्क्लेरोसिस ऑटोइम्युन की बीमारी है। इस बीमारी में अपनी प्रतिरोधक क्षमता शरीर की कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाने लगती है, जो मस्तिष्क व रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करती है। इस वजह मस्तिष्क का शरीर के अन्य हिस्सों पर नियंत्रण कम होने लगता है। साथ ही मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं।

# झारखंड में चंपई सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

रांची, एजेंसी

झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया जबकि 29 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। निर्दलीय विधायक सरयू रॉय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

विधानसभा में मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित रहे। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्तारूढ़ गठबंधन को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी

**पक्ष में 47 और विरोध में 29 विधायकों का मत**



(लिबरेशन) के इकलौते विधायक ने बाहर से समर्थन दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत विपक्षी गठबंधन में भाजपा के 26 और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के तीन विधायक हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चंपई सोरेन को सदन में अपनी सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया गया। उन्होंने फैसला किया था कि वह पांच फरवरी को विश्वास मत हासिल करेंगे।

### आरोप साबित हुए तो राजनीति छोड़ दूंगा: हेमंत सोरेन



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर आरोप साबित हो गए तो वह राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा में झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा पेश किए विश्वास प्रस्ताव में भाग लेते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा साजिश रचे जाने के बाद राजभवन ने उनकी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभायी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन ने कहा-मैं भाजपा को मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देता हूं। अगर आरोप साबित हुए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। सोरेन अभी ईडी की हिरासत में हैं।

### दिल्ली में विश्व वैष्णव सम्मेलन 8 फरवरी से

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** राजधानी में 8 फरवरी को विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश-विदेश के हजारों सनातन धर्मावलंबी एवं साधु-सन्यासी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। हौज खास स्थित गौडीय मठ में आयोजित पत्रकार वार्ता में गौडीय मिशन के अध्यक्ष भक्ति सुंदर सन्यासी महाराज ने बताया कि दिल्ली में गौडीय मठ की स्थापना करने वाले श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जन्म दिवसोत्सव के उपलक्ष्य में प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी एक डाक टिकट एवं 150 रुपये का सिक्का भी जारी करेंगे।

# इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्वः रोहित

## पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों को सराहा

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की चला रही शृंखला के दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर 1-1 से बराबर करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। रोहित ने पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल और नौ विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने मैन ऑफ द मैच बुमराह के बारे में कहा, वह हमारे लिए एक



चैंपियन खिलाड़ी है। वह पिछले कुछ समय से हमारे लिए यह काम कर रहा है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई। पहली पारी में 209 रन बनाने वाले जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, वह अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छे से समझता है। उसे लंबा सफर तय करना है। जाहिर है कि यह एक विशेष पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बना रहेगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन कई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

## मैं आंकड़ों को नहीं देखताः बुमराह



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि मैं आंकड़ों को नहीं देखता हूं। अगर आप आंकड़ों के बारे में सोचेंगे तो बहुत दबाव होगा। मैं खुश हूं कि हम जीते और मैंने इसमें योगदान दिया। बुमराह ने पहली पारी में ओली पोप को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया था। इस बारे में उन्होंने कहा कि जब मैं युवा था तब मेरी पहली गेंद यॉर्कर ही होती थी। इसे मैंने टेनिस-बॉल क्रिकेट में सीखा था। तब मुझे लगता था कि विकेट लेने का यही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि हम गेंदबाजी विभाग में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और इस गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा के तौर पर युवाओं का मार्गदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है।

| पहली पारी | दूसरी पारी |
|---|---|
| ओवर 15.5 विकेट 06 | ओवर 17.2 विकेट 03 |

# हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि लक्ष्य पा सकते हैं : स्टोक्स

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी टीम जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। कुछ समय से टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट होकर लक्ष्य से 106 रन दूर रह गयी। स्टोक्स ने कहा कि हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य पा सकते हैं। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था।

## खेल डायरी

### फज्र बैडमिंटन चैलेंजः मिश्रित में सतीश-आद्या और पुरुष युगल में साई-कृष्णा की जोड़ी विजेता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल ने ईरान के यज्द में '32वें ईरान फज्र अंतरराष्ट्रीय चैलेंज' बैडमिंटन में साथी भारतीयों बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में सतीश और आद्या की जोड़ी ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज की। के साई प्रतीक और कृष्णा प्रसाद गरागा ने रविवार को फाइनल में मेक्सिको के जॉब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया की जोड़ी को 21-18, 21-19 से हराकर पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता। पुरुष एकल में हालांकि सतीश को फाइनल में हांगकांग के गुयेन हाई डांग से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर हांगकांग की सिन यान हैप्पी लो से 14-21, 12-21 से हार गई।

### मेस्सी के हांगकांग में नहीं खेलने से प्रशंसक नाराज

**हांगकांग, एजेंसी।** हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के आयोजक को



लियोनल मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। मैच आयोजक टैटलर एशिया के अध्यक्ष मिशेल लामुनिअर ने कहा कि इंटर मियामी के साथ उसके अनुबंध के अनुसार मेस्सी और टीम के कुछ अन्य फुटबॉल सितारों को मुकाबले में खेलने की जरूरत थी, बशर्ते वे चोटिल नहीं हों।

### बांग्लादेश से हार के बाद नेपाल से भिड़ेगा भारत

**अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप**

**ढाका, एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 की निराशाजनक हार से उबरकर मंगलवार को यहां अंडर-19 महिला सैफ चैंपियनशिप में नेपाल के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। रविवार को भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ इंजरी टाइम में गोल खाया था जिससे उसे शिकस्त मिली। भारतीय टीम ने बांग्लदेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन इसके बावजूद मैच ड्रॉ की ओर बढ़ता लग रहा था। बांग्लादेश ने मैच के अंतिम लम्हों में गोल दागकर जीत दर्ज की। 2019 में हुई सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भारत ने नेपाल को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसका सामना बांग्लादेश से हुआ था।

### अर्जेंटीना, फ्रांस डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण में

**रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी।** अर्जेंटीना ने क्वालीफाइंग दौर में कजाकिस्तान को 3-2 से हराकर डेविस कप फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई। सेबेस्टियन बेज ने रविवार को दो मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए दिमित्री पोपको हराकर अर्जेंटीना की जीत पक्की की। अन्य मुकाबलों में बेल्जियम ने जिजौ बर्ग्स की डुजे अजदुकोविच को, चेक गणराज्य ने इजराइल को तो फ्रांस ने ताइवान को मात दी।

### फुटबॉल विश्व कप का फाइनल न्यू जर्सी में होगा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फुटबॉल विश्व कप 2026 का फाइनल अमेरिका के न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यू जर्सी ने टेक्सास और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों को पछाड़कर यह अधिकार पाया। 48 देशों और 104 मैचों वाले इस विश्व कप का फाइनल 19 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। फीफा ने रविवार को मियामी टेलीविजन स्टूडियो में 39-दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी का अधिकार न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम को दिया। विश्व कप का आगाज 11 जून को होगा और इस मैच की मेजबानी का अधिकार मैक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज्टेका को मिला है। न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने कहा कि यह हमारी विविधता और हमारे मूल्यों का उत्सव होगा। बड़ी तस्वीर यह है कि हम आने वाले दशकों के लिए क्या पैमाना तय करते हैं।

# 106 रन की जीत के साथ भारत ने शृंखला में की 1-1 की बराबरी

## इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेटकर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर किया कड़ा प्रहार



**पांच टेस्ट मैचों की शृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जायेगा**

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की टेस्ट शृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की। जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी को 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया। इस जीत से भारत ने शृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया। भारत के यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था। दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे। उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। इंग्लैंड ने हैदराबाद में हुए पहले मैच को 28 रन से जीता था। पांच टेस्ट मैचों की शृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा।



दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

दूसरी पारी में इंग्लैंड के जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली। उन्होंने धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद में आठ चौके और एक छक्का जड़े। भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की। वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट लेने का कारनामा पूरा नहीं कर सके और वे इस रिकॉर्ड से 1 विकेट दूर है। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 1 विकेट पर 67 रन से की। टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाए लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। लंच से पहले पांच गेंद के अंदर कुलदीप ने क्राउली (73) को आउट किया जबकि बुमराह ने जॉनी बेयरस्टो (26) को चलता कर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 194 रन था। लंच के बाद श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर कप्तान बेन स्टोक्स (11) के रन आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गयी। बेन फॉक्स (36) व टॉम हार्टले (36) ने 8वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को थोड़ा परेशान किया लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने जल्दी ही बाकी बचे दोनों विकेट लेकर औपचारिकता पूरी की।

### स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)

इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 292/10 (69.2 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशजैक क्राउली पगबाधा कुलदीप | 73 | 132 | 8/1 |
| बेन डकेट का भरत बो अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद पगबाधा अक्षर | 23 | 31 | 5/0 |
| ओली पोप का रोहित बो अश्विन | 23 | 21 | 5/0 |
| जो रूट का अक्षर बो अश्विन | 16 | 10 | 2/1 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बुमराह | 26 | 36 | 5/0 |
| बेन स्टोक्स रन आउट (अय्यर) | 11 | 29 | 1/0 |
| बेन फॉक्स का एवं बो बुमराह | 36 | 69 | 4/1 |
| टॉम हार्टले बो बुमराह | 36 | 47 | 5/1 |
| शोएब बशीर का भरत बो मुकेश | 00 | 08 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 05 | 08 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 15, **विकेट पतन:** 1-50, 2-95, 3-132, 4-154, 5-194, 6-194, 7-220, 8-275, 9-281, **गेंदबाजी:** बुमराह 17 .2-4-46-3, मुकेश 5-1-26-1, कुलदीप 15-0-60-1, अश्विन 18-2-72-3, अक्षर 14-1-75-1

# युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली को परखने का मौका

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि आगामी एफआईएच प्रो लीग चरण में भारत के युवा हॉकी खिलाड़ियों के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का मौका होगा।

उन्हें उम्मीद है कि देश एफआईएच प्रो लीग के खिताब के साथ 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम और 19 से 25 फरवरी तक राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में होने वाली प्रो लीग में भाग लेने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। भारत पिछले सत्र में पोडियम स्थान हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गया था। भारतीय टीम नीदरलैंड,



ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया (एचआई) से जारी विज्ञप्ति में कहा कि हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं, जहां प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार

**बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी**

**आईसीसी अंडर-19 विश्व कप**

बेहतरीन फॉर्म में चल रहा भारत मंगलवार को यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई है और लगभग सभी मुकाबलों में टीम ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दबदबा बनाया है।

भारतीय टीम किसी विशेष खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही है बल्कि जरूरत पड़ने पर सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया है। बल्लेबाज जहां ढेरों रन बनाने में सफल रहे तो वहीं गेंदबाजों को विरोधी टीमों को समेटने में सफलता मिली और जीत का अंतर भी अच्छा खासा रहा। दो शतक और एक अर्धशतक के साथ 18 साल के मुशीर खान



**भारत ने टूर्नामेंट में लगातार पांच जीत की बदौलत अंतिम चार में जगह बनाई**

मौजूदा टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। वह पांच मैच में 83.50 के औसत से 334 रन बना चुके हैं। भारतीय कप्तान उदय सहारन भी अच्छी फॉर्म में हैं और एक शतक तथा दो अर्धशतक से 61.60 की औसत के साथ 304 रन अपने नाम दर्ज कर चुके हैं। सचिन धास ने नेपाल के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर सिक्स मैच में 116 रन की पारी खेली जब टीम 62 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। विरोधी टीमों को भारतीय उप कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने ने 2.17 की इकोनॉमी रेट से 16 विकेट चटकाए हैं और टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

पांडे ने रन गति पर अंकुश लगाकर विरोधी बल्लेबाजों पर शिकंजा कसा जिसका फायदा नमन तिवारी (नौ विकेट) और राज लिम्बानी (चार विकेट) को मिला। इस टूर्नामेंट में सफलता के अलावा भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया है जो उसे जीत का दावेदार बनाता है। भारत अगर जीत दर्ज करता है तो फाइनल में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत की संभावना बन सकती है। पाकिस्तान दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

# बॉलीवुड हलचल



## अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है ।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है ।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इस गाने के लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखा है, जबकि कंपोजर विक्रम मोंट्रोस हैं। 'शंभू' गाना में अक्षय कुमार, महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं।




### फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल की आने वाली फिल्म क्रैक का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। विद्युत जामवाल और अर्जुन रामपाल फिल्म क्रैक में नजर आयेंगे ।विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर क्रैक का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में इंटेंस अवतार में विद्युत और अर्जुन चीखते हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बाजू पर बम टाइमर लगा हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए विद्युत जामवाल ने कैप्शन में लिखा, डर नहीं डार्लिंग से। क्रैक- जीतेगा तो जीयेगा। फिल्म क्रैक 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी ।इस फिल्म में नोरा फतेही और एमी जैक्सन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## नील ने फिल्म मायावन का पहला शेड्यूल किया पूरा



**मुंबई, एजेंसी ।** बॉलीवुड अभिनेता नील नितीन मुकेश ने अपनी आने वाली फिल्म मायावन का पहला शेडयूल पूरा कर लिया है। नील नितीन मुकेश ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'मायावन' के सेट से तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कि उन्होंने फिल्म का पहला शेड्यूल भी पूरा कर लिया है। नील नितिन मुकेश ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की है। इन फोटो में वह अभिनेता सुदीप किशन के साथ बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब 'हीरो' और 'विलेन' खुश होते हैं, निर्देशक खुश है। यह तेलुगु, तमिल और हिंदी में बनी एक अखिल भारतीय एक्शन साइंस-फिक्शन थ्रिलर 'मायावन' के मेरे पहले शेड्यूल का समापन है'।'चाहे यह कितना भी कठिन और थका देने वाला हो, पूरी टीम के साथ काम करना बेहद आनंददायक रहा। आपके प्रिय होने के लिए प्रिय सुदीप किशन को धन्यवाद। इतना शानदार अभिनेता, कोस्टार, दोस्त और सपोर्ट सिस्टम। इतना अद्भुत निर्देशक होने के लिए सी वी कुमार सर को धन्यवाद। आप और आपकी टीम तकनीकी रूप से प्रतिभाशाली हैं और अद्भुत हैं। मैं हमारे अगले कठिन कार्यक्रम का इंतजार कर रहा हूं'। फिल्म मायावान में संदीप किशन, आकांशा रंजन कपूर और नील नितिन मुकेश प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## 31 मई को रिलीज होगी वरुण धवन की फिल्म 'बेबी जॉन'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' 31 मई को रिलीज होगी। वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है .फिल्म 'बेबी जॉन' के टीजर में वरुण धवन काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' की रिलीज डेट भी आउट हो गई है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज किया है। वरुण धवन बड़े बालों में नजर आ रहे हैं और हाथ में बंदूक लिए अपना खूंखार अंदाज दिखा रहे हैं। फिल्म 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का खतरनाक अंदाज देखने को मिलने वाला है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। इस फिल्म को एटली कुमार के साथ ज्योति देशपांडे और मुराद खेतानी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### प्रदीप पांडेय- आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर



प्रदीप पांडेय चिंटू और आम्रपाली दुबे की फिल्म विवाह 3 का टेलिविजन प्रीमियर 10 फरवरी को होगा। फिल्म विवाह 3 का ग्रैंड टेलिविजन प्रीमियर भोजपुरी सिनेमा और दंगल प्ले ऐप पर 10 फरवरी को संध्या 5 बजे से किया जा रहा है। फिल्म का प्रसारण रविवार 11 फरवरी को भी सुबह 10 बजे से किया जाएगा। फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल ने बताया कि विवाह सीरीज की फिल्म को टेलीविजन पर भी खूब प्यार मिलता रहा है। इसके पहले और दूसरे पार्ट को भी खूब सराहा गया था। यह तीसरा पार्ट तो उससे भी धमाकेदार है, जिसके लिए टेलीविजन के दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहा है। जो दर्शकअभी तक इस फिल्म को नहीं देख पाए हैं और जिन्हें यह फिल्म फिर से देखनी है, उनके लिए यह शनिवार और रविवार एक सुनहरा मौका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### चिली के जंगलों की नहीं थम रही भीषण आग, अब तक 99 की मौत

**सैंटियागो।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 99 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। लगभग 10 लाख की आबादी वाले मध्य चिली के वालपराइसो क्षेत्र के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे नाजुक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है।

### न्यूजीलैंड में पंजाब के गुरजीत की हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**वेलिंगटन।** पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में पंजाब के रहने वाले गुरजीत सिंह की हत्या कर दी थी। उनका शव न्यूजीलैंड स्थित घर के बाहर मृत पाया गया था। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड भेजने के लिए उनके पिता ने अपनी जमीन बेच दी थी। पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी से जुड़ा विवरण को साझा नहीं किया है। पोस्टमार्टम के परिणामों से पता चला कि गुरजीत की हेली स्ट्रीट स्थित उनके आवास पर किसी नुकीली हथियार से किए गए कई घावों के कारण मौत हुई थी। सोमवार को डुनेडिन पहुंचे गुरजीत सिंह के पिता निशान सिंह ने कहा कि पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया है।

### सूडान-द. सूडान के बीच नहीं थम रहा सीमा विवाद, 40 की मौत


**जुबा (सूडान)।** सूडान और दक्षिण सूडान की सीमा पर एक बार फिर से दो गुटों बीच झड़प हुई है, जिसमें करीब 40 लोग मारे गए हैं। दो गुटों के बीच हुई झड़पों में कई नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं, इस हिंसा से बचने के लिए सैकड़ों लोगों ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के परिसर में शरण ली है। अधिकारी के हवाले से कहा कि अबेई क्षेत्र में डिंका जातीय समूह और प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच अक्सर इस तरह की झड़पें होती रहती है। दोनों के बीच झड़पें होने का महत्वपूर्ण कारण 'सीमा विवाद' का होना है, जहां सीमा पार से होने वाले व्यापार के कारण महत्वपूर्ण कर राजस्व एकत्र किया जाता है।

### पूनम की सर्विकल से मौत की अफवाह में शामिल कंपनी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे की मौत की फर्जी खबर फैलाने में शामिल रही मीडिया कंपनी श्बांग ने सर्विकल कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर अपनाये गए तरीके की आलोचना के बाद माफी मांगी है। मुंबई स्थित कंपनी ने इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक बयान में, झूठी खबर का हिस्सा होने की बात स्वीकार की, जिसकी सोशल मीडिया पर मशहूर हस्तियों और उपयोगकर्ताओं ने कड़ी आलोचना की है। कंपनी ने कैंसर से प्रभावित लोगों से माफी मांगी, लेकिन दावा किया कि उनके इस अभियान से इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं।

# विस अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने को राजी सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिंदे गुट के विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई।



ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इसे सूचीबद्ध किया जा सकता है अन्यथा चुनाव होने हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह इस मामले को सूचीबद्ध करेगी। बता दें कि ने सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को स्पीकर के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके समूह के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था। अदालत ने दो सप्ताह के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया था। 10 जनवरी को पारित अपने आदेश में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को खारिज कर दिया था। उद्धव ठाकरे गुट ने विस अध्यक्ष के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

# साइबर सुरक्षा... ट्रांजेक्शन पूरा होते ही एप से करें लॉग आउट

**2025 तक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में शीर्ष पर होगा भारत**

भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की एक बड़ी आबादी है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन बाजार है। साल 2022 में एक माह में 52 फीसदी से अधिक आबादी या 759 मिलियन लोगों ने इंटरनेट का उपयोग किया था। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 900 मिलियन होने की उम्मीद है। भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिये सिस्टम में कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। यही कारण है कि भारत को साइबर खतरों का सामना करना पड़ता है, जो भारत के रणनीतिक, आर्थिक एवं राष्ट्रीय हित को निशाना बनाते हैं। हमारी वित्तीय सुरक्षा के लिए स्मार्ट बैंकिंग की आदत बहुत महत्वपूर्ण है। बता दें, कुछ सुझावों का पालन करने से वित्तीय सुरक्षा मजबूत की जा सकती है।



### आधिकारिक बैंकिंग एप ही करें इस्तेमाल

अधिकृत एप स्टोर से सिर्फ आधिकारिक बैंकिंग एप डाउनलोड और इस्तेमाल करें। इन एप्स में मजबूत सुरक्षा सुविधाएं होने की अधिक संभावना है, जो वित्तीय लेनदेन के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं। इसके अलावा अपने बैंकिंग एप लगातार अपडेट करें।






### अपना डिवाइस सुरक्षित रखें

सुनिश्चित करें कि स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर जैसे सभी उपकरण एंटीवायरस और सुरक्षा पैच से लैस हैं। यह मैलवेयर का जोखिम कम करता है। संवेदनशील जानकारी को भी संभावित खतरों से बचाता है।

### जटिल पासवर्ड बनाएं




अक्षरों, संख्याओं और प्रतीकों के मिश्रण से जटिल पासवर्ड बनाएं। जन्मदिन या नाम जैसी जानकारी का उपयोग करने से बचें। लेन-देन पूरा करने के बाद हमेशा ऑनलाइन बैंकिंग सत्र से लॉग आउट करें। ऑनलाइन बैंकिंग खातों के लिए टू स्टेप वेरिफिकेशन एक्टीवेट करें।




### ओटीपी, पिन किसी से न करें साझा

पिन या ओटीपी किसी के साथ भी साझा करने से बचें। बैंक कभी भी ईमेल या कॉल के जरिये ऐसी जानकारी नहीं मांगता है। ओटीपी का मैसेज इस्तेमाल के बाद मिटा दें।

### खातों की करें नियमित निगरानी



संदिग्ध गतिविधियों का तुरंत पता लगाने के लिए बैंक खाते और लेनदेन की बार-बार समीक्षा करें। एक निश्चित सीमा से ऊपर के लेनदेन के लिए अलर्ट सेट करें। किसी भी लिंक पर क्लिक करते समय सावधानी बरतें। जानकारी प्राप्त से पहले स्रोत की वैधता सत्यापित करें।

## मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- देश की संप्रभुता से समझौता नहीं

# 10 मार्च से पहले भारत लौटेंगे सैनिक

**माले, एजेंसी**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को संसद की बैठक में भारत पर एक बार फिर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने भारत का नाम लिए बिना कहा कि हमारी सरकार देश की संप्रभुता को ताक पर रखकर किसी भी देश के साथ कोई संधि नहीं करेगी।

मुइज्जू ने बताया कि 10 मार्च से पहले भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह को भारत वापस भेज दिया जाएगा। वहीं दो विमानन प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे शेष भारतीयों को 10 मई तक वापस भेजा जाएगा। संसद में अपने संबोधन के दौरान मुइज्जू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग इस उम्मीद के साथ उनकी सरकार का समर्थन करते हैं कि वे देश से विदेशी सैनिकों को हटा देंगे। इसके साथ ही उनका लक्ष्य खोए हुए समुद्री क्षेत्र को वापस पाना है।

मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार ऐसे किसी भी राज्य समझौते की अनुमति नहीं देता है, जो देश की संप्रभुता से समझौता करें। 17 नवंबर को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ही मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक अपने 88 सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने की अपील की थी। अन्य देशों के साथ राष्ट्रपति मुइज्जू की कूटनीतिक चर्चाएं भी जारी है।


मुइज्जू ने कहा, हमने भारत से सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'हाल ही में हुए चर्चाओं के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्मों में से एक से भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मार्च से पहले वापस बुलाने के लिए कहा गया है। बाकी के दो प्लेटफॉर्म से भी 10 मार्च तक वापस बुला लिया जाएगा। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों से भारत की तरफ से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा निकासी सेवाएं प्रदान की गई है। मुइज्जू ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ नहीं करने वाला है जिससे देश की संप्रभुता से समझौता करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर देश की संप्रभुता को खतरा होता है तो वह किसी भी बाहरी दवाब के सामने नहीं झुकेंगे।



### 56 सांसदों ने सरकार के फैसले का किया बहिष्कार

विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स ने सरकार के अलोकतांत्रिक तरीकों के कारण संसद के बहिष्कार का फैसला किया। कुल 56 सांसदों ने राष्ट्रपति के संबोधन का बहिष्कार किया। इनमें डेमोक्रेट के 13 और एमडीपी के 44 सांसद शामिल हैं। सुबह 9 बजे जब बैठक शुरू हुई तो केवल 24 सांसद ही संसद में मौजूद थे। बता दें, मालदीव की संसद (पीपुल्स मजलिस) के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रपति मुइज्जू के संबोधन के दौरान केवल 24 सांसद शामिल हुए।

### मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं भारतीय सैनिक



मालदीव के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप राष्ट्र में भारतीय विमानन प्लेटफॉर्म के संचालन को जारी रखने के लिए मालदीव के साथ समाधानों पर सहमति व्यक्त की गई है। वर्तमान में, भारतीय सैन्यकर्मी दो हेलीकॉप्टर और एक विमान संचालित करने के लिए मालदीव में हैं। ये सैन्यकर्मी सैकड़ों चिकित्सा निकासी और मानवीय मिशनों का हिस्सा रह चुके हैं।

# प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



▶▶ चुनाव आयोग ने दलों से कहा चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाएं



लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने राजनीतिक दलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को किसी भी चुनाव अभियान और रैलियों में बच्चों के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजे गए एक निर्देश में चुनाव-प्रचार के दौरान किसी भी तरह से बच्चों के इस्तेमाल के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही है। आयोग ने कहा कि आयोग किसी भी तरह से राजनीतिक अभियान में बच्चों के भागीदारी पर रोक लगाता है, जैसे बच्चों द्वारा कविता पाठन हो, उनके द्वारा किसी पार्टी को लेकर बोले गए शब्द हो या फिर किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन शामिल हो। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है और उनसे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

### चुनाव आयोग ने जारी किए निर्देश

- राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी चुनाव में बच्चों को शामिल नहीं करें।
- रैलियों, नारे लगाने, पोस्टर वितरित करने सहित अभियान से बच्चों को दूर रखें।
- चुनाव प्रचार या रैलियों के दौरान राजनीतिक नेताओं और उम्मीदवारों को अपने वाहन में बच्चे को गोद में रखने या ले जाने की भी अनुमति नहीं है।
- बच्चों के किसी और तरीके के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया।
- अपने माता-पिता के साथ मौजूदगी को बच्चों के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

## चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक को चीन में मिली निलंबित सजा

**बीजिंग।** चीन की अदालत ने सोमवार को चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई लेखक यांग हेंगजुन को जासूसी का दोषी मानते हुए मौत की निलंबित सजा सुनाई है। 19 जनवरी, 2019 को न्यूयॉर्क से अपनी पत्नी और सौतेली बेटी के साथ चीन के शहर ग्वांगझू पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मई 2021 में उन पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया गया। पूर्व चीनी राजनयिक और राज्य सुरक्षा एजेंट यांग आस्ट्रेलिया में राजनीतिक टिप्पणीकार और जासूसी उपन्यास के लेखक बन गए थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बताया जासूसी करने का दोषी मानते हुए हेंगजुन को दो साल की सजा काटने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। सालों से मामला उठा रही ऑस्ट्रेलियाई सरकार चीनी अदालत के फैसले से स्तब्ध है और इसे यांग के स्वजनों व समर्थकों के लिए डरावनी खबर बताया।

## माइनस 8 डिग्री में मार्च...






**लद्दाख :** लेह लद्दाख को राज्य के दर्जे की मांग को लेकर लेह में माइनस 8 डिग्री की सर्दी में 30 हजार लोगों ने मार्च निकाला और पोलो ग्राउंड पर रैली की। पूरे लद्दाख में बंद रखा गया। लद्दाख के दूरदराज के क्षेत्रों से लोग रैली में शामिल हुए। मशहूर शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने रैली में कहा कि केंद्र सरकार बिना देरी किए लद्दाख को राज्य का दर्जा प्रदान कर स्वायत्तता के लिए संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करे। लद्दाख 2019 के बाद से केंद्र शासित प्रदेश है। ● एजेंसी

# खैबर पख्तूनख्वा: पुलिस स्टेशन पर आतंकी हमला, 10 की मौत

**खैबर पख्तूनख्वा, एजेंसी**



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में डेरा इस्माइल खान जिले के एक पुलिस स्टेशन में हमले के बाद कम सम कम दल पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह इस हमले में घायल भी हुए हैं। पुलिस के अनुसार, दरबान तहसील में सुबह तीन बजे के करीब कुछ आतंकियों ने भारी हथियार के साथ पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया।

पाकिस्तान की स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायलों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड और भारी गोलाबारी से हमला किया। हालांकि, पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ,सभी आतंकी फरार हो गए। इस हमले के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। आतंकवादियों को ढूंढने के लिए तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

### आतंकवादी हमले में हो रही वृद्धि

स्थानीय अखबार ने हाल ही में बताया था कि पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में वृद्धि देखी गई है। इस साल जनवरी में कम से कम 93 आतंकवादी हमले हुए जिसमें 90 लोग मारे गए और करीब 135 घायल हुए हैं। वहीं 15 व्यक्तियों के अपहरण का मामला भी सामने आया है।

# मौलाना अजहरी के समर्थन में जुटी भीड़ के खिलाफ केस दर्ज



मुंबई। भाषण के जरिए नफरत फैलाने के आरोप में गुजरात एटीएस ने रविवार को मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को मुंबई के घाटकोपर से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी के बाद घाटकोपर पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ इकट्ठा हुई, जिसके बाद मुंबई पुलिस ने भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

भीड़ के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में मुंबई पुलिस अबतक तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी के वकील आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था।

# एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को मिलेगा काम का अधिकार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▶▶ भारतीयों को मिलेगा लाभ, सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को राहत





अमेरिका में एच-1बी वीजा धारकों को लगभग एक लाख लोगों को काम का अधिकार प्रदान किया जाएगा, जो एच-1बी वीजा धारकों के पति, पत्नी या बच्चे हैं। इससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ मिलेगा।

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी बातचीत के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के लगभग ढाई लाख ऐसे बच्चों के लिए भी समाधान प्रदान करता है, जो उम्र सीमा पार कर चुके हैं। यह कदम उन सैकड़ों और हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते हैं और उनके बच्चों को उम्र सीमा पार कर जाने के कारण निर्वासन का खतरा है। ग्रीन कार्ड, जिसे अमेरिका में आधिकारिक तौर स्थायी निवासी कार्ड के रूप में जाना जाता है। भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर है कि विधेयक में लंबी अवधि वाले एच-1बी वीजा धारकों के उम्र सीमा पार कर चुके बच्चों को सुरक्षा देते हुए उनकी एच-4 स्थिति को आठ वर्ष बरकरार रखा जाएगा। बिल में यह सुनिश्चित किया गया है कि अगले पांच वर्ष तक प्रति वर्ष 18 हजार और रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। यह बिल प्रति वर्ष करीब 25 हजार के-1, के-2 और के-3 गैर आप्रवासी वीजा धारकों को काम का अधिकार प्रदान करता है।

**विज्ञान** चीनी वैज्ञानिकों ने किया नया शोध, विशाल अकाशगंगाओं के समूहों से पता चली वास्तविक आयु

# उम्रदराज नहीं, बल्कि युवा हमारा ब्रह्मांड

**नैनीताल कार्यालय**



ब्रह्मांड की नई तस्वीर का काल्पनिक चित्र।

**अमृत विचार :** हमारा ब्रह्मांड उम्रदराज नही बल्कि युवा है। कंम्प्यूटर सिमुलेशन के जरिए किए शोध से इसकी सही उम्र का पता चलता है। इस शोध से पिछले अनुमानों को झुठला दिया है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

यह शोध चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने किया है। ब्रह्मांड की आयु की वास्तविकता का पता लगाने के लिए विशाल अकाशगंगाओं के समूहों को शामिल किया गया। जिसमें आकाशगंगाओं की गति का मापन किया गया। स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे (एसडीएसएस) के जरिए इसकी गणना की गई। शोधकर्ताओं ने केंद्रीय आकाशगंगा समूह से उपग्रहों के वेग ऑफसेट से विश्लेषण किया।

दरसल ब्रह्माण्ड विज्ञान का मानक मॉडल बिग बैंग सिद्धांत पर आधारित है , जो ब्रह्मांड के निर्माण व विकास को समझाने वाला प्रमुख सिद्धांत है। मगर चीनी वैज्ञानिकों ने शोध में विशाल आकाशगंगा समूह के चारों ओर आकाशगंगाओं की गति को मापकर पता लगाया कि पूर्व में जताए अनुमान के विपरीत यह अधिक युवा है।

शोधकर्ता टीम का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक क्यूई गुओ शोध को लेकर कहा है कि ब्रह्मांड विज्ञान का मानक मॉडल कहता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत एक धमाके से हुई। इसके बाद छोटी संरचनाओं का निर्माण हुआ। वे संरचनाएं फिर बड़ी संरचनाओं में विलीन हो गईं। अंततः विशाल आकाशगंगा समूहों की निर्माण हो पाया। इस आधार पर ब्रह्मांड की आयु के साथ विकास की जानकारी का पता लगाया।

### 27 अरब वर्ष मानी जाती थी ब्रह्मांड की उम्र

पूर्व में ब्रह्मांड की उम्र 27 अरब साल मानी जाती थी। जिसमे 10 हजार करोड़ आकाशगंगाओं का विशाल समूह है। इधर हमारी अपनी आकाशगंगा की आयु 13 .61 अरब वर्ष मानी जाती है, जबकि हमारे सौर मंडल की आयु 4 .571 वर्ष है। नए शोध में ब्रह्मांड को युवा तो बताया है, लेकिन उम्र का जिक्र नही किया है।



# पाकिस्तान में 76 साल के इतिहास में सबसे कम विश्वसनीय आम चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। आठ फरवरी से आम चुनाव होने वाले हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं।

वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा दौर में हो रही कार्रवाई, पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक है और स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस्लामाबाद स्थित राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार जैगम खान का कहना है कि इन चुनावों की कोई वैधता नहीं होगी, यहां तक कि 2018 के चुनावों से भी कम टिकेंगे।

दूसरी तरफ आम चुनाव में इमरान की पार्टी की नइया डावांडोल है। इस्लामाबाद शहर के बाहरी छोर पर जुटे दो दर्जन लोगों की मीटिंग कहीं से भी राजनीतिक दिखाई नहीं पड़ती। चुनाव प्रचार के लिए कोई पोस्टर-पेम्फलेट नहीं। कोई साउंड सिस्टम नहीं। यहां तक कि प्रत्याशी आमिर मुगल खुद महीनों पहले पीटीआई पर सैन्य कार्रवाई के डर से छुप गए थे। अधिकारियों ने पहले ही उनके घर पर छापा मारा था, उनके दो बेटों को गिरफ्तार किया था और सैन्य विरोधी प्रदर्शनों के संबंध में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। मीडिया को सुरक्षित जगह दिए साक्षात्कार में उन्होंने बताया है कि सेना हम पर पार्टी छोड़ने का दबाव बना रही है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले इसकी ताकतवर सेना अपने पुराने अंदाज में आते हुए पीटीआई का दरकिनार कर रही है।

### मनोबल तोड़ने में लगी सेना

पाकिस्तान के सरकारी अधिकारी किसी भी धांधली से इंकार कर रहे हैं। सैन्य कार्रवाइयों के बाद ये पाकिस्तान में होने जा रहे अब तक के सबसे खामोश चुनाव साबित हो रहे हैं। आमतौर पर लोगों से भरी रहने वाली सड़कें चुनावी मौसम में खाली हैं। विश्लेषकों का कहना है कि सेना को उम्मीद है कि पीटीआई समर्थकों का मनोबल तोड़ने से लोग वोट डालने नहीं आएंगे।

### चुनावी मैदान में उतरे हाफिज के रिश्तेदार



मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का नया चेहरा माना जाता है। पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। आतंकवाद रोधी अदालतों ने कई मामलों में हाफिज को 31 साल की सजा सुनाई है। लाहौर की जेल में बंद है।

### 3 हजार महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में



पाकिस्तान में 3 हजार से अधिक महिलायां प्रतिद्वंद्वी पुरुष प्रत्याशियों को ललकारती नजर आ रही है। तीन दिन बाद होने वाला संसदीय एवं प्रांतीय विधानसभा चुनाव उन उल्लेखनीय महिलाओं के लिए इतिहास में दर्ज हो जायेगा, जिन्होंने पाकिस्तानी समाज, राजनीति और संसद के पितृसत्तात्मक आधिपत्य के सामने सपने देखने की हिम्मत की और वहां तक पहुंचने का साहस किया। लोकसभा के 3 हजार से अधिक महिलाओं ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।